e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 106
गुरुवार
18.04.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12
मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

आपकी हार तब तक नहीं होती, जब तक आप स्वयं हार नहीं मान लेते।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**भागलपुर :** आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध शराब, मादक पदार्थ की छापेमारी, वाहन चेकिंग एवं सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में बीती रात लूट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया।भागलपुर पुलिस को सूचना मिली कि प्रशस्तडीह से घोघा जाने वाले रास्ते में कुछ व्यक्ति हथियार के बल पर राहगीरों को लूटने की योजना बना रहे है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा लूट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया।

### प्रधानमंत्री मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में झामुमो नेता पर प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में अभद्र टिप्पणी करने के मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य नजरूल इस्लाम के खिलाफ साहिबगंज टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। साहिबगंज नगर थाना में सदर बीडीओ सुबोध कुमार के बयान पर आचार संहिता उल्लंघन मामले और अमर्यादित भाषा का उपयोग करने के आरोप में प्राथमिकी (42/24) दर्ज की गयी है। ज्ञातव्य है कि 14 अप्रैल को साहिबगंज स्टेशन चौक पर झामुमो के धरना-प्रदर्शन के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए नजरूल इस्लाम ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि नरेन्द्र मोदी 400 सीट जीतेगा नहीं, 400 फीट अंदर गाड़ देंगे।

### अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, 10 लोगों की मौत

**अहमदाबाद :** गुजरात में अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर नडियाद के पास भीषण सड़क हादसा हुआ. इसमें 10 लोगों की मौत हो गई. वहीं, एक शख्स की हालत गंभीर है. हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रेलर के पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार उसमें जा घुसी. कार वडोदरा से अहमदाबाद जा रही थी. पुलिस ने बताया कि कार में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई. इसमें से 8 लोगों की हादसे के बाद मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो लोगों ने अस्पताल जाते वक्त दम तोड़ दिया. हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर 108 की दो एंबुलेंस पहुंच गई. साथ ही एक्सप्रेस हाईवे गश्ती दल भी राहत और बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंच गया था.

### अनियंत्रित होकर टेंपो पलटा, दो बच्चियों की मौत

**मेदिनीनगर :** सदर प्रखंड के पोखराहा में अनियंत्री होकर टेंपो पलटा जिसमे टेंपो पर सवार करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना की पुलिस को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के क्रम में दो बच्ची की मौत हो गई।

### गुलाम नबी आजाद नहीं लड़ेंगे चुनाव, अनंतनाग लोकसभा सीट से नाम वापस लिया

**नई दिल्ली :** गुलाम नबी आजाद ने ऐलान किया है कि वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे. इससे पहले उन्हें उनकी ही पार्टी डीपीएपी (डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी) ने अनंतनाग बारामूला सीट से उम्मीदवार बनाया था, जहां से अब उन्होंने नाम वापस ले लिया है.गुलाम नबी आजाद ने अनंतनाग में पार्टी बैठक में लोकसभा चुनाव न लड़ने की घोषणा की. अब इस सीट पर सीधा मुकाबला नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के बीच होगा. बीजेपी ने अभी तक यहां अपने पत्ते नहीं खोले हैं. गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू में कहा कि कश्मीर में बीजेपी कोई जल्दबाजी में नहीं है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $35^0$ |
| न्युनतम | $20^0$ |

## रामनवमी : अयोध्या में अनोखी छटा देख भाव विभोर हुए रामभक्त, राममय हुई रांची

# रामलला का हुआ सूर्य तिलक

**12 बजकर एक मिनट से 12 बजकर 6 मिनट तक सूर्य अभिषेक होता रहा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर बताया कि उन्हें नलबाड़ी की सभा के बाद अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है।**

एजेंसी

**अयोध्या :** रामलला का सूर्य अभिषेक रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजकर 01 मिनट पर हुआ। सूर्य की किरणें रामलला के चेहरे पर पड़ीं। करीब 75 मिमी का टीका राम के चेहरे पर बना। दोपहर में जैसे ही घड़ी में 12 बजकर 01 मिनट हुए सूर्य की किरणें सीधा राम के चेहरे पर पहुंच गईं। 12 बजकर एक मिनट से 12 बजकर 6 मिनट तक सूर्य अभिषेक होता रहा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर बताया कि उन्हें नलबाड़ी की सभा के बाद अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा।

### पांच मिनट तक बना रहा टीका

वैज्ञानिकों ने बीते 20 वर्षों में अयोध्या के आकाश में सूर्य की गति अध्ययन किया है। सटीक दिशा आदि का निर्धारण करके मंदिर के ऊपरी तल पर रिफ्लेक्टर और लेंस स्थापित किया है। सूर्य रश्मियों को घुमा फिराकर रामलला के ललाट तक पहुंचाया गया। सूर्य की किरणें ऊपरी तल के लेंस पर पड़ीं। उसके बाद तीन लेंस से होती हुई दूसरे तल के मिरर पर आईं। अंत में सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर 75 मिलीमीटर के टीके के रूप में दैदीप्तिमान होती रहीं और ये लगभग पांच मिनट तक टिकी रहीं।

### पीएम मोदी ने असम में हेलीकॉप्टर में बैठकर देखा रामलला का सूर्य तिलक



### तीन लेंसों से होकर गुजरीं किरणें

दूसरी बार परावर्तित होने के बाद सूर्य किरणें लंबवत दिशा में नीचे की ओर चलेंगी। किरणों के इस रास्ते में एक के बाद एक तीन लेंस पड़ेंगे, जिनसे इनकी तीव्रता और बढ़ जाएगी। लंबवत पाइप जाती है। लंबवत पाइप के दूसरे छोर पर एक और दर्पण लगा है। बढ़ी हुई तीव्रता के साथ किरणें इस दर्पण पर पड़ेंगी और पुनः 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी। 90 डिग्री पर मुड़ी ये किरणें सीधे राम लला के मस्तक पर पड़ेंगी। इस तरह से राम लला का सूर्य तिलक पूरा होगा।

### 12 बजे से हुआ जन्मोत्सव

दोपहर 12 बजे से राम का जन्मोत्सव मनाया गया। केदार, गजकेसरी, पारिजात, अमला, शुभ, वाशि, सरल, काहल और रवियोग बने। आचार्य राकेश तिवारी ने बताया कि वाल्मीकि रामायण में लिखा है कि रामजन्म के समय सूर्य और शुक्र अपनी उच्च राशि में थे। चंद्रमा खुद की राशि में मौजूद थे। इस साल भी ऐसा ही हो रहा है। आचार्य राकेश के अनुसार, ये शुभ योग अयोध्या सहित पूरे भारत की तरक्की के मार्ग प्रशस्त करेंगे।

**सूर्य तिलक के लिए आईआईटी रुड़की सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक खास ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम तैयार किया है।**

### यह तकनीक अपनाई गई

सूर्य तिलक के लिए आईआईटी रुड़की सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक खास ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम तैयार किया है। इसमें मंदिर के सबसे ऊपरी तल (तीसरे तल) पर लगे दर्पण पर ठीक दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें पड़ेंगी। दर्पण से 90 डिग्री पर परावर्तित होकर ये किरणे एक पीतल के पाइप में जाएंगी। पाइप के छोर पर एक दूसरा दर्पण लगा है। इस दर्पण से सूर्य किरणें एक बार फिर से परावर्तित होंगी और पीतल की पाइप के साथ 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी।



# सीएम ने रामभक्तों का बढ़ाया हौसला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रामनवमी को लेकर राजधानी रांची राममय हो गयी. ऐतिहासिक तपोवन मंदिर में सुबह 4 बजे से ही भक्तों की कतार लगी रही. हाथों में बजरंगी झंडा और सिर पर राम का नाम लिए भक्तों की भीड़ मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए घंटों लाइन में खड़ी दिखी. तपोवन मंदिर के बारे में मान्यता है कि रामनवमी के अवसर पर यहां ध्वज पूजन के बाद घर पर ध्वज फहराने से परिवार में सुख-समृद्धि के साथ-साथ सकारात्मक ऊर्जा भी आती है, यही कारण है कि यह लंबे समय से चली आ रही यह परंपरा आज भी जीवित है. इस मौके पर कई श्रद्धालु इस मंदिर में तलवार की पूजा करते नजर आए. इधर युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल) के अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह चंदेल के नेतृत्व में शहीद अल्बर्ट एक्का चौक स्थित भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया था। इस पंडाल से मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रामभक्तों का हौसला बढ़ाया और सभी रामभक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का एतिहासिक दिन है। आज बुराई को खत्म करने और अच्छाई को फ़ैलाने वाले भगवान श्री राम का जन्मदिन है। सौहार्दपूर्ण तरीके से रामनवमी मनाये। वहीं राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने भी रामभक्तों का हौसला बढ़ाया और कहा कि झारखंड में रामनवमी का इतिहास रहा है। सभी मिलजुल कर रामनवमी मनाते आये हैं इस परंपरा को बरकरार रखना होगा। इस मौके पर मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा चंदेल,सोमवेत माजी, विक्की कुमार,राजु काठपाल, बासु बेरा,रवि सिंह,विवेक कुमार, जिम्मी गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई कार्यकर्तागण शामिल थे।

# झारखंड के कई जिलों में हीट वेव का कहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** इन दिनों झारखंड राज्य तेज गर्मी की चपेट में है। राज्य का सबसे गर्म गोड्डा जिला है। यहां का अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया है। यहां सुबह नौ बजे से ही तापमान में बेतहाशा बढ़ोतरी हो जा रही है। यहां का पारा लगातार बढ़ता जा रहा है। सूर्य की किरणे झुलसा रही हैं। दोपहर में गर्म हवा का असर होने लगा है। चिलचिलाती धूप में लोग परेशान हैं। दोपहर के समय लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। हालांकि इस बीच राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में तपती धूप से तापमान में बढ़ोतरी होने साथ ही गरज के साथ बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 21 और 22 अप्रैल को आंशिक बादल छा सकते हैं। राज्य के मध्य और दक्षिणी क्षेत्र में गर्मी का कहर दूसरे हिस्सों के मुकाबले थोड़ा अधिक है। इस दौरान अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रह सकता है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में और तीन डिग्री की बढ़ोतरी देखी जा सकती है। साथ ही, कई जिलों में हीटवेव की आशंका है, जिसे लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है।

कोशिश करें कि भूलकर भी दोपहर 12 से 2 बजे के बीच बाहर न निकलें। सीधा धूप के संपर्क में आने से बचें। मौसम विभाग के अनुसार सरायकेला खरसावां, पश्चिमी व पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ दुमका, देवघर, धनबाद व चतरा आदि जिलों में लोगों को गर्मी से बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

# दो उग्रवादी गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** पीएलएफआइ दो उग्रवादियों को पुलिस ने दबोच लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में तपकारा थाना के हुसीर गांव निवासी हर्षित गुड़िया और तमाड़ थाना के माइयोडीह निवासी प्रकाश प्रमाणिक शामिले हैं। इनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, 10 जिंदा गोलियां, नक्सली संगठन पीएलएफआइ का पर्चा और नगद 27 हजार तीस रुपये, टीवीएस अपाची बाइक, तीन मोबाइल और दो पिट्ठू बैग बरामद किए हैं। गिरफ्तार दोनों उग्रवादी हर्षित गुड़िया संगठन का एरिया कमांडर है। दोनों उग्रवाद जोनल कमांडर टीरा बोदरा उर्फ लंबू उर्फ राडूंग बोदरा दस्ते के हैं। यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली कि पीएलएफआइ के जोनल कमांडर लबूं दसते के उग्रवादी लोकसभा चुनाव कें दौरान संगठन का दबदबा कायम करने और लेवी के पैसे वसूलने के लिए कोई बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना तैयार कर रहे हैं।सूचना कें सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए एसपी द्वारा गठित छापामार टीम ने मंगलवार को रनिया थानांतर्गत जलमांदी से गजना जाने वाली पक्की सड़क पर छापामारी कर लेवी वसूलने आए पीएलएफआई के दोनों उ्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया।

# थम गया पहले चरण का चुनाव प्रचार, वोट कल

**आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल मैदान में**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार आज यानी बुधवार शाम को समाप्त हो गया। आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल उन नेताओं में शामिल हैं जो 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के चुनाव में अपनी चुनावी किस्मत आजमाएंगे। 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 102 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। पहले चरण में ही महाराष्ट्र के नागपुर सीट पर भी मतदान होना है। केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर सीट से जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू अरुणाचल पश्चिम सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। 52 वर्षीय रिजिनू ने 2004 से तीन बार इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। रिजिजू के मुख्य प्रतिद्वंद्वी पूर्व मुख्यमंत्री और अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी हैं। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ से लोकसभा में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली का टिकट काटकर सोनोवाल को चुनाव डिब्रूगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा गया है। वे फिलहाल राज्यसभा सदस्य हैं।

# तृणमूल कांग्रेस ने नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द करने का किया वादा

**एजेंसी**

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें केंद्र की सत्ता में आने पर कई सामाजिक कल्याणकारी कदमों के साथ ही नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द करने का वादा किया गया है. राज्यसभा में तृणमूल के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने पार्टी मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करते हुए कहा,ये वे वादे हैं जिन्हें हम 'इंडिया' समूह के हिस्से के तौर पर पूरा करेंगे, जब गठबंधन की अगली सरकार बनेगी.स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार, भारत के किसानों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाएगी, जो सभी फसलों की उत्पादन लागत से न्यूनतम 50त्न अधिक होगी.टीएमसी की तरफ से पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित मित्रा ने कहा, %हम मूल्य स्थिरीकरण कोष की स्थापना के जरिए पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने का वादा करते हैं.टीएमसी ने नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द करने और देश में राष्ट्रीय नागरिक पंजी कवायद को रोकने का भी वादा किया है.




पार्टी ने गरीबी रेखा से नीचे परिवारों के लिए घर पर राशन और 10 मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का भी वादा किया है.तृणमूल ने सभी जॉब कार्ड धारकों को 100 दिनों की गारंटी वाले काम का भी वादा किया है, और देश भर में सभी पंजीकृत श्रमिकों को प्रति दिन 400 रुपये की मजदूरी की बात कही है.छात्रों को लेकर भी टीएमसी की तरफ से बड़ी घोषणा की गयी है. हाशिए पर रहने वाले - अन्य पिछड़ा वर्ग, और अनुसूचित जाति और जनजाति - समुदायों के लिए उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति की संख्या को तीन गुना करने का वादा पार्टी की तरफ से किया गया है.

### पुंछ से बरामद तीन आईईडी नष्ट की गईं

**पुंछ (एजेंसी):** पुंछ में एक आतंकी ठिकाने से सुरक्षाबलों को तीन रेडी-टू-यूज इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद की गई, जिनमें से प्रत्येक का वजन तीन से 20 किलोग्राम के बीच था। सीआरपीएफ और राष्ट्रीय राइफल्स के संयुक्त जवानों के तलाशी अभियान के दौरान पांच किलोग्राम, 10 किलोग्राम और 20 किलोग्राम की क्षमता वाले स्टील के कंटेनरों के अंदर रखी गई आईईडी बरामद हुई, जिसे एक गुफा के अंदर छिपाकर रखा गया था।



## सड़क दुघटना में एक की मौत

**विशुनपुरा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नगर उंटारी-विशुनपुरा मुख्य मार्ग पर पिपरी खुर्द शिव मंदिर के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो कर पोल से टकरा गई।जिससे उस पर सवार विशुनपुरा थाना क्षेत्र के देवनकारा ग्राम निवासी राम विनय यादव का पुत्र अनुज यादव गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पाकर विशुनपुरा पुलिस मौके पर पहुच कर घायल को अनुमंडलीय अस्पताल पहुचाया।जहा चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक नगर उंटारी से विशुनपुरा की तरफ जा रहा था।अचानक पिपरी खुर्द शिव मंदिर के पास अनियंत्रित हो कर पोल से टकरा गया।

## झामुमो के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने संयूक्त रूप से जनसम्पर्क अभियान चलाया

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड प्रदेश काँग्रेस वे कार्यकारी अध्यक्ष सह पुर्व मंत्री जलेश्वर महतो व गिरिडीह लोक सभा से झामुमो के प्रत्याशी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बुधवार को संयूक्त रूप से लोहापट्टी मोड़ मे जनसम्पर्क अभियान चलाया ढ्ढ इस दौरान आश्रम के श्रधालुओं से मिले और मन्दिर का दर्शन का आशिर्वाद प्राप्त किये । इस अवसर पर श्री महतो व्दुय ने लोगों से अपील करते हुए कहा की भ्रष्ट भाजपा सरकार से देश को मुक्ति दिलाने के लिए एकता होकर इण्डिया गठबन्धन के समर्थित उम्मीदवार को तीर धनुष छाप पर वोट देकर विजय बनावें । मौके पर पुर्व मुखिया छोटेलाल महतो, सुबोध महतो, गंगाधर महतो, अधिवक्ता सुखदेव महतो, डॉ0उमेश महतो, रामचन्द्र रवानी, दिपक महतो, एम राय, राथु महतो, नारायण महतो, सामसुदीन अन्सारी, अब्दुल हुसैन अन्सारी, मुमताज अन्सारी, अलाउद्दीन अन्सारी, आदि मौजुद थे ।

## ग्रामीण विस्थापित रैयत मोर्चा का प्रतिनिधीमण्डल मथुरा प्रसाद महतो मिल दिया समर्थन

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ग्रामीण विस्थापित रैयत मोर्चा दुगदा के दर्जनों की संख्या मे आदीवासी समुदाय का एक प्रतिनिधीमण्डल विधायक झारखण्ड सरकार सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह महागठबन्धन के प्रत्यासी मथुरा प्रसाद महतो से उनके आवास मे मिलकर रैयतों के समस्यों से सम्बन्धित स्मार पत्र समर्पित किया और कहा की इस लोक सभा चुनाव मे आपके जित तय करने के लिए रैयत मोर्चा तन-मन-धन से मदद करने का काम करेगी। श्री महतो ने तुरन्त प्रतिनिधीमण्डल के समस्यों को संज्ञान मे लेते हुए अधिकारीयों से वार्ता कर समाधान करने को कहा । मौके पर प्रतिनिधीमण्डल मे सीपीआई के नेता हैदर अन्सारी, श्यामलाल माँझी, बैजनाथ सोरेन, मनसा सोरेन, बानेश्वर सोरेन, बेताव सोरेन, विजय मुर्मु, शंकर सोरेन, अब्दुल अन्सारी, दिनेश ठाकुर, सुनिल बास्के, नरेश सोरेन, सुरेन्द्र हेम्ब्रम, अरूण देव बास्के, सन्तोष कर्मकार, कंचन गोप, आजाद गोप, कैलाश ठाकुर, कुलदीप महतो, राजु महतो, सत्येन्द्र महतो, सन्तोष महतो, राजेश महतो, रंजित महतो, अजय यादव, धमेन्द्र यादव, संदीप यादव, विकास यादव, लखेन्द्र मुण्डा, संजय रजवार, गौतम गोप, भोला महतो, विवेक महतो, मंजित महतो, चन्दन महतो, शशी यादव, बैद्यनाथ सोरेन, विजय यादव, किशोर गोप,महाबीर सोरेन, सोहराय सोरेन, संतोष महतो, सामील थे।

## तपस्वी राम पाठक के निधन से पार्टी को अपूर्णीय क्षति : निशीथ जायसवाल

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** किस्को प्रखंड के बगड़ू पंचायत के ग्राम पतरातु निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी स्वर्गीय तपस्वी राम पाठक का निधन आज दिनांक 17/4/24 को प्रातः हो गया वे 93 वर्ष के थे। इसकी सूचना पाकर जिलाध्यक्ष,जिला उपाध्यक्ष समेत पदाधिकारियों ने उनके पैतृक आवास पहुंच कर शोक व्यक्त किया और पार्थिव शरीर को पार्टी झंडे से सम्मान पूर्वक लपेट कर श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं शोक संतप्त परिवार से मिल कर उन्हें ढांढस बंधाया। जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा की स्वर्गीय तपस्वी राम पाठक एक जुझारू वरिष्ठ कांग्रेसी थे उन्होंने अपना जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित कर दिया वे मृदुभाषी और हसमुख व्यक्ति थे उनके योगदानों को नही भुलाया जा सकता। इस दुख की घड़ी में कांग्रेस परिवार शोकित परिवार के साथ है। विधायक प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष निशीथ जायसवाल ने कहा की स्वर्गीय तपस्वी राम पाठक के निधन से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है। वे पुराने बुद्धिजीवी व्यक्ति थे और पार्टी में तीन बार प्रखंड अध्यक्ष के पद पर रहे और प्रखंड बीससूत्री के अध्यक्ष पद पर भी रहकर लोगों की सेवा की और पार्टी का मान बढ़ाया इस संकट के घड़ी में हम सब उनके परिवार के साथ हैं एवं हर संभव सहयोग के लिए तैयार है। इस मौके पर सैफ अहमद,मुस्ताक अहमद, नजीर अहमद, सुंदर साहू, नौशाद अहमद,मीर सफीउल्लाह,नेहाल अहमद, महताब आलम, साजिद मीर, कलाम मिरदाहा आदि उपस्थित थे।

## आदर्श अचार संहिता के उल्लंघन में एक और नाम शामिल सांसद विष्णु दयाल राम पर धुरकी थाना में प्राथमिकी दर्ज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धुरकी :** पलामू लोकसभा सुरक्षित सीट पर अभी तक तीन नेताओ के ऊपर अचार संहिता उलघंन के लिए प्राथमिकी दर्ज किया जा चुका है।जिसमे बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद सह वर्तमान प्रत्याशी विष्णु दयाल राम का नाम भी शामिल हो गया है।बताते चले कि इससे पूर्व जेएमएम नेता ताहिर अंसारी तथा पूर्व विधायक सह जेएमएम नेता आनंद प्रताप देव् उर्फ छोटे राजा सहित अन्य पर प्राथमिकी दर्ज कराया जा चुका है। बताया जाता है कि गत 14 अप्रैल रविवार को धुरकी प्रखंड क्षेत्र के अंबाखोरया पंचायत सचिवालय मे विष्णुदयाल राम ने भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओ के साथ बिना लिखित अनुमति के राजनितीक गतिविधी से संबंधित बैठक कर पार्टी विशेष पर नारेबाजी की गई है।इसी को लेकर थाना मे बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने आवेदन देकर आदर्श अचार संहिता उल्लंघन करने के आरोप मे बुधवार को एफआईआर दर्ज कराया है। इस संबंध मे बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया की गत 14 अप्रैल रविवार को धुरकी प्रखंड क्षेत्र के अंबाखोरया पंचायत सचिवालय मे विष्णुदयाल राम ने भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओ के साथ बिना लिखित अनुमति के राजनीतिक गतिविधि से संबंधित बैठक कर पार्टी विशेष पर नारेबाजी की गई है। उन्होने बताया की यह राजनीतिक गतिविधि लोकसभा चुनाव मे लागू आदर्श अचार संहिता प्रोटोकोल का उल्लंघन है। इसके बाद बीडीओ ने धुरकी थाने मे लिखित आवेदन देकर भाजपा प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद विष्णुदयाल राम व अन्य पर आदर्श अचार संहिंता उल्लंघन करने के आरोप मे नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं इस संबंध मे थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया की बीडीओ के लिखित आवेदन के बाद धुरकी थाना प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## उपायुक्त व आरक्षी अधिक्षक ने हुसैनाबाद के जुलूस मार्गो का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद मुख्य बाज़ार में जुलूस मार्ग का निरीक्षण व फ्लैग मार्च करते पलामू उपायुक्त शशि रंजन, पलामू एसपी रिष्मा रमेशन, हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा, हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, छतरपुर एसडीओ, हुसैनाबाद थाना प्रभारी, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी, हुसैनाबाद बीडीओ समेत पुलिस बल के जवान मौजूद थे। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिया। वह हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के अन्य इलाकों में भी जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिया।

## टिकट बटवारे के नाम पर कांग्रेस ने मुस्लिम उम्मीदवारों को किया दरकिनार : मोहम्मद फारूक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** चतरा जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मोहम्मद फारूक ने लोकसभा चुनाव में मुस्लिमों को प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने पर रोष व्यक्त कर कहा है की राज्य बनने के बाद यहां के आदिवासी मूलवासी और विशेष कर मुसलमानों में एक उम्मीद की किरण जगी थी की लोकसभा और विधानसभा में मुस्लिम का प्रतिनिधित्व होगा। क्षेत्रीय पार्टियों ने तो मुसलमान को टिकट देकर अपना दामन साफ किया लेकिन देश की सबसे बड़ी पार्टी जो सेक्युलर का दावा करती है वो झारखण्ड लोकसभा में मुसलमानो का प्रतिनिधत्व को उचित नहीं समझा और मुसलमानो के बीच एक सन्देश दिया है की वह भी भाजपा की तरह तुष्टिकरण की राजनीति करती है। मोहम्मद फारूक ने कहा की कांग्रेस पार्टी ने मुसलमानों को सिर्फ और सिर्फ वोट बैंक समझा है । जब भी मुसलमानो की प्रतिनिधित्व एवं राजनीतिक भागीदारी की बात आती है तो कांग्रेस कन्नी काट लेती है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट ना देकर अपनी क़ब्र स्वयं खोदी ली है।

## नौड़ीहा बाजार में रामनवमी पर्व भव्य तरीका से मनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार(पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के विभिन्न गाँवो से राम भक्तों के द्वारा पूर्व की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाई गई। सभी पंचायत के राम भक्तो के द्वारा गाजे बाजे, नाचते -झूमते हुए जुलुस लेकर पुरानी थाना के पास शिव मंदिर के समीप जुलुस पहुंची। राम नवमी पूजा समिति नावाटांड के सभी राम नवमी पूजा समिति के अंग वस्त्र व भगवान राम की तस्वीरे और साथ मे तलवार देकर सम्मानित किया । इसके बाद विभिन्न गाँवों से पहुंची जुलुस ने शिव मंदिर परिसर



चल कर बाजार परिसर भ्रमण करते हुए पेट्रोल पम्प तक पहुँचा । वहा के बाद जुलुस अपने गांव के लिए निकल पड़ी। मौक़े पर जगह जगह पर भण्डारे का भी आयोजन किया गया था,ताकि राम भक्तों की किसी प्रकार की परेशानी न हो। राम नवमी के जुलुस मे शांति विधि व्यवस्था के लिए प्रशासन भी मुस्तैद रही । मौक़े पर प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपन, थाना प्रभारी अमिति कुमार द्विवेदी , दंडाधिकारी के रूप मे पप्पू कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ,सहायक अवर निरीक्षक प्रमोद कुमार राय- संजय कुमार सिंह के समिति के अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिनिधि अमरेश कुमार श्रीवास्तव, मुखिया प्रतिनिधि आलोक यादव, विशुनपुर पंचायत की मुखिया जितेंद्र कुमार भारती, मुखिया प्रतिनिधि विंदा साव, मंटू कुमार सिंह,समाज सेवी चिंटू सिंह,तिलक कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य शत्रुधन साव के अलावा सैकड़ों राम भक्तों ने शामिल थे।

## विहिप पारंपरिक शस्त्र पूजन आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विशुनपुरा :** रामनवमी पर्व को लेकर विहिप प्रखंड इकाई विशुनपुरा के तत्वधान में मुख्यालय के गांधी चौक के समीप पारंपरिक शस्त्र पूजन आयोजन किया गया.

शस्त्र पूजन में बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल थे. बुधवार की सुबह पंडित रविन्द्र मिश्रा व डब्लू पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ शस्त्र पूजन किया गया.इस दौरान श्रद्धालु भक्तों के द्वारा जय श्री राम, हर हर महादेव का उद्घोष किया गया. बजरंग अखाड़ा के अध्यक्ष राधेश्याम पांडेय के सौजन्य से प्रत्येक वर्ष भव्य शस्त्र पूजन किया जाता है. जो अद्भुत और अलौकिक होता है.प्रखंड मुख्यालय में श्रद्धालु भक्त कला, कौशल का प्रदर्शन करते हैं जो काफी आकर्षक होता है. वही विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि बिशुनपुरा की रामनवमी की यही खासियत है कि सभी रामभक्त भगवान राम के नाम पर दीवाना हो जाते है. और परंपरागत वेशभूषा में सड़कों पर निकल कर जुलूस में शामिल होते है.रामनवमी को लेकर पूरे प्रखंड क्षेत्र महावीर पताको पटा हुआ है. रामनवमी को लेकर प्रखंड मुख्यालय से लेकर सुदूरवर्ती गांव में जश्न का माहौल है.पूरे प्रखंड क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं. जगह-जगह तथा चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है.शस्त्र पूजन में बजरंग अखाड़ा के अध्यक्ष राधेश्याम पांडेय, विश्वहिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव, विशुनपुरा मुखिया प्रतिनिधि डां. प्रवीण कुमार यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, श्याम सुन्दर चंद्रवंशी, भोला नाथ साहू, अवध बिहारी गुप्ता, पिपरी मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान, कुंदन चौरसिया, दीपक जयसवाल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

## एके सिंह कॉलेज जपला में नई शिक्षा नीति 2020 पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू :** एके सिंह कॉलेज जपला में प्राचार्य सूर्य मणि सिंह की अध्यक्षता में %भारत सरकार की नई शिक्षा नीति 2020% विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुआ।

इस कार्यशाला में भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष - सह- एकेडमिक इंचार्ज डॉ0 राम सुभग सिंह ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के स्वरूप एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इसके अलावा, नामांकन प्रक्रिया को भी स्पष्ट किया। छात्रों ने अनेक जिज्ञासाएं प्रकट की,





जिसका डॉ0 सुभग ने संतोषजनक समाधान किया।

आइ0 क्यू0 ए0सी0 समन्वयक प्रो0 अरुण कुमार सिंह ने भी नई शिक्षा नीति पर अपने विचार रखे।

प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में छात्रों को कॉलेज में नियमित उपस्थित होकर क्लास करने और नई शिक्षा नीति की चुनौतियों के अनुरूप खुद को तैयार रहने के लिए कहा। इस कार्यशाला में प्रो0 राजेश कुमार सिंह, डॉ0 आलोक रंजन कुमार एवं डॉ आनंद कुमार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 राहुल कुमार सिंह ने किया।

## पूर्व मध्य रेल के ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड पर ‘कवच‘ प्रणाली की स्थापना हेतु चल रहा है कार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** ट्रेनों में कवच (टकराव-रोधी) प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए भारतीय रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए, माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोमवार (15 अप्रैल, 2024) को एक जनहित याचिका (पीआईएल) का निपटारा किया गया। यह जनहित याचिका पिछले साल बालासोर ट्रेन दुर्घटना के बाद रेलवे में टक्कर-रोधी उपायों में सुधार की मांग से संबंधित थी । विदित हो कि ‘कवच‘ एक टक्कर रोधी तकनीक (anti–collision technology) है। यह प्रौद्योगिकी रेलवे को शून्य दुर्घटनाओं के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी। यह प्रौद्योगिकी माइक्रो प्रोसेसर, ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम और रेडियो संचार के माध्यमों से जुड़ा रहता है । जैसे ही यह तकनीक एक निश्चित दूरी के भीतर उसी ट्रैक में दूसरी ट्रेन का पता लगाती है, तो ट्रेन के इंजन में लगे उपकरण के माध्यम से निरंतर सचेत करते हुए स्वचालित ब्रेक (Automatic brakes) लगाने में सक्षम है । कवच एक स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है जो आरडीएसओ द्वारा विकसित सुरक्षा अखंडता के उच्चतम स्तर स्ढ्ढस्४ (Safety Integrity Level-y ) प्रमाणित है। यह प्रणाली लोको पायलट को सिगनल के साथ-साथ अन्य पहलुओं की स्थिति, स्थायी गति प्रतिबंध (PSR) के बारे में संकेत देता है और ओवर स्पीड के बारे ड्राईवर को सचेत करता रहता है । यदि लोको पायलट प्रतिक्रिया नहीं देता है, तो प्रणाली पूर्व-निर्धारित समय के बाद ब्रेक लगाने की शुरुआत स्वतः करने लग जाता है। कवच प्रणाली मौजूदा सिग्नलिंग सिस्टम के साथ संपर्क बनाये रखता है तथा इसकी जानकारी परिचालन से जुड़े प्राधिकृत व्यक्तियों को निरंतर साझा करता रहता है। यह प्रणाली किसी भी आपात स्थिति में स्टेशन एवं लोको ड्राईवर को तत्काल कार्रवाई हेतु सचेत करने, साइड-टक्कर, आमाने-सामाने की टक्कर एवं पीछे से होने वाली टक्करों की रोकथाम करने में पूर्णतः सक्षम है । इसके साथ ही यह सिस्टम रोल बैक/फॉरवर्ड और रिवर्स मूवमेंट की स्थिति में लगातार सचेत करता है एवं समपार फाटकों की जानकारी स्वचलित सिटी के माध्यम से प्रदान करता है । पूर्व मध्य रेल यात्री संरक्षा एवं सुरक्षा के प्रति सदैव तत्पर रहती है । इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों के संरक्षित परिचालन हेतु ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड पर ‘‘कवच‘‘ प्रणाली की स्थापना कार्य तेजी से चल रहा है ।

## आसन्न लोकसभा चुनाव विकास बनाम विनाश पर होना लगभग तय : मथुरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी के दुबराजपुर स्थित शिबू सोरेन डिग्री कॉलेज परिसर में आज बुधवार को झामुमो के जिला संयुक्त सचिव फूलचंद किस्कू की अध्यक्षता में बूथ कमिटि का विस्तार करने आगामी 21/4/24 को रांची के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान रैली में टुंडी से अधिक से अधिक कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कई तरह के सुझाव दिए और वर्तमान केन्द्र सरकार की तानाशाही रवैया को लेकर सभी लोगों को सावधान रहने की बात कही। आगे श्री महतो ने कहा कि भाजपा के पास विकास के नाम पर नोटबंदी,जी एस टी, महंगाई, बेरोजगारी,जुमलेबाजी यही सब विषय को लेकर चुनाव में उतरी है। झारखंड सरकार को अस्थिर कर तानाशाही रवैया के रास्ते सत्ता हथियाना चाहती है जिससे झारखंड सरकार कभी सफल होने नहीं देगी ।

## जय श्री राम के नारों से गूंजा लोहरदगा, झांकी सहित निकाली गई रामनवमी की भव्य शोभायात्रा





चप्पे-चप्पे पर ड्रोन कैमरा से रखी जा रही थी निगरानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले भर में रामनवमी को लेकर केंद्रीय महावीर मंडल के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाला गया। जगह-जगह ढोल नगाड़े की आवाज से पूरा नगर भक्तिमय रहा। शहर की सभी छोटे बड़े हर संस्थाओं को पूरी तरह से बंद कर लोग सुबह से ही भक्तो की भीड़ मंदिरो में पूजा पाठ करने में लीन दिखे तथा रामनवमी शोभायात्रा में भारी संख्या में शामिल हुए। महिला पुरुष,युवक, युवतियां, बच्चे बूढ़े तथा हर लोगो के हाथ में या तो महावीरी झंडा या फिर पारंपरिक अस्त शस्त्र से थे।इस शोभायात्रा में शामिल जिले के अन्य दलों ने जगह जगह तरह तरह के कलाबाजियो से अपना प्रदर्शन दिखाते रहे। शहर भर में हर जगह लगे भगवा रंग के झंडे महावीरी झंडा के साथ आकर्षक झांकी जिसमे भगवान श्री राम भैया लक्ष्मण माता सीता और महाबली हनुमान की रूप लिए नन्हे बालक बालिकाओं ने सबका मन मोह लिया। भगवान श्री राम,हर हर महादेव,जय हनुमान तथा कई सनातनी नारों से पूरा शहर गूंज उठा। भक्तो ने तरह तरह के गानों पर जमकर झूमे वही रामनवमी जुलूस को लेकर पारंपरिक वेशभूषा एवं अस्त्र शस्त्र चलाने की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जुलूस का शुभारंभ थाना टोली,सुनहला संघ,हटिया गार्डन, तिवारी दुरा, राणा चौक, महावीर चौक, अप्पर बाजार,गुदरी बाजार,शास्त्री चौक,थाना टोली मेन रोड,बड़ा तालाब,अमला टोली,पावरगंज चौक,रेलवे साइडिंग,बाबा मठ होते हुए नदिया चौक मेला स्थल पर पहुंच जुलूस का समापन किया गया, जुलूस में शहरी क्षेत्रों के साथ साथ भारी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी शामिल हुए। इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का स्वागत जिले के अंजुमन इस्लामिया के अलावे विभिन्न सामाजिक संगठन के लोगों ने पुष्प वर्षा तथा पानी गुड़ चना इत्यादि का वितरण कर लोगों का ध्यान रखें। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी जुलूस को लेकर तरह तरह के बेहतरीन प्रबंध किए गए थे जगह जगह पर स्वास्थ्य चिकित्सक भी मौजूद थे। जिले के सभी प्रखंडों में से सभी प्रखंड में रामनवमी को लेकर मेले का आयोजन होता रहा है वही कुडु,किस्को,सेन्हा,भंडरा तथा सदर प्रखंड इत्यादि क्षेत्रों में नवमी को ही मेला लगाया जाता है। जबकि कैरो प्रखंड में दशमी को मेला का आयोजन किया जाता है। रामनवमी त्योहार को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा जिले को पूरे कई जॉन में बांटा गया था जिसके नेतृत्व के लिए हर जॉन में एक प्रभारी भी नियुक्त किया गया था। जिसकी देख रेख शांति व्यवस्था के साथ सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे थे। इसको लेकर पुलिस प्रशासन लगातार शांति समितियों की बैठक आयोजित कर लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहारों को मनाने की अपील करते रहे। जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के द्वारा पीटीजेड केमेरा और सर्विलांस गाड़ी लगातार क्षेत्र का निरीक्षण करती रही। विभिन्न जगहों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी के साथ-साथ शरारती तत्वों पर खास नजरे जमाए हुए थे। वही अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार,सदर थाना प्रभारी रतेश कुमार ठाकुर दल बल के साथ मौके पर तैनात होने साथ शहर के कई जगहों का निरीक्षण किया गया। केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष विपुल तमेडा ने गणमान्य लोगो से मिलकर कार्यक्रम का जायजा लिया तथा मिलजुलकर आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की इस दौरान उन्होंने क्षेत्र मे निकलने वाली शोभायात्रा की जानकारी ली ताकि उसी के मुताबिक योजना बनाकर जुलुस को समय के अनुसार सकुशल संपन्न कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा तथा जिला उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण के दिशा निर्देशानुसार थाना प्रभारी के नेतृत्व में शोभा यात्रा के दौरान ड्रोन कैमरा से निगरानी रखी जा रही थी। ताकि सांप्रदायिक और अराजक तत्वों के विरुद्ध चिन्हित कर कार्रवाई किया जा सके। वही प्रखंड परिसर मे प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा पुलिस पदाधिकारियों एवं रामनवमी ड्यूटी प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट के साथ अपने दल बल के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## धुर्वा में लगाया गया सबसे बडा महावीरी ध्वजा

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र के शिव मंदिर रामनवमी पूजा समिति टंकी साइड धुर्वा में लगभग 1501 मीटर का भव्य महावीरी ध्वज क्रेन की मदद से लगी गयी है। छोटे छोटे बच्चे के लिए मेला लगाया गया है। छोटे छोटे बच्चे के साथ आकर मेला का भी आनन्द ले। बताया जा रहा है कि अब तक सबसे ऊंचा और बड़ा झंडा है।

## प्रेम ने 1.25 करोड़ राम नाम अक्षय धनराशि जमा कराई

**रांची** : प्रभु श्री राम की भक्ति के सागर में गोते लगाते राम भक्त प्रेम कुमार सरावगी ने 1.25 करोड़ राम नाम अक्षय धनराशि को अंतरराष्ट्रीय श्री सीताराम बैंक में संग्रह किया है। श्री अयोध्यापुरी में स्वामी श्री नृत्यगोपाल दास जी महाराज द्वारा स्थापित अंतर्राष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक में श्री सरावगी के पासबुक संख्या 19797 में राम नाम अक्षय धनराशि को संग्रह किया है। श्री सीताराम नाम बैंक श्री मणि रामदास छावनी सेवा ट्रस्ट श्री अयोध्यापुरी में स्थित है। श्री सरावगी ने वर्ष 2008 से फरवरी 2024 तक कुल 12521861 राम नाम संस्था को समर्पित किया। अयोध्या दर्शन पूजन कर पासबुक जमा कराया। राजस्थली अपार्टमेंट कांके रोड रांची निवासी प्रेम कुमार सरावगी ने आज 51 ब्राह्मणों द्वारा हवन पूजन विधि संपन्न कराई। उन्होंने कहा कि राम का स्मरण एवं जाप करने से सभी संकट दूर होते हैं, एवं पुण्य फल प्राप्त होता है। उन्होंने हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में हनुमान जी खाटू नरेश एवं श्यामेश्वर जी का दर्शन किया।

# विभिन्न अखाड़ों की सुंदर झांकियों की प्रतियोगिता आयोजित की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची महानगर के द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर मेन रोड के समीप भव्य स्टेज बनाकर रांची के विभिन्न अखाड़े से आए मनमोहक झाकियों की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें श्री राम सिंगार समिति कात्सराय रोड को प्रथम पुरस्कार श्री महावीर श्रृंगार समिति कात्सराय रोड को द्वितीय पुरस्कार , श्री प्रगति मंडल लेक रोड हिंदपीढी को तृतीय पुरस्कार, श्री पंच मंदिर हरमू रोड को चतुर्थ पुरस्कार, श्री महावीर मंडल कांके को पंचम पुरस्कार, श्री नव कला मंदिर को शस्तम पुरस्कार से सम्मानित किया गया व। हीं ताशा पार्टी में श्री महावीर मंडल, श्री हनुमान मंदिर काली बाबू स्ट्रीट अप्पर बाजार को प्रथम पुरस्कार , नव कल महावीर मंडल डेली मार्केट को द्वितीय पुरस्कार, श्री महावीर मंडल कांके रोड



को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही महानवमी की भव्य शोभायात्रा चर्च रोड से निकलकर संकट मोचन हनुमान मंदिर अल्बर्ट एक्का चौक डेली मार्केट रोड सुजाता चौक ओवर ब्रिज होते हुए निवारनपुर मंदिर तक पहुंच कर 101 ध्वज अर्पित की गई शोभायात्रा में तामर से आए छऊ नृत्य , कोलकाता से आए गायक अनिल शर्मा की टीम के द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। जीवनत झांकी का भी प्रदर्शन कानपुर से आए कलाकार एवं उनके सहयोगियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया । रामगढ़ से आए लवली ताशा पार्टी के द्वारा भी आकर्षक बाजे की प्रस्तुति पूरे रास्ते की गई।

श्री महावीर मंडल रांची महानगर के अध्यक्ष के द्वारा रास्ते में मिलने वाले स्वागत शिविर के आयोजनकताओं का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया गया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से संरक्षक शेखर शरण , सूरजभान सिंह अमरिंदर सिंह पप्पू रांची महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, महामंत्री मुनचुन राय, संयोजक डॉ दिलीप सोनी,रमेश बाली, सहसंयोजक श्यामानंद पांडे, उपाध्यक्ष राजेश्वर राजन, शंभू प्रसाद, दिलीप स्वर्णकार , उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी रोहित शारदा, कोषाध्यक्ष नवजोत अलांग ,महेश सोनी, मीडिया प्रभारी बादल सिंह, अमरनाथ सरकार, रोहित पांडे, राहुल सिन्हा चंकी, रवि प्रकाश टुना ,सतीश सिन्हा रोहित अग्रवाल, कुणाल आनंद,अमन जयसवाल , मिश्रा,रवि सोनी,सुमित सिंह,अमित गुप्ता, विक्रांत विश्वकर्मा, अमन कुमार सिंह, अश्वनी कुमार डॉ प्रेम कुमार सोनी सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

# रामनवमी पर राममय हुई रांची, तपोवन मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, शोभायात्रा में दिखा उल्लास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** रामनवमी को लेकर राजधानी रांची बुधवार को पूरी तरह राममय हो गयी। शहर भगवा झंडे से सजा हुआ है। रांची के ऐतिहासिक तपोवन मंदिर में सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गई। हाथों में बजरंगी झंडा और सिर पर रामनामी लिये भक्तों की भीड़ मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए घंटों लाइन में खड़ी दिखी। इन सबके बीच श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। तपोवन मंदिर के बारे में मान्यता है कि रामनवमी के अवसर पर यहां ध्वज पूजन के बाद घर पर ध्वज फहराने से परिवार में सुख-समृद्धि के साथ-साथ सकारात्मक ऊर्जा भी आती है, यही कारण है कि यह लंबे समय से चली आ रही यह परंपरा आज भी जीवित है। इस मौके पर कई श्रद्धालु इस मंदिर में तलवार की पूजा भी करते हैं। इधर, श्री महावीर मंडल, डोरंडा केंद्रीय समिति, चुटिया राम मंदिर सहित दूसरी पूजा समितियों की भी शोभायात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गयी। श्री महावीर मंडल, डोरंडा केंद्रीय समिति की यह यात्रा मंडल के अध्यक्ष



संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई। शोभा यात्रा दिन के तीन बजे तीन जगह से प्रारंभ हुई। सबसे पहले यह घाघरा से प्रारंभ हुई जो गोसाई टोली, देवी मंडप होते हुए लोहरा कोच होते हुए शांति रानी स्कूल, विद्युत बोर्ड कॉलोनी, 56 साइड बीएमपी होते हुए तुलसी चौक पहुंची। दूसरी शोभा यात्रा मनी टोला, पत्थर रोड होते हुए जोधा मंदिर, काली मंदिर के पास भवानीपुर का मिलन हुआ। वहां से बीएनएस क्लब कन्या पाठशाला, रविदास मोहल्ला होते हुए आगे बढ़ी। इसके बाद बेलदार मोहल्ला का मिलन हुआ। तीसरी यात्रा एजी कॉलोनी से निकाली गई, जो जेएमजे, मुंशी मोहल्ला होते हुए एजी मोड़ से मिसकोट मैदान, झंडा चौक बाजार मोहल्ला को लेते हुए मस्जिद रोड से यूनिस चौक पहुंची, जहां पर बेलदार मोहल्ला को लेते हुए जैन मंदिर, तुलसी चौक की ओर गयी. फिर घाघरा शोभा यात्रा का मिलन हुआ। फिर तपोवन मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना के पश्चात सभी अखाड़े धारी अपने-अपने विभिन्न परंपरागत मार्गो से होते हुए वापस अपने अखाड़ा की ओर चले गए। शोभा यात्रा में बजरंगबली के जयकारों के साथ अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया गया।

## स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता को लेकर एलईडी (वर्चुअल रियलिटी) वैन हुई रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर रांची जिला में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज दिनांक 16 अप्रैल 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिनहा द्वारा समाहरणालय परिसर से एलईडी (वर्चुअल रियलिटी) वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान सहायक निर्वाची पदाधिकारी, रांची विधानसभा श्री उत्कर्ष कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय एवं अन्य उपस्थित थे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी सुनिश्चित कराई जा रही है। साथ ही मतदाताओं को जागरुक भी किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज डिजिटल वैन को रवाना किया गया है, जो गांव, कस्बों, टोलों में जाकर वर्चुअल तकनीक के जरिए लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करेगा।

**25 अप्रैल 2024 तक मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं नाम**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि रांची के सामान्य निवासी जिनकी उम्र 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष हो गई है, वो अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें फॉर्म-6 भरकर बीएलओ को देना होगा या वो वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी फॉर्म-6 भरकर आवेदन दे सकते हैं।

# श्री रामनवमी महोत्सव शान्तिपूर्व तरीके से हुआ सम्पन्न : राजीव रंजन मिश्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री महावीर मंडल राँची के नेतृत्व में विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो मुख्य मार्ग से होते हुए तपोवन मंदिर में भगवान श्री राम के चरणों मे श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।शोभायात्रा में मुख्यरूप से श्री चैती दुर्गापूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक एवं वरिष्ठ समाजसेवी अर्जुन राम उपस्थित थे ।श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने श्री रामनवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में निकली गई शोभायात्रा शान्तिपूर्व एवं सफल सम्पन्न कराने में सभी क्षेत्रों के



नेतृत्वकर्ता एवं अखाड़ाधारियों के प्रति आभार व्यक्त किया ।मिश्रा ने बताया कि लाखों की संख्या में शोभायात्रा में शामिल हुए महाबली हनुमान के भक्तों को श्री रामनवमी महोत्सव के प्रति आभार व्यक्त किया एवं स्वागत शिविर लगाने वाले सर्व धर्म के लोगो एवं सामाजिक संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया ।

## अंतु तिर्की को रिमांड पर लेगी ईडी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** प्रवर्तन निदेशालय ने जमीन घोटाला मामले में झामुमो नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और कपड़ा व्यवसायी इरशाद को पूछताछ के बाद देर रात इन चारों को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को इन चारों को पीएमएलए कोर्ट में प्रस्तुत करेगी। ईडी आगे की पूछताछ के लिए इन चारों को कोर्ट से रिमांड पर लेने के लिए आग्रह भी कर सकती है। ईडी की टीम मंगलवार की सुबह एक साथ अंतु तिर्की के बरियातू में झामुमो मुख्यालय के समीप स्थित आवास, मोरहाबादी में टैगोर हिल के समीप रहने वाले जमीन कारोबारी विपिन सिंह और कोकर में बैंक कालोनी के समीप रहने वाले प्रियरंजन सहाय और इरशाद के आवास पर पहुंची। इन चारों के यहां जमीन घोटाला मामले में ईडी ने छापेमारी की। ईडी पिछले आठ दिनों से बरियातू स्थित 8.86 एकड़ जमीन मामले में गिरफ्तार सद्दाम हुसैन से पूछताछ कर रही है। सद्दाम से मिले इनपुट के आधार पर ही इन चारों के यहां ईडी ने छापेमारी की और इनकी गिरफ्तारी हुई।

## रामभक्तों के लिए विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा लगाया गया सेवा शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रामनवमी के अवसर पर कृष्णा नगर कॉलोनी में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने रामभक्तों के लिए सेवा शिविर लगाया. रामनवमी के अवसर पर कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के बाहर आज 17 अप्रैल,बुधवार को गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा,बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति तथा गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब स्त्री सत्संग सभा द्वारा सेवा शिविर लगाया गया. गुरुद्वारा श्री




गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा श्री राधा कृष्ण मंदिर मंदिर के समीप छबील लगाकर शरबत की सेवा की गई.बहावलपुरी पंजाबी समाज द्वारा लगाए गए शिविर में चाय, बिस्किट एवं टॉफी का वितरण किया गया एवं गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब स्त्री सत्संग सभा द्वारा शिविर लगाकर भक्तों के बीच जलेबी का वितरण किया गया.तीनों संस्था का यह शिविर दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक चला. शिविर के संचालन में सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा,बसंत काठपाल, अनूप गिरधर,सुरेश मिढ़ा,,हरविंदर सिंह, हरीश तेहरी तथा बहावलपुरी पंजाबी समाज संस्था के संरक्षक डॉक्टर सतीश मिढ़ा,अध्यक्ष ललित किंगर,नरेश पपनेजा,वेद प्रकाश मिढ़ा,लक्ष्मण दास मिढ़ा, प्रमोद चूचरा,किशोरी पपनेजा,मुकेश बजाज, जितेंद्र मुंजाल,आशीष दुआ, कवलजीत मिढ़ा,रवि नागपाल, कमलेश मिढ़ा,ऋचा मिढ़ा एवं गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब स्त्री सत्संग सभा के प्रकाश गिरधर,गिरीश मिढ़ा,अमरजीत मुंजाल,सोनू खुराना समेत अन्य की सक्रिय भागीदारी रही.

## अंजुमन अस्पताल ने रामनवमी के अवसर पर स्वागत सह चिकित्सा शिविर लगाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मेन रोड अन्जुमन प्लाजा स्थित अन्जुमन अस्पताल प्रबंधन समिति के तरफ से स्वागत सह स्वास्थ्य शिविर लगाया गया रामनवमी के अवसर पर विभिन्न अखाड़े से आये रामभक्तों का शिविर में पेयजल एवं नींबू पानी की तथा किसी भी आपातकाल स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई थी,अन्जुमन इस्लामिया के अध्यक्ष एवं मो0असलम, अनवर आलम ने सभी अखाड़ेधारियों का स्वागत किया एवं शिविर में करतब दिखाने के दौरान घायल हुए लगभग 200 की संख्या में रामभक्तों का प्राथमिकी उपचार किया गया, शिविर में विशेष रूप से अन्जुमन इस्लामिया के अध्यक्ष मोख्तार अहमद, अन्जुमन अस्पताल प्रबंधन समिति के सचिव अनवर आलम, सह सचिव नदीम इकबाल, कार्यकारिणी सदस्य मो0 असलम, जफर खान, मो0 खालिक,शहजाद खान, (बबलू) अकबर कुरैशी,कलीम खान,शाहिद खान,(गुड्डू)आरजू आलम,हारून रसीद,सुफियान कुरैशी,रज्जाक अंसारी, मो0शाहिद गुड्डु,मो0इमरोज शामिल रहे,अन्जुमन इस्लामिया के अध्यक्ष मोख्तार अहमद ने कहा कि ईद सरहुल और रामनवमी की झाँकी शांतिपूर्ण एवं आपसी भाईचारा सदभावना से मनाया गया वह अभूतपूर्व है राँची वासियों ने अपने गौरवपूर्ण इतिहास को फिर से दोहराया है,कई वर्षों के उपरांत यह तीनों त्योहार एक ही माह में आया है जिसे सभी धर्म के लोगो ने आपसी भाईचारा से मनाया और जो यह दर्शाता है कि रांची के लोग अमनपसंद है सभी त्यौहार को शांति से सम्पन्न करवाने में राँचीवासी सहित विभिन्न धार्मिक-सामाजिक संस्था के कार्यकर्ताओं सहित जिला प्रशासन का बहुत बड़ा योगदान रहा इसके लिए मैं सभी को धन्यवाद देता हूँ मो0असलम ने कहा कि रामनवमी का पर्व सिर्फ एक त्यौहार नही है बल्कि यह एक प्रेरणा का स्रोत है जिससे अच्छे और बुरे कर्मो का पता चलता है,सच्चाई की बुराई पर जीत हम सभी को एक और नेक रहने के लिए प्रेरित करता है इसीलिए राम जी को पुरुषउत्तम कहा जाता है।

# मुख्यमंत्री ने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की



**प्रभात मँत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लोगों से अपील की है कि रांची के हिंदपीढ़ी, लेक रोड और मेन रोड के कुछ घरों की छतों पर पिछले दिनों ईंट और पत्थर देखे जाने सम्बन्धी सोशल मीडिया में चल रही अफवाहों पर ध्यान दें। एक्स पर एक पोस्ट जारी कर मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत पर ईंट-पत्थर मिलने को लेकर अफवाह न फैलायें, जिन घरों की छत पर ये सामग्री मिली है, उनके मालिक अलग-अलग समुदायों से आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे लेकर कुछ मीडिया संस्थान भ्रामक खबर चला रहे हैं, जिसे रोका जाना चाहिए। उन्होंने झारखंड पुलिस को ऐसी अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ न्यायोचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंगलवार से कुछ सोशल मीडिया हैंडल द्वारा रांची की हिंदपीढ़ी में कुछ घरों की छत पर ईंट, पत्थर आदि होने को लेकर भ्रामक खबरें चलाई जा रही हैं। रांची पुलिस ने स्पष्ट किया है कि रूटीन चेकिंग के दौरान 10-11 घरों की छतों पर निर्माण सामग्री मिली थी, जिसे हटवा दिया गया है। इनमें से कुछ घर हाल में बने हैं जबकि कुछ अभी निर्माणाधीन हैं। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन घरों के मालिक विभिन्न समुदायों से आते हैं। ऐसी अफवाहों पर ध्यान ना दें। उल्लेखनीय है कि 15 अप्रैल को जिला प्रशासन ने रामनवमी के जुलूस वाले मार्ग की सभी मकानों की छतों की ड्रोन से जांच की थी।

## डीसी और एसएसपी ने शहर का लिया जायजा

**रांची** : रामनवमी के मद्देनजर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था का लेकर मंगलवार की देर रात शहर का जायजा लिया।

अधिकारियों ने तपोवन मंदिर के साथ- साथ शहर के विभिन्न इलाकों का जायजा लेते हुए संबंधित पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार भी उपस्थित थे।

# राजा राम और राज्य के दाता राम में अंतर है हम अनुभव के आधार पर कह सकते है : ब्रह्माकुमारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के केन्द्र संचालिका ब्रह्मकुमारी निर्मला बहन ने रामनवमी÷ के शुभ आवसर पर अपने वक्तव्य में कहा कि राजा राम और राज्य के दाता राम में अंतर है हम अनुभव के आधार पर कह सकते है कि वास्तव में राम दो हैं। एक हैं त्रेतायुग के चौदह कला

वाला सम्पूर्ण राजा राम और दूसरे हैं राज्य भाग्य के दाता राम जिनकी कलाओं का प्रश्न ही नहीं उठता और वे सदा निर्लिप्त हैं। इसलिए उन्हें रामेश्वरम कहा गया है ।

दक्षिण भारत में रामेश्वरम नाम से उनकी याद में मंदिर भी है। उन्हें ही शिव भी कहा जाता है। वह अशरीरी अथवा अकाय है जबकि त्रेतायुग वाले दशरथ पुत्र राम अशरीरी नहीं बल्कि शरीरधारी हैं। रामनवमी का त्योहार त्रेतायूग के राजा राम के शारीरिक जन्म की याद में मनाया जाता है जबकि शिवरात्रि का त्योहार रामेश्वरम शिव के दिव्य अवतरण की याद में मनाया जाता है। त्रेतायुग के राम पावन हैं परंतु रामेश्वर आर्थात् अशरीरी शिव पतित पावन हैं। पावन राजाराम के रामराज्य का बहुत गायन है क्योंकि उस समय अपार सुख शांति धन संपति से परिपूर्ण समय था और ये प्राप्ति राजाराम ने परमात्मा राम से प्राप्त की थी।

वास्तव में यह कलयुगी दुखी संसार ही कांटों का वन है और यह शरीर ही पंचवटी है। इसमें ÷आत्मा रूपी सीता रहती है। मन में लक्ष्य को धारण करने की जो आज्ञा है वही अब लक्ष्मण की खींची हुई लकीर है जिसका उलंधन करना आत्मा रूपी सीता के लिए मना है।

**माया रूपी रावण**

और किसी तरह न फुसला सकने पर भिखारी के वेश में भी आता है और सीता रूपी आत्मा उसे न पहचान कर रावण द्वारा बन्दी बना ली जाती है। इस प्रकार सर्व आत्माओं के धर्म की हानि होने पर अशरीरी राम रामेश्वर अर्थात् परमात्मा शिव मनुष्य शरीर धारण करके उसमें प्रविष्ट हो के सीताओं को रावण माया से मूक्त करने का दिव्य कर्तब्य करते हैं।

# कांटा टोली श्री रामनवमी जुलूस में दिखी एकता और भाईचारा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांटा टोली क्षेत्र से पूरे सौहार्दपूर्ण , भाईचारगी के साथ श्री रामनवमी जुलूस धूमधाम के साथ तीन बजे के बाद निकाली गयी। जिसमें लोवाडीह, भुंइया टोली, नामकुम क्षेत्र से भी रामनवमी जुलूस यात्रा निकाली गयी जो कांटा टोली होते हुए शहीद अल्बर्ट एक्का चौक के लिए रवाना हुआ। वहीं कांटा टोली रविदास मुहल्ला से भी धूमधाम के साथ श्री महावीर मंडल अंतर्गत कांटा टोली रविदास मोहल्ला श्री रामनवमी जुलूस धूमधाम के साथ निकली गयी । यहां सौहार्द ,एकता , भाईचारा और सद्भावना देखी गई । यह जुलूस अनुज रवि की अध्यक्षता में निकाली गई थी। जिसमें संत रविदास कल्याण समिति,बाबा भीमराव अम्बेडकर युथ कल्ब और रविदास मुहल्ला के युवा, बुजुर्ग, युवतियां, महिलाएं सभी शामिल हुए। श्री रामनवमी जुलूस निकालने के पूर्व श्री रामनवमी पूजा समिति रविदास मुहल्ला कांटा टोली के पदाधिकारियों के द्वारा समिति के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को पगड़ी बांधा और महिलाओं को चुनरी ओढ़ा कर स्वागत किया। साथ ही पुरानी परंपराओं को दोहराते हुए



रविदास मुहल्ला से सटे कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला के जमीयतुल कुरैश पंचायत के पदाधिकारियों और सदस्यों को भी पगड़ी बांध कर सभी को सम्मानित किया गया। इस के बाद ढ़ोल बाजे और जय श्री राम की उद्घोष के साथ जुलूस बस्ती से निकाला गया।

**किसने क्या कहा :** रविदास मुहल्ला के वरिष्ठ समाजसेवी घनश्याम दास ने कहा कि रविदास मुहल्ला और बगल का कुरैशी मुहल्ला का पुराना रिश्ता है, पचास सालों से भी पहले से रामनवमी और मुहर्रम में हमलोग एक दुसरे का स्वागत करते चले आये हैं। जमीयतुल कुरैश पंचायत के सभी लोग हमारे पर्व में शामिल होते आये हैं। वहीं झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कहा कि रविदास मुहल्ला और हमारा कुरैशी मुहल्ला दोनों सटा हुआ है दो सौ साल पहले से हमारे पूर्वजों ने एक दूसरे के साथ न सिर्फ पर्व, त्यौहारों बल्कि हर दुख- सुख में एक दूसरे की मदद करते चले आ रहे हैं, इसी पुरानी परंपरा को हमारी आने वाली पीढ़ी भी बरकरार रखेंगे। इस जुलूस में मुख्य रूप से संत रविदास कल्याण समिति के चौधरी टिंकु राम, रविदास मुहल्ला कांटाटोली श्री रामनवमी जुलूस के अध्यक्ष अनुज रवि, वरीष्ठ समाजसेवी घनश्याम दास,मोहन राम,अमित रवि एवं झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद, अकबर कुरैशी,फिरोज खान, राउफ अंसारी, नौशाद खान,जमीयतुल कुरैश पंचायत के महासचिव परवेज़ कुरैशी, उपाध्यक्ष अफरोज लड्डन, मुस्तफा कुरैशी, बारिक, बब्लू, संतोष राम, सुहेल राम, गोपाल राम, राबिन दास, तनु, प्रमोद, सन्नी, राम कुमार, राहुल, दीपू, रंजीत सहित कई महिलाएं भी शामिल थी।

## विश्व हीमोफीलिया दिवस पर नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : विश्व हेमोफीलिया दिवस, 17 अप्रैल, 2024 के मौके पर, इंटास फाउंडेशन के अपना घर रांची ने श्रेष्ठ नेत्रालय के साथ सहयोग करके महत्वपूर्ण नेत्र शिविर का आयोजन किया। इसमें आधुनिक उपकरणों का प्रयोग किया गया और व्यापक नेत्र परीक्षण किये गए। नाजुक दृष्टि वाले व्यक्तियों को मुफ्त चश्मे प्रदान किए गए। इस शिविर में कुल 30 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिन्हें अपने नेत्र परीक्षण



और चश्मे प्राप्त करके अत्यंत खुशी हुई। इस शिविर के दौरान डॉ. आशुतोष, डॉ. श्यामल, और सभी कर्मचारी ने मूल्यवान सहायता प्रदान की। इस शिविर में इंटास फाउंडेशन के अपना घर से निरु दास ने विशेष योगदान दिया। इंटास फाउंडेशन रोगियों को निःशुल्क खाद्य, आवास, और गाड़ी प्रदान करता है।

# रनिया प्रखंड मुख्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर खूंटी उपायुक्त ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में रनिया प्रखंड मुख्यालय में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।




बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक खूंटी उप विकास आयुक्त खूंटी अनुमंडल पदाधिकारी जिला परिवहन पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत डांग सेक्टर पदाधिकारी सेक्टर पुलिस पदाधिकारी थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल रनिया प्रखंड के अधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा चुनाव से संबंधित सभी बिंदुओं पर समीक्षा की गई सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे संयुक्त रूप से लगातार अपने-अपने सेक्टर अंतर्गत बूथों पर जाएं वहां के लोगों से मिले एवं चुनाव के प्रति सभी को जागरुक कर एवं ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करें साथ ही वे किसी के दबाव में आए बिना और किसी प्रलोभन के आए बिना निर्भीक होकर मतदान करें मतदान केंद्र में सभी मतदान केन्द्रों के न्यूनतम सुविधाओं की समीक्षा की गई सभी क्लस्टर में उपलब्ध सुविधाएं पोलिंग अफसर के ठहरने की व्यवस्था पुलिस बल के ठहरने की व्यवस्था महिला कर्मी के ठहरने की व्यवस्था स्ट्रांग रूम की व्यवस्था एवं मतदान कर्मी एवं पुलिस बल के आवागमन हेतु वाहनों पर गहन समीक्षा की गई और महिला मतदान कर्मी की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई एवं किन्ही मतदान कर्मी को कोई अनुपस्थित ना हो इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई क्लस्टर एवं मतदान केन्द्रों स्वच्छ शौचालय एवं पेयजल पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया स्ट्रांग रूम प्रभारी एवं क्लस्टर प्रभारी के कार्यों की समीक्षा की गई एवं सभी आवश्यक निर्देश दिए गए वही लोकसभा निर्वाचन आम महोत्सव के उपलक्ष में कैंडल जलाकर लोकसभा निर्वाचन 13 मई 2024 एक कदम बढ़ाएंगे वोट देकर आएंगे को लेकर लोगों को प्रेरित किया गया।

# बिलारी में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार थाना क्षेत्र के बिलारी गांव में रामनवमी महासमिति के द्वारा धूमधाम के साथ जुलूस निकाला गया।इस दौरान पूरे गांव का भ्रमण कर जुलूस में शामिल लोगों ने जमकर जयकारा लगाया।रामनवमी महासमिति के द्वारा बिलारी में रामनवमी मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें अगल बगल के कई गांव के टीम शामिल हुए।इस दौरान एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज खेल का करतब दिखाया गया।इस प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बिलारी मे पिछले कई वर्षों से रामनवमी पूजा धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।जिसमें सभी समुदाय के लोग शामिल होकर आपसी एकता को बढ़ाने का काम करते हैं।इस बार रामनवमी पूजा मे राम भक्तों में उत्साह देखा जा रहा है।इस मौके पर विमल महतो, बसंत नारायण महतो,नागेश्वर महतो, कामेश्वर राम,जितेंद्र कुमार,मुंशी राम,अमर कुमार महतो,पंकज कुमार दास, विजय महतो,लखन महतो, रूपलाल महतो,वीरेंद्र महतो, बासुदेव महतो,अमर महतो, श्रवण महतो,जितेन्द्र राम, महावीर मुण्डा,धनेश्वर महतो, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



## 22 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के साथ अपने को सेकुलर कहने वाले इंडिया गठबंधन ने किया छलावा : सहीम खान

**मधुपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव 2024 पूरे देश में होने जा रहा है इस चुनाव में झारखंड प्रदेश में अल्पसंख्यकों के बल पर चल रही इंडिया गठबंधन सरकार ने जिस तरह से लोकसभा चुनाव में 22% अल्पसंख्यकों के साथ ना इंसाफी किया है यह कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह बातें मधुपुर के जाने-माने समाजसेवी कद्दावर नेता मधुपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी श्री सहीम खान ने मधुपुर आदित्य इन होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पत्रकारों से कहा। श्री खान ने कहा झारखंड के गोड्डा लोकसभा सीट पर अल्पसंख्यक आस लगाए अपनी टकटकी निगाहों से देख रही थी की गोड्डा लोकसभा सीट से किसी अल्पसंख्यक को इंडिया गठबंधन के द्वारा प्रत्याशी बनाया जाएगा मगर अल्पसंख्यक के सारे आस पर अपने को सेकुलर कहे जाने वाले झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी ने पानी फेर दिया। उन्होंने कहा दो प्रतिशत लोग अब झारखंड में 98% आबादी पर राज करेगी जो कभी अल्पसंख्यक, दलित और पिछड़े आदिवासी को कुछ नहीं समझता ऐसे में अब 98% लोग किस आधार पर ऐसे प्रत्याशी को अपना वोट देंगे की। श्री खान ने कहा आने वाले विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को इसका खमीजा भोकटना होगा। उन्होंने कहा अगर मुस्लिम यहां इंडिया गठबंधन को कमजोर लग रहा था तो किसी अच्छे दलित पिछड़ा को गोड्डा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाना चाहिए 2त्न ब्राह्मण को किस आधार पर इंडिया गठबंधन ने प्रत्याशी बनाया इस पर पूर्ण विचार करें और प्रत्याशी बदलकर किसी दलित, मुस्लिम , पिछड़ा को उम्मीदवार बनाया जाए यही हमारा इंडिया गठबंधन की हाई कमान से मांग है।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में प्राइमरी विंग छात्र सदन का हुआ गठन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने सत्र 2024-25 के लिए प्राइमरी विंग की नई छात्र परिषद की घोषणा की। बच्चों को लोकतंत्र की ताकत समझाने, एकता और अनुशासन बनाए रखने के लिए विद्यार्थी परिषद का चयन किया गया। इस परिषद का चयन साक्षात्कार के पश्चात किया गया। इन्हें शपथ हेड ब्वॉय व हेड गर्ल सहित अन्य पदाधिकारियों ने दिलाई। नए काउंसिल सदस्यों ने स्कूल की विरासत को लगन से आगे बढ़ाने और स्कूल का झंडा ऊंचा रखने का संकल्प लिया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने विद्यार्थी परिषद को बधाई दी। उन्होंने विद्यालय के विकास में उनकी भूमिका को बताया तथा सौंपे गए कार्यों के प्रति सच्चे और ईमानदार रहने के लिए प्रेरित किया।

# पिपरवार कोयलॉचंल क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाई गई रामनवमी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलॉचंल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको में बुधवार को रामनवमी पूजा धुमधाम के साथ मनाया गया।क्षेत्र के सभी मन्दिरो में श्रद्धालु भक्तो ने पूजा अर्चना की।लोगो ने अपने अपने घरो में ध्वजारोहण कर पूजा अर्चना किया।पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ स्थित श्री राम-जानकी मन्दिर, बीओसी हनुमान मन्दिर, किचटो,बिलारी,बेतीं,बिजैन सहित अन्य सभी मन्दिरो में श्रध्दालु भक्तो ने श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना की।वही दोपहर मे पुरे गाजे बाजे के साथ राम भक्तो द्वारा जुलूश निकाला गया।बचरा रामनवमी पूजा समिति द्वारा जुलुश निकाला गया।बचरा बाजारटांड़ से निकाले गये जुलूश



बिशुझापा,माईर्न्स कालोनी,172 कालोनी,122 कालोनी,64 कालोनी,बचरा चार नम्बर चौक,बंसत विहार सहित आवासीय कालोनी का भ्रमण किया।जुलूश मे शामिल राम भक्तो ने जय श्री राम के नारे लगाया।बचरा मे बैंड बाजे के साथ निकाले गये जुलूश का कई जगहो पर स्वागत किया गया।इस दौरान विभिन्न संगठनो द्वारा चना, गुड़,शरबत से राम भक्तो का स्वागत किया गया।इसके अलावे पिपरवार क्षेत्र के बेंती, बिलारी, राय, कल्याणपुर सहित अन्य इलाको मे भी पुरे उत्साह के साथ रामनवमी का जुलुश निकाला गया।

**रामनवमी को लेकर सुरक्षा का रहा पुख्ता इंतजाम :** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में रामनवमी जुलूस को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम देखा गया।सुरक्षा को लेकर पिपरवार पुलिस पूरी तरह से सतर्क दिखी।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे।

सभी जगह से निकाले गए जुलूस के साथ पुलिस बल के जवानों को भी तैनात किया गया था।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि बचरा के लोगों ने हर साल की तरह इस साल भी आपसी सौहार्द कायम करने की मिसाल पेश की है।उन्होंने कहा कि पिपरवार थाना क्षेत्र में आपसी सौहार्द के साथ रामनवमी पूजा मनाने मे सभी लोगो की भुमिका सराहनीय रहा।

# गायत्री शक्तिपीठ बचरा में हवन यज्ञ के साथ संपन्न हुआ चैत्र नवरात्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित गायत्री शक्तिपीठ कार्यालय में बुधवार को हवन यज्ञ के साथ चैत्र नवरात्र का समापन किया गया।इस मौके पर आयोजित हवन कार्यक्रम में काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए।जानकारी के अनुसार वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ का आयोजन किया गया,जिसमें गायत्री परिवार से जुड़े सैकड़ो श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। इस संबंध में गायत्री परिवार के गांधीराम साहू ने बताया कि चैत्र



नवरात्र पर प्रत्येक वर्ष गायत्री परिवार के द्वारा गायत्री शक्तिपीठ कार्यालय बचरा में हवन यज्ञ का आयोजन किया जाता है।इस दौरान क्षेत्र,राज्य और देश की सुख शांति और खुशहाली की प्रार्थना की गई।कार्यक्रम के अंत में खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया,जिसमें सभी महिला पुरुष और बच्चे शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर गाँधी राम साहू,श्रीराम गिरी,रघुबीर प्रसाद,किशुन केवट,मनोज सिन्ह,राजेश कुमार,किशोर कुमार,पुरुषोत्तम गिरी, अशोक कुमार,उषा रानी, शांति देवी,नीलम देवी,रेणु देवी,गायंती देवी,मुखिया रीना देवी,रविन्द्र सिंह,मन्टु यादव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पीएलएफआई का एरिया कमांडर व सहयोगी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीएलएफआई आगामी लोकसभा में क्षेत्र में डर व भय पैदा करने के उद्देश्य से ठेकेदारों से पैसा वसूली करने आया था। जब इसकी सूचना रनिया पुलिस को मिली एक टीम गठन कर एरिया कमांडर हर्षित गुड़िया व प्रकाश प्रमाणिक को गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से एक देसी कट्टा गोली नगद पैसा बाइक और मोबाइल फोन बरामद किया गया।

## 103 बोतल विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार



**साहिबगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को जिले के मिर्जाचौकी पुलिस ने 56 लीटर विदेशी शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया है।मामले में थाना प्रभारी ने सूचना देते हुये बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि तस्करी हेतु मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के बड़तल्ला में एक शटर लगे दुकान में भारी मात्रा में विदेशी शराब है,जिसे तस्करी कर बिहार ले जाया जाने वाला है।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने एक पुलिस दल का गठन कर उक्त स्थान पर छापेमारी कर बड़तल्ला निवासी गोपाल मंडल पिता शुकदेव मंडल 50 वर्षीय को रंगे हाथ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।वही मामले में पुलिस ने बताया कि आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही हैं।

## रामनवमी पर्व पर महावीर झंडा लहराया



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी क्षेत्र में रामनवमी पर्व को लेकर सभी जगह महावीर झंडा लहराया गया।

हर तरफ जय श्री राम के नाम से क्षेत्र गुंजामय हो गया। सभी भक्त जनों सुबह से ही बंजरग वली के मंदिरों में पुजा अर्चना कर महावीर झंडा लहराया।शाम के समय रामनवमी का जुलूस लाठी खेल के साथ निकाला गया।

अपने अपने क्षेत्र के अखाड़े में लाठी खेल का प्रदर्शन किया।इस खेल में महिलाएं भी शामिल हुई। छोटा मुरी पोस्ट ऑफिस के एवं बड़ा मुरी के खिलाड़ी टुंगरी पहाड़ में चैती दुर्गा मंदिर के समीप झंडे के साथ एक से बढ़कर एक खेल का प्रदर्शन किया। इधर चैती दुर्गा पुजा को लेकर सभी लोग मां का नवां रुप को दर्शन के लिए टुंगरी पहाड़ पर चढ़े और दर्शन कर माथा टेका।

पहाड़ पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और मां का दर्शन किए,वहीं रामनवमी महापर्व पर जल सेवा का आयोजन रामनवमी महापर्व के शुभ अवसर पर मेन रोड सिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय जी एवं समाजसेवी दिनेश प्रसाद साहु जी के सौजन्य से गुड़ चना एवं जल सेवा का आयोजन किया गया । इस मौके पर समाजसेवी नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, नागेश्वर महतो, कार्तिक चन्द्र महतो, निशाकर महतो, गुहीराम महतो, प्रकाश मुंडा, लालू कोईरी, देवाशिष दत्ता, रबिंद्र प्रमाणिक, सादानंद सोनार, धनंजय मुंडा, शिव चरण मिस्त्री, कालीपद साहु,मनिराम दास, बिंदेश्वर महतो, पिनाकी बनर्जी, इत्यादि समाजसेवी उपस्थित थे।

# कोडरमा में रामनवमी पर चहुंओर सुनाई दी जय श्रीराम की गूंज, सड़को पर उमड़ा रामभक्तों का सैलाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** भगवान राम की भक्ति, जय श्रीराम के नारे और शौर्य का प्रदर्शन, कुछ ऐसा ही विहंगम दृश्य बुधवार को कोडरमा जिले की सड़को पर दिखा. मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का महापर्व रामनवमी की शान से पूरा जिला जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा. रामनवमी के भजनों से एक एक गली और चौक चौराहे गूंज रहा था. डंके की आवाज राम भक्तो का जोश बढ़ा रहा था. तो दूसरी तरफ बड़े बड़े महावीरी ध्वज थामे भक्तों की भीड़ जय श्री राम के जयकारे के साथ शौर्य का प्रदर्शन कर रहे थे. हर ओर महावीरी ध्वज ही लहरा रहे थे. रामभक्तो का यह जोश और उत्साह सालों बाद सड़कों पर फिर देखने को मिला. पारंपरिक अस्त्र शस्त्र के प्रदर्शन के साथ लाठियो का अद्भुत खेल दिखाते युवा खिलाड़ियों के जुनून को हिंदू संगठन के कार्यकर्ता उत्साह बढ़ा रहे थे. सुबह से ही हे बजरंगबली, दुखियों का दुखड़ा दूर करो,



संकट मोचन कहलाओ तुम, है मर्यादा पुरुषोत्तम बोलो तुमने मर्यादा क्यों तोड़ दी, श्रीराम जानकी बैठे..

जैसे भजन और डंके की आवाज ने राम भक्तो की नींद तोड़ा. दिन में लाठियो के साथ पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों के साथ खिलाड़ी अपना शक्ति प्रदर्शन दिखाने सड़क पर निकले. हर एक राम भक्त भगवान राम की भक्ति में डूबा दिखा. कोडरमा, झुमरीतिलैया, सतगावां, मरकच्चो, चंदवारा, जयनगर और डोमचांच समेत अन्य जगहों पर शौर्य पराक्रम का प्रदर्शन भी हुआ. इस दौरान सुरक्षा को लेकर कोडरमा में एसडीपीओ जीतवाहन उरवा, पेट्रोलिंग करते दिखे. थाना प्रभारी सुजित कुमार भारी संख्या में पुलिस बल के साथ तैनात थे। अलग-अलग इलाके से करीब 30 से अधिक अखाड़ा समितियों के नेतृत्व में खिलाड़ियों की भीड़ लाठी और अस्त्र शस्त्र लिए कई चौक चौराहे में जुटे.

**विभिन्न अखाड़ा समितियों ने झांकियों के साथ निकाला जुलूस :** कोडरमा में महारामनवमी पर सुंदर झांकियों को निकाला गया। इस दौरान अखाड़ा समितियों के लोगों ने परंपरा हत्यारों लाठियां के साथ शानदार खेल का भी प्रदर्शन किया. कोडरमा में इंदरवा परिसर से शुरू होकर जलवाबाद, नगरखारा आदि जगहों से लोग पहुंचे, जो देर रात तक आने-जाने का सिलसिला चलता रहा. वहीं डोमचांच में इस दौरान विभिन्न स्थानों से निकाले गए आकर्षक झांकी लोगों को बरबस कई युगों की यादें ताजा कर दी. जिसमें भगवान राम के विभिन्न अवतारों, राम सीता विवाह आदि कई मनमोहक झांकी आकर्षक रूप से सजाया गया था.

**हर अखाड़ा दल का किया गया स्वागत :** जिले के कोडरमा समेत अन्य जगहों पर विभिन्न स्थानों से आने वाले सभी अखाड़ा दलों के लिए जहाँ एक ओर जिला प्रशासन वहीं दूसरी ओर विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल आदि का मंच सुसज्जित था, वहीं अपने अखाड़ा से शहरों की ओर आने पर विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था की गई थी. अखाड़ा दलों का ध्वनि विस्तारक यंत्र से जोरदार स्वागत किया जा रहा था जिससे अखाड़ा दलों में शामिल लोगों का उत्साह काफी दुगना हो जा रहा था. कोडरमा के जलवाबद में निकाले गए जुलूस में उमेश राम, अनिल राम, विनोद राम, धीरज राम, अमित कुमार, संतोष कुमार, सुमित कुमार, मनीष कुमार, झुन्नी कुमार, मनोज कुमार, भोला कुमार, बबलू कुमार, बंटी कुमार, संजय पासवान, गुड्डु कुमार, ईशु कुमार, मंकू कुमार, मोनू कुमार, नीरज कुमार, सूरज कुमार, सुधांशु कुमार, अनिल सिंह, अवधेश कुमार, बबलू सिंह, संदीप साव, बंटी साव, दीपक कुमार, वीरेंद्र कुमार सिंह, सिद्धार्थ कुमार, प्रदीप राम, चंदन कुमार, रंजन कुमार, विक्की चंद्रा, अजय पांडे, गोपाल कुमार, मनोज कुमार झुन्नू, अमित कुमार आदि शामिल थे.

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संपादकीय

## उम्मीदों का कत्लउम्मीदों का कत्ल

**अमेरिका** में क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी में आईटी मास्टर्स करने गये हैदराबाद के एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने अमेरिका में अध्ययनरत भारतीय छात्रों को भयभीत किया है। यह छात्र अपने विश्वविद्यालय के होस्टल से बीते माह लापता हुआ था। परिजनों के अनुसार गत सात मार्च से उसका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था। विचलित करने वाली बात यह है कि इस साल के अभी तीन माह ही बीते हैं और ग्यारह भारतवंशी या भारतीय छात्रों की हत्या या संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। हैदराबाद के अब्दुल अरफाथ के परिजनों का कहना था कि उनसे एक अज्ञात कॉल के जरिये एक व्यक्ति ने फिरौती की मांग की थी। कहा जा रहा था कि किसी आपराधिक समूह द्वारा उनका अपहरण किया गया था। माता-पिता ने विदेश मंत्रालय से भी मामले में हस्तक्षेप की गुहार लगाई थी। गत माह 21 मार्च को न्यूयार्क स्थित भारतीय कांसुलेट के अधिकारियों ने कहा था कि वे स्थानीय अधिकारियों से तालमेल बनाये हुए हैं। दुखद ही है कि एक अन्य भारतीय छात्रा उमा सत्या साई की क्लीवलैंड में ही पिछले सप्ताह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। जिसकी जांच चल रही है। अभी तक उसकी मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पिछले महीने भी भारत के एक प्रशिक्षित शास्त्रीय नर्तक अमरनाथ घोष की मिसौरी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बीते महीने भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर बीस वर्षीय भारतीय छात्र अभिजीत की मौत की जानकारी दी थी। इसी तरह फरवरी में एक 23 वर्षीय अमेरिकी-भारतीय छात्र समीर कामथ इंडियाना के एक प्राकृतिक संरक्षण क्षेत्र में मृत पाये गए थे। अब चाहे दो फरवरी को वाशिंगटन में रेस्तरां के बाहर आईटी इंजीनियर विवेक तनेजा पर जानलेवा हमला हो, जनवरी में इलिनोइस में 18 वर्षीय छात्र अकुल धवन की संदिग्ध मौत हो या फिर जनवरी में एक बेघर नशेड़ी द्वारा भारतीय छात्र विवेक सैनी की पीट-पीटकर की गई हत्या हो, ये घटनाएं बेहद दुखद व चिंता जनक हैं। दरअसल, भारतीय छात्रों के मन में अमेरिका को लेकर जो 'सपनों के नखलिस्तान' की धारणा बनी रही है, अब अमेरिका सुरक्षा की दृष्टि से उतना निरापद नहीं रहा। जब अमेरिका का कोई राष्ट्रपति सार्वजनिक तौर पर उकसावे का बयान दे कि भारतीय युवा तुम्हारी नौकरियां खा जाएंगे तो नासमझ लोगों की घातक प्रतिक्रिया का खमियाजा किसी न किसी को तो भुगतना ही होगा। नस्लभेदी नजरिया हो, अपराधों की दुनिया हो, नशे तस्करों के जाल हों या फिर ईर्ष्या की प्रतिक्रिया हो, भुगतना तो निर्दोष प्रवासियों को ही है। भारतीय अभिभावक अपना पेट काटकर व बैंकों से लोन लेकर अपने बच्चों को पढ़ाने अमेरिका भेजते हैं। ऐसे में किसी छात्र की हत्या पूरे परिवार को गहरे दुख व अवसाद में डुबो देती है। एक छात्र की मौत एक प्रतिभा की तमाम संभावनाओं की मौत होती है। भारतीय छात्रों का बड़ी संख्या में उच्च शिक्षा व रोजगार के लिये लगातार पलायन करना हमारे नीति-नियंताओं के लिये भी आत्ममंथन का विषय है कि क्यों हम अपनी प्रतिभाओं को अनुकूल शैक्षिक व रोजगार का वातावरण भारत में नहीं दे पा रहे हैं। सही मायनों में अमेरिका लोकतांत्रिक मूल्यों, समरसता के समाज और वैचारिक आजादी जैसे जुमलों के सहारे जैसे विकासशील व गरीब मुल्कों को धमकाया करता है, वे मूल्यों उसके यहां प्रतिष्ठित हैं, इस बात में भी संदेह है। पिछले दिनों एक भारतीय की कार से कुचलने पर हुई मौत पर पुलिसकर्मी ने एक संवेदनहीन टिप्पणी की थी कि उसे मुआवजा मिलेगा। यह बयान अमेरिकी समाज की एक इंसान की जान के बारे में संकीर्ण सोच को भी दर्शाता है। पेप्सिको की पूर्व सीईओ इंदिरा नूई की भारतीय छात्रों के साथ हो रही घटनाओं पर की गई टिप्पणी भी विचारणीय है। जिसमें उन्होंने छात्रों से सतर्क रहने, सुरक्षा के लिये स्थानीय कानूनों का सम्मान करने तथा नशे से दूर रहने की सलाह दी थी।


हैदराबाद के एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने अमेरिका में अध्ययनरत भारतीय छात्रों को भयभीत किया है। यह छात्र अपने विश्वविद्यालय के होस्टल से बीते माह लापता हुआ था। परिजनों के अनुसार गत सात मार्च से उसका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था। विचलित करने वाली बात यह है कि इस साल के अभी तीन माह ही बीते हैं और ग्यारह भारतवंशी या भारतीय छात्रों की हत्या या संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। हैदराबाद के अब्दुल अरफाथ के परिजनों का कहना था कि उनसे एक अज्ञात कॉल के जरिये एक व्यक्ति ने फिरौती की मांग की थी। कहा जा रहा था कि किसी आपराधिक समूह द्वारा उनका अपहरण किया गया था। माता-पिता ने विदेश मंत्रालय से भी मामले में हस्तक्षेप की गुहार लगाई थी। गत माह 21 मार्च को न्यूयार्क स्थित भारतीय कांसुलेट के अधिकारियों ने कहा था कि वे स्थानीय अधिकारियों से तालमेल बनाये हुए हैं। दुखद ही है कि एक अन्य भारतीय छात्रा उमा सत्या साई की क्लीवलैंड में ही पिछले सप्ताह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।


### सैकड़ों राजनीतिक दलों में से कुछ राजनीतिक दल ही ऐसे होते हैं जिन्हें देश की जनता सत्ता के शीर्ष तक पहुंचाती है

## चुनावी बांड पर विपक्षी दलों का शोर कितना उचित?

डॉ राकेश कुमार आर्य


कांग्रेस इस समय चुनाव के लिए कोई मुद्दा ढूंढ रही थी। इलेक्ट्रोल बॉन्ड पर मचे शोर ने उसे तात्कालिक आधार पर बीजेपी पर आक्रमण करने के लिए एक मुद्दा अवश्य दे दिया है। जिससे कांग्रेस के लिए डूबते हुए को तिनके का सहारा वाली कहावत चरितार्थ हो गई है। हम सभी यह भली प्रकार जानते हैं कि हमारे देश में सैकड़ों छोटे-बड़े राजनीतिक दल काम कर रहे हैं। जिस किसी के भी सिर में महत्वाकांक्षा या नेतागीरी की खुजली होती है वही एक नया राजनीतिक दल लेकर आ जाता है। यह माना जा सकता है कि लोकतंत्र में बहुदलीय व्यवस्था के लिए स्थान होता है, पर वह इतना भी नहीं होता कि सारे स्थान को राजनीतिक दल ही ग्रहण कर लें।


**इस** समय इलेक्ट्रोल बॉन्ड को लेकर देश की राजनीति गरमा गई है। जिन राजनीतिक दलों को चंदा वसूली की इस प्रक्रिया से कोई लाभ नहीं हुआ है, वे उन राजनीतिक दलों पर आक्रामक दिखाई दे रहे हैं जिन्हें इस प्रकार की प्रक्रिया से पर्याप्त लाभ मिला है। आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस को इस समय बीजेपी पर हमला करने का अच्छा अवसर उपलब्ध हो गया है। कांग्रेस इस समय चुनाव के लिए कोई मुद्दा ढूंढ रही थी। इलेक्ट्रोल बॉन्ड पर मचे शोर ने उसे तात्कालिक आधार पर बीजेपी पर आक्रमण करने के लिए एक मुद्दा अवश्य दे दिया है। जिससे कांग्रेस के लिए डूबते हुए को तिनके का सहारा वाली कहावत चरितार्थ हो गई है। हम सभी यह भली प्रकार जानते हैं कि हमारे देश में सैकड़ों छोटे-बड़े राजनीतिक दल काम कर रहे हैं। जिस किसी के भी सिर में महत्वाकांक्षा या नेतागीरी की खुजली होती है वही एक नया राजनीतिक दल लेकर आ जाता है। यह माना जा सकता है कि लोकतंत्र में बहुदलीय व्यवस्था के लिए स्थान होता है, पर वह इतना भी नहीं होता कि सारे स्थान को राजनीतिक दल ही ग्रहण कर लें। यह भी एक सर्वमान्य सत्य है कि इन सैकड़ों राजनीतिक दलों में से कुछ राजनीतिक दल ही ऐसे होते हैं जिन्हें देश की जनता सत्ता के शीर्ष तक पहुंचाती है। अधिकांश राजनीतिक दल उनके राष्ट्रीय अध्यक्षों की एक ऐसी फौज होते हैं जिन्हें उनका राष्ट्रीय अध्यक्ष और कुछ अन्य पदाधिकारी लोगों से पैसा ऐंठने और अपनी नेतागिरी चमकाने के लिए प्रयोग करते हैं। भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना दिनांक 15 मई 2023 के अनुसार देश के 26 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में कुल 58 दलों को राज्य पार्टी का दर्जा प्राप्त है। जबकि 2500 से अधिक राजनीतिक दल पंजीकृत हैं। भारत में इलेक्ट्रोल बॉन्ड को लाने का उद्देश्य यही था कि इतनी बड़ी संख्या में कुकुरमुत्तों की तरह फैल गये ये राजनीतिक दल और उनके नेता देश की जनता की जेब पर डाका न डाल सकें। उद्देश्य था कि देश की राजनीति और चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी बने। चुनावी बॉन्ड की इस




प्रक्रिया से निश्चित रूप से लोगों की जेब पर डाका डालने वाले कुछ राजनीतिक दलों की गतिविधियों पर नकेल लगाने में सफलता भी मिली। चुनावी बांड की इस प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि चुनावी फंडिंग केवल वही पार्टियां प्राप्त कर सकती हैं जिन्हें आम चुनाव में कम से कम एक प्रतिशत वोट प्राप्त हुआ हो। यदि कोई राजनीतिक दल एक प्रतिशत से कम वोट लेता है तो उसे चुनावी फंडिंग लेने का अधिकार नहीं होगा। निश्चित रूप से जिन राजनीतिक दलों का केवल कागजों में अस्तित्व है वे तो अब चुनावी फंडिंग लेने की प्रक्रिया में दूर-दूर तक भी नहीं आते हैं। इस प्रकार के प्राविधानों से यह स्पष्ट हो जाता है कि चुनावी बांड के माध्यम से चुनावी फंडिंग को पूरी तरह सुरक्षित और डिजिटल बनाने में सहायता मिली है। केंद्र की मोदी सरकार का यह एक लक्ष्य भी रहा है कि सारी चीजें सुरक्षित और डिजिटल हो जाएं। अब यह अनिवार्य कर दिया गया है कि कोई व्यक्ति ₹2000 से अधिक का कोई दान चुनावी बांड और चेक के रूप में नहीं दे सकता। इसके बावजूद भी यदि वह ऐसा करता है तो यह कार्य गैर कानूनी होगा। यही कारण है कि चुनावी बांड के सभी लेन-देन चेक या डिजिटल माध्यम से किए जाते हैं। हम सभी जानते हैं कि इंदिरा गांधी के जमाने में जब सीताराम केसरी पार्टी के कोषाध्यक्ष हुआ करते थे तो स्वयं प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी यह पता नहीं होता था कि पार्टी के खाते में कितने रुपए हैं? उस समय सारी प्रक्रिया बड़ी गोपनीय रहती थी सीताराम केसरी को इंदिरा गांधी ने उनके पद से हटाने का भी प्रयास किया था। पर वह ऐसा कर नहीं पाई थीं। क्योंकि सीता राम केसरी ने सारा हिसाब किताब बहुत गोपनीय रखा हुआ था जिसे बिना बताए हुए पार्टी के कोषाध्यक्ष पद से जाने की धमकी दे दिया करते थे। उस समय कांग्रेस में यह चर्चा आम तौर पर रहती थी कि खाता ना बही, जो चाचा ने कही, वही – सही। निश्चित रूप से वह स्थिति अच्छी नहीं थी। आज बहुत हद तक यह पारदर्शिता है कि किसी भी राजनीतिक दल के खाते में पैसा कहां से आ रहा है और कितना आ रहा है? कुछ लोगों की यह मान्यता रही है कि चुनावी बांड की इस प्रक्रिया को केंद्र की मोदी सरकार ने विपक्षी दलों को मिलने वाली चुनावी फंडिंग को रोकने के उद्देश्य से प्रेरित होकर लागू किया है। लोकतंत्र में आलोचना करने का सभी को अधिकार होता है। वैसे भी हमारा संविधान भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करता है। परंतु इसके उपरांत भी हम यह कहना चाहेंगे कि केंद्र की मोदी सरकार ने यदि विपक्षी दलों की चुनावी फंडिंग की पड़ताल करने के लिए ही यह कदम उठाया है तो उसने अपने अपनी पार्टी अर्थात भाजपा को भी इसके दायरे से बाहर नहीं रखा है। जहां लोकतंत्र में आलोचना के साथ-साथ भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोगों को प्राप्त होती है, वहीं सरकार को 'राष्ट्रप्रथम' की पवित्र भावना को विकसित करने और उस पवित्र भावना को लागू करने में आने वाली बाधाओं को भी समीक्षित, निरीक्षित और परीक्षित करने का अधिकार होता है। जिस समय चाचा केसरी की राजनीतिक संस्कृति देश में काम कर रही थी, उस समय चुनावी फंडिंग की गोपनीयता लोगों के राइट टू इनफार्मेशन का उल्लंघन कर रही थी। पर आज उसे केंद्र की मोदी सरकार ने सबके लिए सहज सुलभ करवा दिया। इसे उचित ही कहा जाना चाहिए। इस नई प्रक्रिया के बारे में हम सब यह भी जानते हैं कि चुनावी बांड आर्थिक रूप से स्थिर कंपनियों को किसी भी तरह से खतरा नहीं पहुंचाते हैं।

दृष्टि कोण

## न्यूनतम मजदूरी से भी वंचित प्रवासी आदिवासी मजदूर

**मैं** और मेरा परिवार पिछले 15 सालों से गन्ना कटाई का काम कर रहे हैं। लेकिन हमारी इतनी कम आमदनी है कि मेरे द्वारा लिया गया कर्ज भी हम मुकद्दम (ठेकेदार) को चुका नहीं पाते हैं। इसलिए फिर सालों साल इसी काम में फंसे रहते हैं, क्योंकि हमें उसे पेशगी का डेढ़ गुना अधिक ब्याज चुकाना होता है। यदि यह कर्ज चुकता नहीं होता है तो फिर अगले साल उसी मुकद्दम के साथ जाना होता है। जहां वह हमें मिलने वाली 375 रुपए मजदूरी में से अपना पैसा काट लेता है। जिसके बाद मेरे पास इतने कम पैसे बचते हैं कि परिवार पालने के लिए मुझे उससे फिर से कर्ज लेना पड़ता है। इस तरह मैं और मेरा परिवार पिछले 5 सालों से कर्ज के इसी भंवर जाल में फंसा हुआ है।" यह कहना है 45 वर्षीय आदिवासी मजदूर उलूसया भाई गवली का जो दक्षिण गुजरात में बड़े पैमाने पर उगाये जाने वाले गन्ना के खेतों में प्रवासी मज़दूर के रूप में काम करते हैं। वह गुजरात के डांग जिला से रोज़ी रोटी कमाने के उद्देश्य से वलसाड में गन्ना के खेत में काम करते हैं। लेकिन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मज़दूरी से भी कम इन्हें और इनके जैसे लाखों मज़दूरों को मज़दूरी अदा की जा रही है। जिसके कारण इन मजदूरों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है। क़र्ज़ लेकर परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्हें एक बार फिर से कर्ज लेने पर मजबूर होना पड़ता है। दरअसल महाराष्ट्र की सीमा से सटे गुजरात के दक्षिण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर गन्ने का उत्पादन किया जाता है। इसकी वजह से यह क्षेत्र बहुत बड़ी मात्रा में चीनी के उत्पादन के तौर पर जाना जाता है। गुजरात के डांग, वलसाड, तापी, सूरत, नर्मदा और महाराष्ट्र के सकरी, धूलिया, नंदुरबार, अक्कलकुवा आदि जिले गन्ने की खेती व चीनी मिलें बाहुल्य क्षेत्र के तौर पर जाने जाते हैं। इन क्षेत्रों में गुजरात के डांग, तापी और सूरत तथा महाराष्ट्र के धुलिया और नंदूबार आदिवासी बाहुल्य जिलों से लाखों की संख्या में आदिवासी मजदूरों को परिवार सहित गन्ना काटने के लिए लाया जाता है। इसके अतिरिक्त हाल के कुछ वर्षों में मध्य प्रदेश के धडगांव, शिरपुर, चालिसगांव और बलवानी जिलों के मजदूरों को भी इन क्षेत्रों में गन्ना काटने तथा वलसाड, नवसारी, सूरत, नर्मदा और भरूच के चीनी मिलों में काम कराने के उद्देश्य से लाया जा रहा है। जहां इन मजदूरों से न केवल 14 घंटों से भी ज्यादा समय तक काम करवाया जाता है बल्कि न्यूनतम मजदूरी भी अदा नहीं की जाती है। इतना ही नहीं, अक्सर सुविधाएं उपलब्ध कराने के नाम पर इनसे मजदूरी के मिले पैसों में से भी कुछ पैसे काट लिए जाते हैं। 2015 से मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी और अन्य मुद्दों पर गुजरात सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत मजदूरी तय की गई थी। उस समय विधानसभा में राज्य के तत्कालीन श्रम और रोजगार मंत्री ने कहा था कि लगभग तीन लाख श्रमिक गन्ना कटाई एवं लोडिंग कार्य में लगे हैं। जिनकी न्यूनतम मजदूरी दर दिनांक 01/04/2023 से राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या KHR/2023/ दिनांक 27/03/2023 द्वारा 27/LVD/10/2013/137375 (P F)M(2) के माध्यम से गन्ना कटाई करने वाले मजदूरों के लिए ₹476 रुपए प्रति टन का भुगतान करने का विज्ञापन प्रकाशित किया था। लेकिन साल 2023-24 के दौरान न्यूनतम मजदूरी ₹476 रुपए में से प्रति मजदूर ₹101 रुपए की कटौती की जा रही है। जिसका एक उदाहरण तापी जिले में संचालित दादरिया शुगर फैक्ट्री है। जहां बिल न्यूनतम मजदूरी 476 रुपए के अनुसार बनाया गया है लेकिन इसमें से 21 रुपए अन्य सुविधाएं तथा 80 रुपए मुक़द्दम (मजदूर उपलब्ध कराने वाले ठेकेदार) कमीशन प्रति टन काटा जाता है। इस प्रकार मजदूरों को ₹375 रु प्रति टन भुगतान किया जा रहा है। इस वर्ष दक्षिण गुजरात की सभी चीनी मिलों में लगभग 90 लाख टन गन्ना पेराई होने का अनुमान लगाया गया है। इस प्रकार सभी चीनी मिलों में 375 रु प्रति मज़दूर के मजदूरी का भुगतान किया जाए तो 91 करोड़ से भी कम भुगतान किया जायेगा, जो एक प्रकार से इन गरीब आदिवासी मजदूरों का शोषण है। इस संबंध में महाराष्ट्र के धुले जिले के 40 वर्षीय आदिवासी मजदूर चिंतामन दशरथ पंवार कहते हैं कि "हम गन्ना काटने वाले मजदूरों का जीवन तो मालिकों व ठेकेदारों का कर्जा चुकाने में ही बीत जाएगा, क्योंकि हमारी मजदूरी बहुत कम है। हालांकि सरकार ने तो हमारी मजदूरी बढ़ा दी है लेकिन मिल मालिक हमें बढ़ा हुआ मजदूरी दे नहीं रहें हैं।" वह कहते हैं कि "देश में कहीं भी कर्जे का इतना ब्याज ही शायद कोई लेता होगा। हमारा मुकद्दम हमें जो कर्ज देता है, उसका 6 महीने में ही हमसे डेढ़ गुणा वसूल करता है। इस कर्जे को चुकाते चुकाते हमारे सालों साल निकल जाते हैं। इस कर्ज को चुकाने के लिए घर की महिलाएं भी हमारे साथ 12 से 14 घंटे मजदूरी करती हैं, लेकिन फिर भी हम इस दलदल से बाहर नहीं निकल पाते हैं और अंततः हमें फिर से क़र्ज़ लेना पड़ता है।" वह बताते हैं कि "मज़दूरों के रहने वाले स्थान पर महिलाओं के लिए शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। उचित खानपान के अभाव में अधिकतर महिला मज़दूर कुपोषित और बीमार रहती हैं। लेकिन उन्हें इसी हालत में खेतों में काम करनी पड़ती है। यदि वह नहीं करेंगी तो मज़दूरी कट जाएगी।" हालांकि पिछले महीने 11 मार्च को मजदूर अधिकार मंच के प्रतिनिधियों ने दादरिया शुगर फैक्ट्री के एमडी और राज्य प्रबंधक से मुलाकात की और न्यूनतम मजदूरी से कम भुगतान करने के मामले से उन्हें अवगत कराया। इस संबंध फैक्ट्री प्रबंधक अजीत पाटिल कहते हैं कि "हम अपनी मनमानी से मजदूरों का मजदूरी बढ़ाते या घटाते नहीं हैं बल्कि गुजरात राज्य सहकारी चीनी उद्योग संघ ने एक पत्र जारी कर जिस प्रकार से मजदूरों का भुगतान करने का निर्णय लिया है।

कुछ अलग

## बहुत याद आते हैं सर्कस के बब्बर शेर

**तब** तक टीवी ने हम लोगों की शाम को बख्श दिया था। ईजाद ही नहीं हुआ था। मोबाइल ने दिनरात हड़पे नहीं थे। वह भी नहीं बना था। उस दौर में वक्त खुद प्रतीक्षा करता था। शहर में सर्कस लगने की खबर आते ही, आग जैसी फैलती थी। परिवारों में तो खासकर। मगर अब सर्कस में चौपायों में केवल घोड़े ही बचे हैं। ढाई सदी बीते दुनिया का सर्वप्रथम सर्कस चार अप्रैल 1768 के दिन ही आया था। लंदन में फिलिप और उनकी पत्नी पैट्सी ने घुड़सवारी के करतब दिखाकर सर्कस की नींव डाली थी। इस छह फुटे फौजी अश्वारोही ने ही करिश्मायी शो आयोजित किया। वही बाद में विकसित होकर मनोरंजन में नया आयाम लाया। फिर अन्य चौपाये सर्कस में शरीक हुए। खासकर शेर बब्बर, बाघ, रीछ, हाथी इत्यादि। मगर पशुओं के प्रति क्रूरता वाला कानून संसद द्वारा बनते ही, सब बंद हो गया। फीका पड़ गया। लखनऊ की एक लोमहर्षक वारदात चिरस्मरणीय रहती है। पचास साल बीते। दयानिधान पार्क (लालबाग, नावेल्टी थ्येटर के ठीक सामने) में सर्कस के तंबू गड़ा करते थे। एक दफा (1974) का किस्सा है, दैनिक "नवजीवन" के चीफ रिपोर्टर साथी हसीब सिद्दीकी की जुबानी। उनके न्यूज एडिटर सुरेश मिश्र आधी रात नगर संस्करण में अंतिम खबर भेजकर, आदतन नजीराबाद के अब्दुल्लाह होटल के लिए रवाना हुए। हजरतगंज के काफी हाउस से कई सालों पूर्व ही यह होटल दानिश्वरों जमावड़े के लिए मशहूर था। खासकर दूध की मोटी परतवाली मलाई के खातिर। सुरेश मिश्र वहां पहुंचे ही थे कि फुटपाथ पर सोने वालों की भगदड़ मच गई थी। पता चला था कि लालबाग पार्क में लगे सर्कस का एक शेर पिंजरे से निकलकर अमीनाबाद की सैर कर रहा था। वह एक सुशुप्त श्रमिक का मुंह चाटने लगा। नींद टूटने से नाराज श्रमिक आक्रोशित था। शेर पर हथेली चलाई। फिर उसे देखकर उसके होश उड़ गए। भागा। इस पूरे हादसे को सुनकर सुरेश मिश्र जी ने सर्वप्रथम दफ्तर फोन किया कि संस्करण देर से छपेगा। फिर स्वयं आकर पूरी खबर लिखी। इससे लखनऊ में जबरदस्त सनसनी फैली। ?नवजीवन? एकमात्र दैनिक था जिसमें यह समाचार छपा था। दाद दी गई इस समाचारपत्र संपादक को कि ऐसी विलक्षण खबर चलाई। स्वाभाविक है कि बाकी अखबारों की प्रातःकालीन बैठक मे संपादकों ने रिपोर्टरों का कोर्ट मार्शल किया। इतनी बड़ी खबर? भीड़भरे मार्केट में शेर का टहलना! कैसे छूट गई? मगर हम सब सुरेश मिश्र की कसीदे गाते हैं। मिलता-जुलता एक हादसा हुआ था इसी दयानिधान पार्क में 1950 में भी। उस दिन भी एक सर्कस में शेरों का शो हो रहा था। अकस्मात एक शेर रिंग मास्टर पर लपका और उसे घायल कर दिया। कुछ देर के लिए तो कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। सारे स्थानीय संवाददाता कार्यालय की ओर लपके। खबर शाया करने। मगर मेरे बड़े भ्राता स्वर्गीय श्री के. प्रताप राव सर्कस के अगले शो तक रुके रहे। तब वे ?हिंदुस्तान टाइम्स? के यूपी संवाददाता थे। उनका कार्यालय हजरतगंज में हलवासिया मार्केट के ठीक सामने पहली मंजिल पर जगदीश भवन में था। बगल में मकबरे का फाटक है। उन्होंने अगले शो में देखा कि वही घायल रिंग मास्टर फिर शेरों का शो पेश करता है? शो सफलता से पूरा हुआ। उस हमलावर शेर की कचूमर निकलने तक मारा। फिर दर्शकों की करतल ध्वनि के बीच शो का अंत हुआ। दफ्तर आकर मेरे भाई साहब ने रपट भेजी। खासकर रिंग मास्टर की फोटो तथा बहादुरी वाली कि घायल होकर भी शेरों का शो दोबारा दर्शाया। रोका नहीं।

देश दुनीया से

## जलवायु परिवर्तन के दौर में 'प्राकृतिक बॉन्ड' पर चर्चा जरूरी


हमारे देश में दुनिया की 18 फीसदी आबादी रहती है, लेकिन हमारे पास वैश्विक भूमि का 2.4 फीसदी, वन का दो फीसदी, स्वच्छ जल का मात्र चार फीसदी ही उपलब्ध है। भविष्य में जैसे-जैसे जनसंख्या का दबाव बढ़ता जाएगा, ये संसाधन और कम होते जाएंगे। अभी जिस दर से हम प्राकृतिक संसाधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं, वर्ष 2030 तक हमें 25 गुना ज्यादा प्राकृतिक संसाधनों की जरूरत होगी। पारिस्थितिकी के खतरे बढ़ते ही जा रहे हैं, इससे अस्थिरता का माहौल पैदा होगा।


**अपने** देश की जनसंख्या के हिसाब से प्राकृतिक संसाधनों की भारी कमी है। हमारे देश में दुनिया की 18 फीसदी आबादी रहती है, लेकिन हमारे पास वैश्विक भूमि का 2.4 फीसदी, वन का दो फीसदी, स्वच्छ जल का मात्र चार फीसदी ही उपलब्ध है। भविष्य में जैसे-जैसे जनसंख्या का दबाव बढ़ता जाएगा, ये संसाधन और कम होते जाएंगे। अभी जिस दर से हम प्राकृतिक संसाधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं, वर्ष 2030 तक हमें 25 गुना ज्यादा प्राकृतिक संसाधनों की जरूरत होगी। पारिस्थितिकी के खतरे बढ़ते ही जा रहे हैं, इससे अस्थिरता का माहौल पैदा होगा। इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स ऐंड पीस के अनुसार, अगर खाद्य सुरक्षा पर 25 फीसदी खतरा होगा, तो देश में टकराव/ संघर्ष की आशंका 36 फीसदी तक बढ़ जाएगी और इतने ही पानी की कमी होगी, तो संघर्ष की घटनाएं 18 फीसदी बढ़ जाएंगी। जैव विविधता की दृष्टि से हमारे देश में चार हॉटस्पॉट हैं, लेकिन ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इन स्थानों का भी 90 प्रतिशत क्षेत्र कम हो चुका है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, प्राकृतिक आपदा के कारण भारत को हर साल औसतन सात अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान होता है। यही कारण है कि पिछले पांच वर्षों में, संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पूरा करने में भारत की रैंकिंग में गिरावट आई है। वर्ष 2022 में भारत 121वें स्थान पर था। इन सब घटनाओं को देखते हुए आज प्राकृतिक बॉन्ड के प्रति प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। यह प्राकृतिक बॉन्ड है क्या? हमने अब तक प्रकृति से जो लिया है या ले रहे हैं, उसे उसी अनुपात में प्रकृति को हम लौटा सकें, यह प्रतिबद्धता ही प्राकृतिक बॉन्ड है। अगर हम नहीं लौटा पाते हैं, तो हम इस प्रकृति के कर्जदार हैं। प्रकृति कोई वित्तीय संस्था नहीं है, जो पूरी जांच-पड़ताल के साथ हमें कर्ज देती है। इस पूरे ब्रह्मांड का संचालन सह अस्तित्व के सिद्धांत के तहत होता है। प्रकृति हमारे जीवन का आधार है, पर उसका ऋण चुकाना भूलकर हम सुख-साधनों की तरफ भाग रहे हैं। हम अपनी आने वाली पीढ़ी को आखिर कैसी पृथ्वी सौंप कर जाएंगे? कोरोना महामारी के संकट ने हमें सिखा दिया है कि वास्तविक धन क्या है। प्रकृति की उपेक्षा करके मनुष्य आगे नहीं बढ़ सकता। जलवायु परिवर्तन और उसके कारण होने वाले विस्थापन का मुकाबला करने तथा पीड़ित लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए अब तक देश में कोई ठोस नीति या कार्य योजना नहीं है। यही कारण है कि एक अनुमान के मुताबिक, अकेले भारत में जलवायु आपदाओं के कारण 2050 तक 4.5 करोड़ लोगों को अपने घरों से पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। जलवायु परिवर्तन के दौर में चरम मौसमी घटनाओं के परिणामस्वरूप पलायन करने वाले लोगों की संख्या वर्तमान संख्या से तीन गुना हो जाएगी। वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक, 2021, अनुसंधान समूह जर्मनवॉच की वार्षिक रैंकिंग, भारत को जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित शीर्ष 10 देशों में रखती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जिस तरह वैश्विक तापमान में वृद्धि हो रही है, उसके चलते 2035 तक खाद्य कीमतों में सालाना 3.2 फीसदी की वृद्धि होने का अंदेशा है। यही नहीं, इससे फसलों की उपज पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु में आ रहे बदलावों के कारण आम आदमी के खाने की थाली कहीं ज्यादा महंगी हो सकती है। इन दिनों देश में लोकसभा चुनाव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। लेकिन बढ़ते वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जनजीवन पर क्या असर पड़ेगा, और उससे निपटने के लिए राजनीतिक दलों के पास क्या कार्ययोजना है, यह इस चुनावी बहस का मुद्दा नहीं है। अगर सही में देखा जाए तो यह चुनाव भी पर्यावरणीय दृष्टिकोण से बहुत ज्यादा नुकसानदायक है। इसलिए हम अपने देश की लोकतांत्रिक संरचना को हरित लोकतंत्र के अंतर्गत शामिल नहीं कर सकते हैं। मौजूदा जलवायु परिवर्तन के दौर में यह आवश्यक है कि देश को एक हरित लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाने की पहल की जाए, और प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन रोका जाए। पर्यावरण के विनाश की कीमत पर किया जाने वाला विकास अंततः हमें विनाश के रास्ते पर ही ले जाएगा। इसलिए समय रहते सचेत होने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध होने की जरूरत है।



आप का नजरीया

## नजीर का न्याय

**दशकों** से निरंतर बहस का विषय रहा है कि हमारी प्राथमिकता विकास हो या पर्यावरण। जिन समाजों को विकास के चलते विस्थापन झेलना पड़ता है, वे विकास को विनाश की संज्ञा देते रहे हैं। आदिवासी क्षेत्रों व पर्वतीय इलाको में बांध व अन्य बड़ी विकास परियोजनाओं के अस्तित्व में आने पर विरोध के सुर गाहे-बगाहे उभरते रहे हैं। ऐसे में न्यायिक फैसले सरकारों की मनमानी पर अंकुश लगाने का काम करते हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट का एक ऐसा निर्णय आया है जिसे विकास तथा पर्यावरण संरक्षण व पारिस्थितिकीय संतुलन की दृष्टि से नजीर का फैसला कहा जा रहा है। यह फैसला एक सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट और दुर्लभ प्रजाति के पक्षी सोन चिड़िया को लेकर है। दरअसल, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड यानी सोन चिड़िया के अस्तित्व के लिये राजस्थान और गुजरात के इलाके में घातक माने जा रहे सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट की ट्रांसमिशन लाइनों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा अनुकरणीय फैसला दिया है कि जो आने वाली पढ़ियों के लिये मार्गदर्शक साबित हो सकता है। जो न्यायिक दृष्टि में भी बदलाव का पर्याय है। दरअसल, अब तक अधिकांश अदालत के फैसले पर्यावरण के पक्ष में या फिर विकास के पक्ष में जाते रहे हैं। लेकिन अदालत ने यह बताने का प्रयास किया है कि मनुष्य के लिये विकास जरूरी है तो पारिस्थितिकीय संतुलन भी जरूरी है। अदालत के फैसले के आलोक में मौजूदा ग्लोबल वार्मिंग संकट और उसके दूरगामी प्रभाव भी रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अदालत ने जलवायु परिवर्तन तथा पारिस्थितिकीय असंतुलन को देश के संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों की दृष्टि से जोड़कर देखा है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि कोर्ट ने अपना पुराना फैसला भी इस संकट को दूर करने के लिये बदला है। दरअसल, गुजरात व राजस्थान के करीब नब्बे हजार वर्ग किमी के क्षेत्र में विस्तृत ओवरहेड ट्रांसमिशन लाइन प्रोजेक्ट दुर्लभ पक्षी सोन चिड़िया के अस्तित्व पर खतरा बन रहा था। जिस पर शीर्ष अदालत ने एक फैसले में रोक लगा दी थी। दरअसल, अदालत को तब बताया गया था कि विद्युत तारों के संपर्क में आने से इन पक्षियों की बड़ी संख्या में मृत्यु हो रही है। ये बिजली की तारें उस क्षेत्र में लगायी गई हैं जहां इन पक्षियों का आना-जाना होता है, जिनसे ये पक्षी बड़ी संख्या में टकराकर दम तोड़ देते हैं। अदालत के फैसले के चलते सौर ऊर्जा की महत्वाकांक्षी योजना पर प्रतिकूल असर पड़ रहा था। दरअसल, यह इलाका सौर ऊर्जा उत्पादन की दृष्टि से खासा उर्वरा माना जाता है। ऐसे में अदालत ने यह महत्वपूर्ण फैसला दिया कि जहां एक ओर सौर ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य भी पूरे हों, वहीं पक्षियों के अधिवास व जीवन की भी रक्षा हो सके। बीच का रास्ता निकालते हुए अदालत ने फैसला दिया कि 77 हजार वर्ग किमी क्षेत्र में बिजली की ट्रांसमिशन लाइन प्रभावी रहेंगी। वहीं दूसरी ओर तेरह हजार वर्ग किमी के क्षेत्र को इन दुर्लभ पक्षियों के अधिवास के रूप में सुरक्षित करने को कहा है।

### रामनवमी के शुभअवसर पर निकली जुलूस, शामिल हुए सैकड़ों भक्त

# हर तरफ गूंजा जय श्री राम का नारा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी के अवसर पर निकाला गया भव्य विशाल जुलूस । जुलूस में शामिल हुए सैकड़ो भक्त । हर तरफ गुंजा जय श्री राम जय हनुमान का नारा । जुलूस में लोग प्रखण्ड के दूर-दूर गांवों और पंचायतों से प्रखण्ड मुख्यालय पहुंचे । प्रखंड मुख्यालय के चारों तरफ से पंचायत और गांव से लोग अपना-अपना जुलूस लेकर प्रखंड मुख्यालय के जुलूस में पहुंचे। जुलूस में पहुंचते हैं चारों तरफ के लोग जय श्रीराम का नारा लगाते हुए प्रखंड मुख्यालय के झंडा के साथ अपने-अपने झंडों का मिलान किया तत्पश्चात सभी जुलूस में शामिल हुए । सभी के जुलूस में शामिल होने के बाद एक जगह एकत्रित होकर जुलूस प्रखंड मुख्यालय के भ्रमण के लिए निकल गया । भ्रमण के दौरान जुलूस सर्वप्रथम प्रखंड मुख्यालय के शिव मंदिर होते हुए भट्टी टोली की ओर बढ़ा , भट्टी टोली से होते हुए जुलूस



वापस फिर प्रखंड मुख्यालय के चौक होते हुए बोलबा मोड़ से प्रखंड मैदान की ओर बढ़ चला । प्रखंड मैदान में सभी श्रद्धालुओं के द्वारा अपना-अपना करतब दिखाने के पश्चात जुलूस फिर ठेठईटाँगर के कॉलोनी की ओर बढ़ा , कॉलोनी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद सभी भक्तों ने अपना-अपना करतब दिखाया । करतब दिखाने के बाद जुलूस कॉलोनी से ठेठईटाँगर साप्ताहिक बाजार होते हुए शिव मंदिर प्रांगण में रामनवमी अखाड़ा में पहुंचा । अखाड़ा में पहुंचने के बाद सभी कोई अखाड़े में जमा हुए तत्पश्चात प्रखंड के अलग-अलग पंचायत और गांव से आए हुए श्रद्धालुओं ने अपना-अपना करतब दिखाए और प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय और सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया । सभी के द्वारा रामनवमी जुलूस को सहज प्रेम भाव से बिना किसी हिंसा बिना लड़ाई झगड़ा और सभी के सहयोगिता से रामनवमी का जुलूस संपन्न हुआ । रामनवमी के इस जुलूस में अलग-अलग धर्म प्रेमी के द्वारा अपना-अपना करतब दिखाया गया एवं मेल मिलाप से सभी को गले लगा कर एक दूसरे के प्रति प्रेम भाव प्रकट किया गया । रामनवमी के इस जुलूस में ठेठईटांगर मस्जिद के पास मुस्लिम धर्म प्रेमियों के द्वारा जुलूस में शामिल होकर सभी के साथ मिलजुल कर प्रेम भाव से अपना करतब भी दिखाया गया । उनके द्वारा जुलूस में सभी लोगों के लिए ठंडे पानी , शरबत , चना एवं गुड़ का प्रबंध भी किया गया था ,जो कि उनके धर्म के प्रति प्यार को दर्शाता है ।

रामनवमी के इस जुलूस में अध्यक्ष आदित्य प्रसाद, लाइसेंस धारी विजय ठाकुर, थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा थाना के जवान एवं रामनवमी समिति के सभी सदस्यों के सहयोग से यह जुलूस प्रेमपूर्वक संपन्न हुआ । इस जुलूस में प्रखंड प्रमुख ,मुखिया ,अस्पताल कर्मचारी , प्रशासन एवं सभी रामनवमी समिति के सदस्यों का अहम योगदान रहा।

# कुडू में रामनवमी का पर्व पुरे उत्साह व भक्ति भाव के साथ मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू :** लोहरदगा कुडू प्रखंड क्षेत्र में श्री रामनवमी का पर्व पुरे उत्साह एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कुडू प्रखंड के सभी हनुमान मंदिरो सहित सभी देवालयों में माता सीता,श्री राम,एवं रामभक्त हनुमान का पूजा सहित सभी देवी- देवताओं की पूजन,आरती पुरे बिधि विधान के साथ की गयी। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।भगवान जी से लोगो ने पूजा-पाठ करके अपने अपने परिवार सहित क्षेत्र की मंगलकामना की मांग की।प्रखंड क्षेत्र के मंदिरो को बड़ा ही आकर्षक ढंग से सजाया गया है।पुरे प्रखंड क्षेत्र के चौक चौराहो ,मंदिरो,अखाड़ो को महावीरी झंडो से पाट दिया गया है,सभी भक्तो के दवारा जय बजरंग बलि, हरे राम,राम जी,जय श्री राम,सीता राम की जय,हर हर महादेव की जय के उदघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। पुरे प्रखंड क्षेत्र में कुडू बस स्टैंड, ओपा, सलगी,बड़की चाँपि, ,ककर गढ़,लावगाई,पंडरा, टाटी,जीमा, चिरी सहित कई जगहों पर कई अखाड़ो,मंदिरो के झंडे सहित लोगो दवारा मेला लगाया जाता है।इस पर्व के साथ ही साथ कई मंदिरो में चैती दुर्गा पूजा के महानवमी में माता गौरी का भी पूजा किया गया।प्रखंड क्षेत्र में महावीरी झंडो,से पटा मंदिर,अखाड़ो को देखते बनता था। कई मंदिरो एवं अखाड़ो में पारंपरिक अस्त्र,शास्त्रो का पूजा पुरे



बिधि पूर्वक की गयी। अखाड़ो में रामभक्तो दवारा अनेक करतब दिखाए गए। प्रखंड के कुडू थाना परिसर एवं प्रखंड क्षेत्र में स्थित बड़की चाँपि पुलिस पिकेट में जवानो दवारा हनुमान जी का पूजा की गयी। रामनवमी को लेकर सभी अखाड़ो ,मेलो के पास सहित कई जगहों पर पुलिसबल,सहित कई अधिकारियों,कर्मियो का विशेष व्योस्था की गयी थी। कुडू बस स्टैंड के पास लगने वाले मेले में सहित प्रखंड के सभी मेला स्थलों में अखाड़ो से लोग आकर पारंपरिक हथियारों से करतब दिखाए।इस मौके पर प्रखंड के सभी अखाड़ो के लोगो को बिभिन महावीर समितियो के लोगो के दवारा पुरुस्कार देकर समानित किया। इस मौके पर बड़की चाँपि मेला परिसर में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों के द्वारा आकर्षक झांकियां सहित कई करतब दिखाए गए महावीरी बाजो से पूरा अखाडा क्षेत्र गुंजायमान था। इस मौके पर पूरे थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक प्रबंध की गई थी। इस मौके पर कई सामाजिक संगठनों के द्वारा चना, गुड़, शर्बत, पानी की व्यवथा की गई थी ।इस मौके पर कुडू प्रखंड क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारी, कर्मी, जनप्रतिनिधियों, बिभिन्न राजनीतिक दलों के लोग, सामाजिक संगठन के लोग सहित कई लोग उपस्थित थे।

# महुआडांड़ प्रखंड में रामनवमी पर निकला गया भव्य व विशाल जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़(लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड में चैत्र रामनवमी का त्यौहार हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही लोग पूजा की तैयारी में दिखे। सुबह से ही प्रखंड स्थित महावीर मंदिर, देवी मंडप, एवं दुर्गाबाड़ी मंदिर परिसर पर भक्तों की भीड़ लगी रही। इस दौरान पूरा प्रखंड भक्तिमय माहौल में नजर आया। इसके पूर्व अष्टमी की संध्या मंगलवार को बड़े धूमधाम व गाजे बाजे के साथ बजरंग दल एवं हिंदू महासभा के संयुक्त तत्वावधान में मंगला शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में राम भक्तों ने भाग लिया। इस दौरान पारंपरिक शस्त्रों से लैस राम भक्तों ने अखाड़े में जय श्री राम के गगनभेदी जयकार लगातें हुए अपना शौर्य प्रदर्शन किया। वही नवमी के दिन झण्डा पूजन के पश्चात बजरंग दल के नेतृत्व में भव्य एवं विशाल बाइक जुलूस निकाला गया।जो की दुर्गाबाड़ी मंदिर परिसर से निकलकर शास्त्री चौक, बिरसा चौक, आदर्श नगर, रामपुर, दीपाटोली, समेत अन्य निर्धारित रूट का भ्रमण किया। जिसके पश्चात पूरे शान के साथ महावीरी झंडों के साथ ग्राम गनसा, सिदरा, रामपुर, शिवनगर, समेत प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से पारम्परिक हथियारों से लैस राम भक्त जुलूस लेकर महुआडांड़ स्थित शास्त्री चौक पहुंचे। जहां अखाड़े में राम भक्तों ने हथियार व डंडों के साथ करतब करते हुए शौर्य प्रदर्शन किया।पुरे कार्यक्रम में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महुआडांड़ थाना प्रभारी अविनाश कुमार पुलिस दल बल के साथ मुस्तैद रहें। इस दौरान हिन्दू महासभा एवं बजरंग दल के द्वारा विभिन्न गांव से अखाड़े में शामिल पूजा समितियों का सम्मान किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिन्दू महासभाअध्यक्ष मनोज जायसवाल, संरक्षक बृजमोहन जयसवाल, विजय प्रसाद, शंभू प्रसाद, भानु प्रसाद,बजरंग दल पलामू संभाग के संयोजक सुरज साहु, प्रदीप जायसवाल, नितिश कुमार अंकीत जयसवाल, राहुल, आयुष, समेत हजारों की भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भगवान राम व हनुमान के जयकारे से गूंजा भंडरा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा :** लोहरदगा महावीर मंडल भंडरा के तत्वावधान में बुधवार को ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह रामनवमी मेला का आयोजन किया गया। जिसमें भंडरा,भौंरो, भैंसमुंदो, अंबेरा, कसपुर, उदरंगी, बिछिया टोली, नवाटोली, कुम्हरिया गांवों के महाबीर मंडल के अखाड़े शामिल हुए। मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, विशिष्ट अतिथि डा. संजय कुमार, सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीराम व बजरंग बली के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव व डा. संजय कुमार ने लाठी भांजकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि बिंदेश्वर उरांव ने कहा कि भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में कभी मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया। भगवान राम ने करुणा, दया, सत्य, सदाचार,और धर्म के मार्ग पर चलते हुए राज किया। उन्होंने अपनी कोई भी दैवीय शक्तियों का इस्तेमाल नहीं किया और एक साधारण मनुष्य की तरह जीवन व्यतीत किए। उन्होंने कहा कि श्रीराम भरत के लिए आदर्श भाई, हनुमान के लिए स्वामी, प्रजा के लिए नीति-कुशल व न्यायप्रिय राजा, सुग्रीव व केवट के परम मित्र और सेना को साथ लेकर चलने वाले व्यक्तित्व के रूप में भगवान राम को पहचाना जाता है। उनके इन्हीं गुणों के कारण उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम राम के नाम से पूजा जाता है। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में सफल महावीर अखाड़ों को अतिथियों द्वारा पुरुष्कृत किया गया। मौके पर मुख्यालय डीएसपी समीर तिर्की, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, एलआरडीसी, ईश्वरी मोहन शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार, अजीत अग्रवाल, अनित कुंदन, बालकृष्णा सिंह, श्रीकांत गुप्ता, धीरजू यादव, अमित गुप्ता, बबलू पंडा, आकाश यादव, मदन लोहरा, विकास लहेरी, बैजू साहू, विवेक यादव, संजय गुप्ता, शुभम गुप्ता, प्रदीप गुप्ता,चंदन लहेरी,आंनद दुबे सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## पारम्परिक मार्ग से रामनवमी का त्योहार संपन्न, कल निकलेगी भरत मिलाप की भव्य शोभायात्रा



**कैरो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोहरदगा प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा में 17 अप्रैल बुधवार को प्रखण्ड क्षेत्र के गाँव कैरो,चरिमा,हनहट समेत विभिन्न गांव में रामनवमी के जुलूस पारम्परिक मार्ग से हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गई । वही आज 18 अप्रैल गुरुवार को भव्य निकाली जाएगी भरत मिलाप की शोभायात्रा । इसके लिये आयोजन समिति ने शोभायात्रा कार्यक्रम के निमित्त 04 जिलो से 110 आखाडो को आमंत्रित किया है। रामनवमी का त्योहार व मेला, प्रखंड क्षेत्र के गाँवो मे शांति पूर्वक संपन्न हुई।खासकर कैरो में नवमी के दिन निकलने वाली जुलूस जो कैरो मेला टांड़ से शुरु होकर मुख्य चौक,पाठक के घर होते नाजिर खान के घर होते आगे तक गई तथा वापसी में चांदनी चौक कैरो मुस्लिम टोली,साहू मुहल्ला होते हुए पुनः मेला टांड़ लौटी।इससे पूर्व सभी श्रदालुओ द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई तथा जुलुश में जय श्री राम आदि नारे लगाते हुए नाचते झूमते हुए जुलूस निकाले।जुलूस में शांति व्यवस्था बनाये रखने में उपविकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखवत ने कैरो पहुँच कर बीडीओ छंदा भटाचार्य से रामनवमी से सम्बंधित समस्त कार्यक्रमो की जानकारी लिया।कैरो थाना पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। कैरो थाना प्रभारी नीरज झा बीडीओ छंदा भटाचार्य के साथ साथ पुलिस जवान तैनात रहे।प्रखण्ड अंचल कार्यालय के द्वारा जगह जगह पर सद्भावना मंच लगाया गया जहां पर जुलूस में समिल लोगो का स्वागत किया गया तथा लोगो के बीच चना गुड़ पानी का वितरण किया गया।

# शांतिपूर्ण वातावरण में सद्भावना के साथ मना रामनवमी का पर्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू (लातेहार) :** प्रखंड क्षेत्र मे रामनवमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में पुरे सद्भावना के साथ मनाया गया. सुबह से ही लोगों मे रामनवमी पुजा को लेकर उत्साह देखा गया. प्रखंड मुख्यालय स्थित राम जानकी मंदिर,सहित क्षेत्र के सभी मंदिर व मंडपो में स्थानीय पुरोहितो ने पुजा अर्चना कराया.वही लोगों ने अपनी आस्था के अनुरुप अपने अपने घरो पर भी पुजा की साथ ही .प्रखंड मुख्यालय के साथ डाढा, फुलसु गोनिया भाटचतरा मे भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे भारी संख्या मे राम भक्त महावीरी झंडा लेकर शामिल हुए. .जय श्री राम के नाम के उद्घोष से सारा क्षेत्र राममय रहा.इस दौरान क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाए रखने व.असमाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए थाना प्रभारी राजा दिलावार सदलवल के मुस्तैद रहे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आधार निगरानी समिति की बैठक संपन्न

# छूटे हुए लोगों का आधार बनाने व आधार अपडेशन से संबंधित दिए निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला आधार निगरानी समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से उन्होंने छूटे हुए आदिम जाति एवं आदिम जनजाति परिवार के सदस्यों का आधार प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द बनाने का निर्देश दिया। वैसे लोग जिनका आधार बनाए हुए 10 साल से अधिक हो गया है उनका आधार अपडेशन हेतु अभियान मोड में कार्य करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रखंड कार्यालय बीआरसी, आईसीडएस, व डाकघर में अधिष्ठापित वैसे केंद्र जो वर्तमान में संचालित नहीं है उसे



संचालित करने का निर्देश दिया गया।

उक्त बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र आधार जिला परियोजना पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, आधार क्षेत्रीय कार्यालय से आए प्रतिनिधि, सीएससी मैनेजर प्रेम कुमार समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# चैत शुक्ल पक्ष नवमी के अवसर पर भव्य मेला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा :** लोहरदगा आस्था का महापर्व रामनवमी के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में रामजन्मोत्सव के अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया गया। सुबह से ही राम भक्त रामजन्मोत्सव पर सुबह से ही भगवान श्री राम व भक्त हनुमान जी का पूजा अर्चना में मग्न थे। जिसे रामनवमी त्यौहार को लेकर सभी के मन मे उत्साह था। वही प्रखंड क्षेत्र के बाजार डॉड़ू, कोराम्बे,अरु,चन्दकोपा,बरही, चमडू सहित विभिन्न गाँवों में रामनामी त्यौहार के अवसर पर मेला आयोजन समिति द्वारा भव्य मेला का आयोजन किया गया। साथ ही हनुमान पताका से पूरे क्षेत्र पटा हुआ था। वही डीजे व बैंड बाजा के साथ जुलूस में बच्चे बूढ़े व युवक हाथ मे लाठी डंडा व पारम्परिक हथियार लेकर नाचते थिरकते नजर आये तथा जय श्री राम, जय बजरंगबली, रामलखन जानकी जय



बोलो हनुमान की नारा से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। वही जगह जगह पर जुलूस में शामिल लोगों का विभिन्न संगठन के लोग चना,गुड़,पानी व शरबत देकर सभी राम भक्तो का स्वागत किया गया। मेला में मिठाई, खिलौना, श्रृंगार सहित अन्य चीजों का भी खूब बिक्री हुआ। रामनवमी के त्यौहार शांति व सौहार्द से सम्पन्न हो सके जिसके लिये दंडाधिकारी के साथ सभी जगहों पर प्रखंड और पुलिस प्रशासन चौकस नजर आई साथ ही मेला आयोजन कमिटी के लोग भी शांतिपूर्वक भाईचारा के साथ मनाने के उद्देश्य से सभी लोग चौकस नजर आये। साथ ही मेला में आये सभी अखाड़ों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर नरायण भगत, मिथलेश मिश्रा, दीपेश भगत, बन्धन भगत, रामजीत यादव, रामदेनी नायक, सूर्य भूषण मिश्रा, राजू नायक, दयानन्द यादव, दिनेश यादव, रामशरण नायक सहित सैकड़ों राम भक्त उपस्थित थे।

# भाजपा ने की आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने सिमडेगा जिला भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकत्ताओं संग चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण बैठक की। 13 मई, दिन- सोमवार को सिमडेगा जिला के दो विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत लोकसभा का मतदान होना है। भाजपा परिवार के छोटे से लेकर बडे, सभी कार्यकर्ताओं ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारी बहुमतों के साथ फिर से केन्द्र की सरकार में अपने वर्चस्व को कायम रखने की दिशा में जितोड़ शक्ति झोंक दी है। प्रदेश अध्यक्ष शशांक ने कार्यकर्ताओं से कहा युवा मोर्चा ने ठाना है, देश में कमल खिलाना है। पुरे प्रदेश के सभी 14 लोकसभा सीट पर जीत की चाह को व्यक्त करते हुए बताया कि 14 लोकसभा



कैसे जितें इसपर सभी को मथन और सजग होकर कार्य करना होगा। भाजपा ने 10 साल में भारत देश को ऊँच कोटि पर पहुंचाया है, 2014 से पहले सोचना तो दूर कभी नहीं किया गया। धारा 370, राम मंदिर जैसे बड़े.बडे अटकनों को भाजपा की सरकार ने सुलझाने का कार्य किया है। यह जनता जानती है। आज भारत देश ने पूरे विश्व में अनुपम छाप छोड़ी है। प्रदेश में 2019 के बाद जेएमएम, काँग्रेस की सरकार ने जनता को केवल ठगने का काम किया है। आज क्षेत्र में बढ़े क्राईम के साथ-साथ हत्या, महिला उत्पीड़न जैसी समस्या निर्भीक रूप से अपने पैर को पसारे हुये है, यह सरकार की कमजोरी है। जनता यह सब देख रही है, इस बार 400 पार के संकल्प के साथ प्रदेश में भी भाजपा की सरकार आयेगी। युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता चले रहे विभिन्न अभियानों के माध्यम से बूथ स्तर पर जनता से सीधा संवाद करें। जनता के समक्ष विपक्षी पार्टियों के द्वारा जो भ्रामक बातें बताई गई है, उसका जनता के बीच खण्डन करें। केन्द्र सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को जागरूक करें और प्रदेश की सरकार की विफलताओं के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा, पार्टी के झण्डे का डन्डा है, युवा मोर्चा जितना सशक्त और मजबूत होगा, उतना जिला आगे बढ़ेगा। नामांकन के दिन युवा मोर्चा बढ़ङ्कचढ़ कर भाग ले। गावङ्कगाव चौपाल करें। इसके अलावे उन्होने पूरे जोश एवं खरोस के साथ युवा कार्यकत्ताओं को महत्वपूर्ण बातें बताई।

# इंडिया गठबंधन ने कभी स्थानीयता को नहीं दिया तरजीह, जनता सिखाएगी सबक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** इंडिया गठबंधन की ओर से आखिरकार लंबे इंतजार के बाद चतरा संसदीय सीट के प्रत्याशी के नाम की घोषणा हो गई। महागठबंधन ने राजद और कांग्रेस खेमे में प्रत्याशी को लेकर लगातार किये जा रहे अलग- अलग दावों पर विराम लगाते हुए चतरा सीट कांग्रेस के खाते मे दे दिया है। जिसके बाद कांग्रेस ने डाल्टेनगंज के पूर्व विधायक सह प्रदेश के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी पर विश्वास जताते हुए उन्हें चतरा लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी घोषित किया है। डालटनगंज जिले के रेडमा काशी नगर मोहल्ला निवासी कृष्णा नंदन त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाए जाने पर चतरा के भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह ने चुटकी ली है। उन्होंने कहा है कि जिन्हें चतरा की जानकारी तक नहीं है। उनसे विकास की उम्मीद अपने आप में बेईमानी होगी। भाजपा प्रत्याशी ने कहा है कि इंडिया एलाइंस में शामिल पार्टियों ने कभी भी स्थानीयता को न ही प्राथमिकता दिया है और ना ही यहां के बेटे को चुनाव लड़ने का ही मौका मिला है। ऐसे में अब जनता जाग चुकी है। महागठबंधन में शामिल पार्टियों को मतदाता जरूर सबक सिखाएंगे। भारतीय जनता पार्टी के चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने पीटीआई से बात करते हुए कहा है कि यहां के लोगों की लंबी मांग रही है कि चतरा के स्थानीय बेटे को चुनाव लड़कर यहां के लोगों की सेवा करने का मौका विभिन्न पार्टियों के द्वारा दी जाए। आम जनमानस की भावनाओं का ख्याल रखते हुए विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को अपना प्रत्याशी बनाकर चतरा के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करने का मौका दे दिया है। उन्होंने कहा कि




मैं घर-घर का बेटा हूं। किसी के साथ खेला हूं, किसी के साथ पढ़ा हूं। कोई मेरा चाचा है, मैं किसी का काका हूं। ऐसे में घर-घर के लोगों ने तय कर लिया है कि अपने बेटे को ही जिताकर लोकतंत्र के मंदिर में भेजेंगे। कालीचरण सिंह ने कहा कि केएन त्रिपाठी चतरा संसदीय क्षेत्र के रहने वाले ही नहीं हैं। ऐसे में उन्हें यहां के विकास की ना तो चिंता होगी और ना ही यहां के लोगों के दर्द का ही अहसास होगा। उन्होंने कहा कि मैंने पूर्व में ही कह दिया था कि महागठबंधन में शामिल पार्टियों को मेरे विरुद्ध चुनाव लड़ने के लिए कोई स्थानीय बेटा नहीं मिल रहा है। जिसकी पुष्टि आज एक बार फिर केएन त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाकर इंडिया गठबंधन ने कर दिया है। बाहरी के प्रत्याशी बनने से उनके जीत का आंकड़ा और बढ़ गया है। लोग अब अस्वस्थ हो चुके हैं कि कांग्रेस जैसी पार्टियों को मतदान के दिन सबक सिखाना है।

# ढिबरा लदे तीन 709 वाहन जप्त, दो लोग गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** वन विभाग के टीम ने बुधवार की सुबह लखीबागी एसपी कोठी के समीप ढिबरा लदे तीन 709 वाहन जप्त किया. जानकारी के अनुसार रेंजर को मिली गुप्त सूचना के आघार पर ढोला कोला जंगल से ढिबरा लोड करके कई वाहन तिलैया की तरफ जा रहे, जिसके बाद वन विभाग की गाड़ी को देखते हुए गाडी स्पीड में भगाने लगे. लखीबागी के समीप इन तीन वाहनों को जप्त किया गया. इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार अभियुक्तो में रोहित कुमार मेहता पिता बलराम मेहता ग्राम ढोढाकोला, गुल्ली सिंह पिता रामेश्वर सिंह ग्राम ढोलकोला साफी के नाम शामिल है. इसके बाद वन विभाग के टीम ने गाड़ी ढिबरा लादे 709 वाहन जप्त करके वन परिसर लाया गया. गाड़ी में ढिबरा लगभग 15 टन लोड बताया जा रहा है जिसकी कीमत लगभग 2 लाख बताई जा रही है. मौके पर उस्मान अंसारी, छत्रपति शिवाजी, गोपाल यादव आदि मौजूद थे।

## कोडरमा में भाजपा को बड़ा झटका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** चुनाव से पहले कोडरमा संसदीय क्षेत्र में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। बरकट्ठा से भाजपा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव समेत उनके 117 सहयोगी कार्यकर्ताओं ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बरकट्ठा में चिंतन बैठक कर सामूहिक रुप से इस्तीफा दिया। जानकी यादव के इस्तीफा देने के बाद अटकलें काफी तेज हो गई हैं कि अब वे किस पार्टी का दामन थामेंगे। जानकी प्रसाद यादव ने इस्तीफा देने के बाद भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि कोडरमा लोकसभा सीट से चुनाव समिति में जगह नहीं मिला जिसके कारण बहुत दुखी हूं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कोडरमा सीट से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से भारी मत मिला था। पर इसके बाद भी पार्टी एक बार पूछने भी नहीं आई। यहां तक कि 2024 लोकसभा चुनाव में पार्टी ने मेरा नाम काटकर निर्दलीय विधायक अमित यादव को शामिल किया है, जिसे पार्टी ने 6 साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया था। इस कारण से कार्यकर्ताओं में काफी रोष है। हालांकि इस्तीफा के बाद जानकी प्रसाद के दूसरे पार्टी में शामिल होने की अभी तक कोई सूचना नहीं मिली है। पर सम्भावना है कि वे राजद या झामुमो का दामन थाम सकते हैं।

## एक नए सफ़र की शुरुआत कार्यक्रम का आयोजन




**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोकारो स्टील प्लांट से अप्रैल 2024 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में ÷एक नए सफ़र की शुरुआत÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (कार्मिक-फाइनल सेटलमेंट) अंकिता देव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया. डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) और योग विशेषज्ञ डॉ विनय योग ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया.उप महा प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) समीर कुमार रॉय ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी. एच डी एफ सी बैंक से रोहन सिंह तथा रबिश शर्मा ने उपस्थित समूह को धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी. सुश्री संगीता कुमारी, ए.सी.टी. (कार्मिक-फाइनल सेटलमेंट) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया. कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक (कार्मिक-फाइनल सेटलमेंट) अंकिता देव के धन्यवाद ज्ञापन से संपन्न हुआ।

## पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ने किया चना गुड़ एवं शरबत का वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड केरेडारी प्रखंड इकाई के सदस्यो के सौजन्य से प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव साहू एवं सदस्य पवन साहा के देख रेख में चना गुड़ शरबत का वितरण किया गया। इस बाबत प्रखंड अध्यक्ष बासुदेव साहू ने बताया कि हम सैनिक सेवा काल के दौरान समाज से दूर हो जाते हैं, अब हम लोग सेवानिवृत हो चुके हैं तो गांव समाज से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं।इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए आए दिन पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम किया जाता है। वितरण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, उप कोषाध्यक्ष वासुदेव साहू, अनुग्रह नारायण सिंह, पवन साहा समेत कई पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

# यूथ विंग ने लगातार तीसरे वर्ष लड्डू महाभोग का वितरण कर मनाया श्री राम जन्मोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** यूथ विंग ने रामनवमी के अवसर पर लगातार तीसरे वर्ष लड्डू महाभोग का वितरण कर रामनवमी का उत्सव धूमधाम से मनाया। 251 किलो लड्डू का वितरण किया गया।जिसमे सवा पांच किलो का एक लड्डू बनाया गया था। कार्यक्रम में अलौकिक राम दरबार बनाया गया जिसकी पूजा अर्चना पुजारी रोशन पांडे के द्वारा कराया गया वहीं यजमान स्वरूप संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं उनकी धर्मपत्नी लता जैन ने पूजा अर्चना किया। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल सहित कई अन्य लोगों ने उपस्थित होकर लड्डू भोग का वितरण रामभक्तों के बीच कर सबों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी।इस दौरान हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आगंतुक अतिथियों का जय श्री राम लिखा चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया गया। मौके पर श्री जायसवाल ने यूथ विंग के सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि हजारीबाग यूथ विंग समाजहित में सदैव एक मानदंड स्थापित किया है। संरक्षक चन्द्रप्रकाश जैन ने कहा कि हमारी कोशिश हर धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए समाज के लिए बेहतर सेवा कार्य करना है,भविष्य में भी यह सेवा कार्य जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव संजय कुमार,सह सचिव डॉ बी वेंकटेश उपाध्यक्ष विकास केसरी,जय प्रकाश



खण्डेलवाल,कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल,कार्यक्रम संयोजक अभिषेक पांडे,कार्यक्रम प्रभारी गुंजन मद्धेशिया कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी, शनि देव,शानू सिंह, प्रवेक जैन,प्रणीत जैन, सिद्धांत जैन,प्रिंस कसेरा अजीत चंद्रवंशी,सत्य नारायण सिंह,उदित तिवारी,मो ताजुद्दीन सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## जनसेवक क्रान्तिकारी संघ के द्वारा बी जी एच में रक्तदान शिविर का आयोजन




**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जनसेवक क्रान्तिकारी संघ के द्वारा बोकारो जेनरल अस्पताल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसका उद्देश्य थैलेसिमीया के मरीज को रक्त मुहैया कराना, तथा रक्त के कमी से लोगों की जान न जाए इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है. आज के रक्तदान शिविर में बीजीएच के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है.रक्तदान शिविर में बीजीएच के एडिशनल मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार ने बताया कि रक्त दान करने से दिल की बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है और कहा कि 18 साल से 60 साल तक का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से साल में तीन बार रक्तदान कर सकते हैं । रक्तदान करने से शरीर के किसी अंग में कमजोरी नहीं आती है। रक्तदान शिविर में बोकारो जेनरल अस्पताल के ब्लड बैंक के एडिशनल मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार, काउन्सलर सुश्री कविता कुमार (झारखण्ड सरकार) एवं रक्त केन्द्र के सहकर्मी सिस्टर रंजीता एक्का, राजेश , कौशल, लैब टेक्निसियन सुश्री पिंकी, सुश्री विभूतिका उपस्थित रहे।

# कटकमसांडी प्रखंड में दूसरा सहयोग सेवा समिति के कार्यालय का उद्घाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा कटकमसांडी प्रखंड में सेवा सहयोग समिति का दुसरा कार्यालय खोला गया है जिसका उद्घाटन मंगलवार को कटकमदाग प्रमुख विनिता कुमारी ,विजय राम मुखिया प्रतिनिधि, उदय साव विजय भोगता, मोहन पासवान, रोहित रविदास, अनिल भोगता द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर आसपास के कई लोग मौजूद रहे क्षेत्र के बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों की भी संख्या सेवा सहयोग समिति कार्यालय के उद्घाटन समारोह में काफी देखने को मिला। कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम वासियों को अब अपनी समस्याओं को लेकर भटकने की आवश्यकता नहीं उनकी समस्याओं का निवारण हेतु सेवा सहयोग समिति का दूसरा कार्यालय खोला गया है । इस कार्यालय में ब्लॉक संबंधित, बिजली,पानी संबंधित जैसी अन्य समस्याओं का सीधा निवारण किया जाएगा। युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने कहा कि वहां की जनता को तकलीफ ना हो इसके लिए मैं लगातार प्रयासरत हूं। इसी दृष्टिकोन से सेवा सहयोग समिति का दूसरा कार्यालय खोला गया है इस कार्यालय अंतर्गत प्रखंड की समस्त समस्याओं का निवारण किया जाएगा। ग्राम वासियों की सेवा के लिए हम उनके साथ हमेशा सदैव खड़े हैं। उद्घाटन में कटकमदाग प्रमुख विनिता कुमारी ,विजय राम मुखिया प्रतिनिधि, उदय साव विजय भोगता, मोहन पासवान, रोहित रविदास, अनिल भोगता, सुनील यादव, नवीन यादव, रेखा कुमारी, सीता देवी, नेहा विलोम, कलोमनी कुमारी, पाठक पाण्डे, डमर साव, चिंतामन भोगता, राजेंद्र भोगता, रोहित, रीता देवी प्रकाश, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## टाटा सुमो गोल्ड से मिली 60 बोतल अवैध शराब



सुमो गोल्ड जिसका नंबर जेएच 02एएस 6054 खड़ी है जिसमें काफी मात्रा में अवैध शराब रखा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** दारु मगंलवार रात्री को दारू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक चार पहिए वाहन से 60 बोतल अवैध शराब जप्त किया। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी सफीक खान ने बताया कि मुझे गुप्त सूचना मिली थी कि दारू बसोबर फुटबॉल खेल मैदान में एक टाटा [सुमो गोल्ड जिसका नंबर जेएच 02एएस 6054 खड़ी है जिसमें काफी मात्रा में अवैध शराब रखा] हुआ हैं। तत्पश्चात पुलिस बल के साथ मै घटनास्थल पर पहुंचा तबतक गाड़ी में सवार लोग भाग चुके थे,उसके बाद गाड़ी को अपने कब्जे में लिया। गाडी से 60 बोतल अवैध शराब बरामद किया गया है। इस मामला को लेकर अज्ञात लोगो पर प्राथमिकी 23 /24 दर्ज कर ली गई हैं आगे छानबीन जारी है।

## हरली रामनवमी मेलाटांड़ में 25 हजार लोग मेला में हुए शामिल, सैकड़ो महावीर झंडा का हुआ मिलान



**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के हरली रामनवमी मेला टांड़ में लगभग 25 हजार लोग पहुंचे थे। सैकड़ो महावीरी झंडा के साथ हुआ झंडा का मिलन। हर तरफ जय श्री राम, जय हनुमान की जय घोष से गली मोहल्ला गुंजायमान हो रहा था। कई गांवों से एक से बढ़कर एक कई आकर्षक झांकियां निकाली गई। मेलाटांड़ में गंगा दोहर, बिश्रामपुर, शिवाडीह, मोतरा, गोंदलपुरा, मधैयाढाब, खरांटी एवं अन्य गांव की रामनवमी जुलूस एवं झांकी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान अखाड़े के द्वारा जुलूस व आकर्षक झांकियां निकाली गई जिसमें सैकड़ो लोगों ने जमकर लाठी खेली और करतब दिखाया। हरली ग्राम पूजा समिति के अध्यक्ष रामसुंदर महतो की अध्यक्षता में हरली मेलाटांड़ में मेले का उद्घाटन किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। हरली पूजा समिति के द्वारा झांकी के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया। वही प्लांडू में झांकी व महावीरी झंडा निकाली गई जिसमें परेवातरी, झीकझोर, उरेज, पतरा, सोदी, आंगो, चेलंगदाग, लुकैया, कोयलंग, दीपदहा, बगाही, लम्कीटांड, अम्बाटोला, सतवहिया, इत्यादि दर्जनों गांवों के लोग भाग लिए। मेले को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए बड़कागांव पुलिस प्रशासन की ओर से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे। मौके पर शामिल लोगों में पूजा समिति अध्यक्ष रामसुंदर महतो, सचिव उमेश महतो, कोषाध्यक्ष धनेश्वर महतो, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जीप सदस्य सुनीता देवी, सबुर महतो, मुखिया कविता देवी, पूर्व मुखिया महेंद्र महतो, अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार, बिगेश्वर महतो, टूकेस्वर प्रसाद, त्रिवेणी महतो, उपेंद्र महतो, सोहनलाल मेहता, रामेश्वर राम, सुरेश प्रसाद, बालेश्वर कुमार , उमेश दांगी, इंद्रजीत कुमार, विक्रम महतो, राहुल महतो, उदय महतो, शिव शंकर महतो, पलांडू में अध्यक्ष तलसवार पंचायत पूर्व मुखिया शुक्ला तुरी, सूबेदार कर माली, प्रदीप कुमार, ईश्वर कुमार के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।

# स्वर्णकार समाज ने हनुमान मंदिर में चढ़ाया ढाई किलो चांदी का झंडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** दैनिक बाजार स्थित हनुमान मंदिर में स्वर्णकार समाज के द्वारा ढाई किलो चांदी का झंडा चढ़ाया गया। उक्त चांदी के झंडे में स्वर्णकार समाज के एक एक घर से प्रतिवर्ष चांदी लेकर झंडे का आकार बढ़ाया जाता है। यह कार्य विगत 8 वर्षो से किया जा रहा है। शुरुआती वर्ष में झंडे का वजन 450 ग्राम था। वर्षो में चांदी जोड़ कर ढाई किलो किया गया। झंडा में प्रतिवर्ष चांदी जोड़ कर बढ़ाया जाता है। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से चैती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अरविंद वर्मा, सचिव मनोज सोनी, रामसेवक सोनी, राजू सोनी, प्रकाश सोनी, बृजेश वर्मा, गौतम वर्मा, सरोज सोनी, मुरली प्रसाद सोनी, विकास सोनी, रोशन सोनी, गोलू गुप्ता, पिंकू सोनी सरोज सोनी, चंदन कुमार सोनी, भुवनेश्वर सोनी, शंकर मिश्रा, भुलन साव, राजकिशोर सोनी, इंग्लेश सोनी, रामेश्वर सोनी, रामस्वरूप सोनी के अलावा अन्य लोग शामिल थे।

# समाजसेवी अनूप भाई ने विभिन्न अखाड़ों में भगवा ध्वज, लाठी एवं गमछा का किया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले के बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के कई प्रखंडों में विश्व विख्यात रामनवमी के शुभ अवसर पर समाजसेवी अनूप भाई ने सभी रामनवमी अखाड़ों में जाकर भगवा गमछा, लाठी व भगवा ध्वज का वितरण कर शुभकामनाएं दी।कहा कि भगवान राम का जन्म रावण के अत्याचारों को खत्म करने के लिए हुआ था, वे मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहलाए।उन्होंने रामभक्तो से नशा मुक्त रामनवमी मनाने की अपील भी की। मानने की अपील की। वितरण का कार्य इचाक प्रखंड के दरिया, बरका, कलाद्वार,



कुरह, गूंजा, छावनी, कुटुमसुकरी, साडम, बोंगा पेठियाबाघी में किया गया। बोंगा में समाजसेवी अनूप भाई का जय श्री राम के पट्टे से स्वागत भी किया गया। मौके पर दरिया क्लब से पवन मेहता,कालाद्वार से उमेश चंद्रवंशी, अनूप चंद्रवंशी, करण कुमार, कुरह से नरेश मेहता, गूंजा से प्रदीप मेहता, साडम से शैलेश कुमार सिंह, बलवंत कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह, रूपेश ठाकुर समेत कई राम भक्त मौजूद थे।

## करमा मे जल यात्रा से पांच दिविसीय रुद्र महायज्ञ हुआ आरंभ



**टाटीझरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के खैरा पंचायत के करमा गांव मे पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार, खैरा पंचायत की मुखिया कुमारी माधुरी, पसंस बिनय कुमार दास, समाज सेवी अरविंद केशरी मौजूद थे। स्थानीय मुखिया कुमारी माधुरी ने कहा की यज्ञ होने से खैरा पंचायत समेत टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि प्राप्त होती है।वही युवा नेता गौतम कुमार ने कहा की मुझे सौभाग्य मिला है की इतने माताओ बहनों श्रद्धालुओ संग विश्व की शांति के लिए कलश लेकर कड़ी धुप मे पैदल पद जल यात्रा में सम्मिलित होने का अवसर मिला । पूरा क्षेत्र जय श्री राम , हर हर महादेव के जय घोष से गुंजाय मान हो गया .बता दे की नदी में आचार्य संग क्षेत्रीय पुरोहितों में सुनील पांडेय ,विजय पांडेय ,अभिषेक पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर श्रद्धालुओ से कलश में जल भराया । जल यात्रा के दौरान कृष्णदेव राणा,महेश अग्रवाल, मिथलेश पाठक,रामानंद राणा,तुलेश्वर राणा, किशोरी राणा, बद्री साव, सुजीत राणा, बैजनाथ यादव, उपेंद्र पाण्डेय, शंकर वर्मा, प्रदीप कुशवाहा, अंजु कुमारी, सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

# माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्रा भंडारा के साथ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्रा भंडारा के साथ संपन्न हुआ। इस भंडारे में रामगढ़ सहित आस पास क्षेत्रों के लगभग पन्द्रह हजार श्रद्धालुओं ने मां वैष्णों देवी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में बासंती नवरात्रा बीते 9 अप्रैल को कलश स्थापना से शुरू हुआ था, जो बुधवार को माता के अटूट भंडारा के साथ संपन्न हुआ। भंडारा सुबह 8 बजे से शुरू हुआ, जो शाम तक चला। इस भंडारे में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता का जयकारा लगाते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे को सफल बनाने में पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव सहित बिरादरी के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। वही इस मौके पर पंजाबी हिंदू बिरादरी के विश्वनाथ अरोड़ा, रमन मेहरा, सुरेंद्र सोबती, जेके शर्मा, सुभाष मारवाह, नरेश मारवाह, ओकार मल्होत्रा आदि मौजूद थेद्य

## डीसी एसपी समेत अन्य नें लिया रामनवमी जुलूस को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा) :** थाना के विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी जुलूस को लेकर कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एस पी अनुदीप सिंह कोडरमा एसडीओ रिया सिंह, डीएसपी दिवाकर कुमार ने दौरा किया। 17 अप्रैल के दिन रामनवमी के अवसर पर निकल रही जुलूस का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि डीजे नही बजाना है और शांति पूर्ण तरीके से त्यौहार को मनाए। किसी को ठेस नही पहुंचे इसका ध्यान रखे। उन्होंने 10 बजे रात से लौडीस्पिकर बंद करने की सलाह दी। वही मौके पर अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो, थाना प्रभारी सौरभ शर्मा,एएसआई मदन मोहन शर्मा, सीआई दिनेश राम समेत जिला पुलिस व प्रखंड पुलिस बल मौजूद थे।

## फ्लिपकार्ट का वीआईपी सब्सक्रिप्शन प्रोग्राम अब रांची के ग्राहकों के लिए भी उपलब्ध

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव बेहतर बनाने और साथ ही, हर ग्राहक को बैस्ट वैल्यू का लाभ दिलाने के मकसद से, वीआईपी सब्सक्रिप्शन प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की है। इस प्रोग्राम को अब रांची, अहमदाबाद, भुवनेश्वर, कोयंबतूर, गोवाहाटी, हैदराबाद,पटना और पुणे के ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराया गया है। इससे पहले, यह प्रोग्राम बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर, कोलकाता और मुंबई में सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। फ्लिपकार्ट वीआईपी प्रोग्राम से जुड़ने पर आपको कई विशेष लाभ मिलेंगे, जिसमें लाखों प्रोडक्ट्स पर फ्री 48-घंटे डिलीवरी, 100 प्रतिशत प्रोडक्ट्स के भुगतान के लिए सुपरकॉइन्स के इस्तेमाल पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त बचत का लाभ, समर्पित कस्टमर सपोर्ट टीम तक तुरंत एक्सेस सुविधा, क्लियरट्रिप पर फ्लाइट्स रीशैड्यूलिंग मात्र 1 रु में, क्लियरट्रिप होटल बुकिंग्स पर अतिरिक्त ऑफर, 48 घंटे के भीतर रिटर्न पिक-अप, और शॉपिंग फेस्टिवल्स में गारंटीशुदा अर्ली एक्सेस। मात्र 499/रु की सालाना फीस के बदले वीआईपी प्रोग्राम की सुविधा के तहत् ग्राहकों को मिलेंगे ऐसे रिवार्ड्स जो उन्हें फ्लिपकार्ट पर बेहतरी शॉपिंग अनुभव दिलाएंगे। नए वीआईपी ग्राहकों के लिए सीमित समय तक ऑफर है ताकि वे प्रत्येक ग्रॉसरी ऑर्डर पर बचत का लाभ ले सकें। फ्लिपकार्ट लॉयल्टी प्रोग्राम (फ्लिपकार्ट प्लस और प्लस प्रीमियम) भी ग्राहकों के लिए जारी रहेगा ताकि वे इसका लाभ उठा सकें।

## हवन के साथ मां के नवमी रूप सिद्धिदात्री की पूजा संपन्न

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सारूबेडा बैंक ऑफ़ इंडिया के पास स्थित दुर्गा मंदिर में दुर्गा माता की स्थापित मूर्ति के सामने मां की नवमी रूप सिद्धिदात्री की पूजा पुरोहित आचार्य मृत्युंजय पांडे एवं यजमान बने कुमार महेश सिंह के द्वारा मंत्र उच्चारण एवं विधि विधान एवं हवन के साथ पूजा संपन्न हुई । पूजा के बाद जगत जननी जगदंबा की आरती की गई। इस अवसर पर श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक एवं यजमान बने कुमार महेश सिंह ने कहां की जगत



जननी सब पर अपनी कृपा बनाए रखें यही मन से प्रार्थना करता हूं। आचार्य मृत्युंजय पांडे ने कहा कि जगत जननी जगदंबा की पूजा करने से सुख समृद्धि एवं सौभाग्य की प्राप्ति होती है। पूजा को सफल बनाने में मनोज मिश्रा, इंदल सिंह, सत्येंद्र सिंह, प्रकाश सिन्हा संतोष सिंह, धनंजय सिंह, राकेश सिंह, राजीव सिंह, प्रकाश महतो, रोजे करमाली सहित सदस्यों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## रामनवमी को लेकर मंदीरों में हुआ ध्वजारोहण कई जगह निकले जुलुस

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सभी बजरंगबली मंदीरों में लोगो ने विधि विधान से साथ ध्वजारोहण किया । जगह जगह अखाड़े भी निकले गये । जय श्री राम के जयकारों से माहोल भक्तिमय बना रहा । शांति व्यवस्था को लेकर बेंगाबाद प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट दिखे । त्यौहारों को शांति पूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए बेंगाबाद पुलिस की टीम पूरे प्रखण्ड का निरंतर भ्रमण किया । इसी क्रम में बेंगाबाद पुलिस इंस्पेटर ममता कुमारी , थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह , बीडीओ निशा कुमारी अंचलाधिकारी ने प्रखंड के अन्य पंचायतों के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर लोगों से शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व मनाने की अपील की। हालांकी पूजा के दिन माहोल शांति पूर्ण रहा ।

## चास जोधाडीह हनुमान मंदिर समीप किया गया प्याऊ की व्यवस्था

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चास स्थित जोधाडीह मोड के हनुमान मंदिर के सामने प्याऊ का उद्घाटन रामकृष्ण मठ के स्वामी शशांक नंदा ने किया साथ में भाजपा नेत्री डॉ परिंदा सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थी। इसके पूर्व तुलसी का पौधा एवं शॉल ओढ़ाकर स्वामी जी का स्वागत किया गया। स्वामी जी ने अपने संबोधन में कहां कि प्यासे को जल उपलब्ध कराना धर्म का काम है उन्होंने रोजगार परक शिक्षा पर बल दिया। डॉक्टर परिंदा ने अपने संबोधन में प्याऊ खोलने पर ईस्ट इंडिया कंपनी के तनेजा परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा की पथिकों को भीषण गर्मी में जल सहज रूप से मिल पाएगा। परिंदा ने कहा यह अत्यंत पुण्य का काम है। अशोक तनेजा ने कहा की तनेजा परिवार प्रत्येक वर्ष गर्मियों में राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराते आ रहा है। कमल तनेजा ने कहा कि यह कार्यक्रम आगे भी अनवरत चलता रहेगा।चास अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने भी उपस्थित होकर प्याऊ खोलने पर तनेजा बंधुओं की प्रसंशा की।चास रोटरी क्लब की अध्यक्ष पूजा बैद, हनुमान मंदिर के मंतोष ठाकुर, गुरुद्वारा कमेटी के हरदीप सिंह,अशोक केडिया, देबू पाल, संजय बैद, मोहम्मद फैयाज, आजाद, राहुल प्रमाणिक, गौतम सहित कम्प्यूटर सेंटर के बच्चें भी विशेष तौर पर उपस्थित थे।

## दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में विधि विधान के साथ किया गया पूजन व हवन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैती नवरात्र के अवसर पर बरकाकाना दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में पूरे विधि विधान के साथ माता के नौ रूपों का पूजन किया गया। नवमी के दिन पुजारी प्रभु नाथ मिश्रा, सदानंद चक्रवर्ती द्वारा मुख्य अजवाइन शशि गुप्ता स पत्नी को विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करवा कर हवन, नव कन्या की पूजन की गई। जिसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सभी वर्ग के लोगों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया।ज्ञात हो बरकाकाना में इकलौता दक्षिणेश्वरी काली मंदिर होने के कारण प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। सच्चे मन से मांगे गए सभी मुराद माता के दरबार में पूरी होती है। उक्त मंदिर बरकाकाना सहायक मंडल अभियंता कार्यालय के पास स्थित है। बरकाकाना के सहायक मंडल अभियंता परमानंद प्रसाद द्वारा मंदिर का सौंदर्यकरण का काम करवाया गया है।

## सतगावां में रामनवमी को लेकर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में बुधवार को विश्वहिंद परिषद व बजरंग दल के द्वारा भव्य राम नवमी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा की शुरुआत बासोडीह के हटिया मैदान में सभी बजरंगियों का एकत्रीकरण किया गया । शोभायात्रा के मुख्य अतिथि जिप सदस्य नीतू कुमारी व उप प्रमुख मनोज कुमार निराला मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस सभी उपस्थित अथितियों का भगवा पट्टा व पगड़ी पहना कर सम्मानित किया। सोभायात्रा हटिया मैदान से निकल कर विभिन्न इलाकों से गुजरी. जगह-जगह लोगों ने इसका स्वागत किया. शोभा यात्रा हटिया मैदान से निकलकर बासोडीह बाजार होते हुए रामडीह तक गयी। जहां से पुनः वापस लौट कर बासोडीह बाजार होकर बरियारडीह ,पचमौह, कलीडीह,आदि का भ्रमण कर हलकुशा स्थित दुर्गा मंदिर में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा स्थल पहुँची। सबसे खास बात यह रही की शोभायात्रा जिस किसी मार्ग से गुजरी वहां का वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से काफी पुलिस फोर्स तैनात किये गये थे. जगह-जगह पर मजिस्ट्रेट भी तैनात थे. बिजली विभाग ने शोभायात्रा मार्ग की बिजली पहले से काट रखी थी।

# जय श्री राम के नारो से गुंजायमान हो उठा सयाल की पावन धरती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल के प्राचीन शिव मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कि शोभायात्रा बुधवार शाम निकाली गई।वहीं सर्वप्रथम पुजारी के द्वारा महाविरी झंडा का विधिवत पूजा अर्चना किया गया। वहीं यह झांकी सयाल के सिद्धेश्वर नाथ मंदिर से होते हुए सयाल जमुरिया बाजार,टेकर स्टेंड,नालापार,पीपला सेंटर,आजाद रोड,चीफ हाउस होते हुए मेन रोड से पोडा गेट पहुंची। वही यह झांकी पुनः सयाल प्राचीन शिव मंदिर पर आकर विराम हुई।वहीं इस रामनवमी शोभायात्रा में आकर्षक झांकी निकाली गई। जिसमें छोटे छोटे बच्चे भगवान श्री राम,माता सीता व लक्ष्मण एवं भगवान हनुमान का रुप धारण किए



हुए थे। वहीं इस मौके पर पुर्व जिला पार्षद अर्चना देवी, भुरकुंडा ओपी के कुणाल कुमार, बीरेंद्र पासवान, पंचायत समिति कंचन कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि सतेंद्र यादव, सयाल रामनवमी समिति के संरक्षक उदय मेहता, पंसस प्रतिनिधि कृष्णा साव, समाजसेवी अनूप कुमार पिन्टू सिंह, बिनोद कुमार, उपमुखिया बीमलेश कुमार, मोनू साव,सन्नी कुमार, भूषण शर्मा, साहिल, ऋषि, अंशु, गोलू, पिन्टू मुंडा,सोनू भगत, पुनीत, छोटन सिंह, सशि दुसाद,रवि सिंह, आशीष, कुंदन, रोशन, सूरज, चिकु, बंटी, टिंकू आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ में रामनवमी के मौके पर मंदिरों में दिखी श्रद्धालुओं की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में श्री रामनवमी महोत्सव के मौके पर मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ीद्य जिला के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में सुबह 6ः00 से ही श्रद्धालु पहुंचने लगेद्य मंदिर परिसर में श्रद्धालु पूजा अर्चना कर राम झंडे लगाए।इस मौके पर शहर के कई प्रसिद्ध मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई पड़ी। शहर के श्री संकट मोचन मंदिर, प्राचीन महावीर मंदिर,श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर,श्री जलाराम मंदिर,श्री हनुमान मंदिर नई सराय,श्री सत्यनारायण मंदिर सहित अन्य मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचेद्य मंदिरों में श्रद्धालु पूजा अर्चना के बाद महावीरी झंडा फहराया द्य इस दौरान मंदिरों से जय श्री राम, बजरंगबली की जय,श्री संकट मोचन हनुमान की जय के नारे गूंजते रहेद्य सुबह 6ः00 से लेकर दोपहर बाद 1ः00 तक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी।

## रामगढ़ ने कोडरमा को 8 विकेट से हराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का आज ग्राउंड 1. में छावनी क्रिकेट ग्राउंड में कोडरमा व रामगढ़ के बीच खेला गया। कोडरमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 21.2 ओवर मे 96/10 विकेट खोकर रन किया। जिसमें अर्पित कुमार 30 रन एवं हसनैन राजा 10 रन ही बनाये। रामगढ़ की ओर से गेंदबाज संयम शर्मा 6.2 ओवर में 27/2 विकेट एवं देवेश गोयल 6 ओवर में 21/3 विकेट सुभम को 2 2, एवं हर्षित व सचिन को 1-1 विकेट मिला,। लक्ष्य की पीछा करने उतरी रामगढ़ ने 13.3 ओवर में 99/2 के नुकसान पर बना लिया. मुख्य बल्लेबाज संयम शर्मा 43 रन नाबाद एवं सचिन कुमार सिंह 26 रन योगदान दिया।




कोडरमा की ओर से अर्पित कुमार को 3 ओवर 17/2 विकेट मिला, रामगढ़ 8 विकेट से इस मैच को जीत लिया। मैच के अंपायर उमेश पाठक तथा अजित कुमार थे जबकि स्कोरिंग अमित कुमार तिवारी ने किया । मैच ऑब्जर्बर सुब्रोतो घोष तथा लाइजनर ऑफिसर शंभू कुमार सिंह थे। मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय समेत कई लोग उपस्थित थे । रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय लाइजनर ऑफिसर शंभू कुमार सिंह मैच ऑब्जर्वर सुब्रतो घोष एवं अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी संयम शर्मा को भेंट किया।

## राम का चरित्र एवं उनके किए गए कार्य मानव समाज को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है : कुमार महेश सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुजू :** मांडू प्रखंड के सीसीएल कुज्जू क्षेत्र के सारूबेडा पुराना हनुमान मंदिर में रामनवमी को धूमधाम से मनाया गयाद्य इस क्षेत्र के प्रकांड विद्वान पुरोहित आचार्य जन्माष्टमी शंकर पांडे एवं उनके पुत्र नारायण पांडे ने संयुक्त रूप से रात्रि 12ः00 बजे के बाद से ही विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ हवन को पूर्ण कर संपन्न करायाद्य हवन के बाद प्रभु श्री रामचंद्र की आरती एवं हनुमान जी की आरती की गईद्य यजमान के रूप में तेज प्रताप सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम सिंह ने विधि विधान के साथ पूजन एवं हवन की, सभी भक्त श्रद्धालुओं के साथ आरती संपन्न हुईद्य इस संबंध में समाजसेवी एवं हनुमान मंदिर के संरक्षक कुमार महेश सिंह ने क्षेत्र के लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए



कहां की अपने जीवन में श्री राम के चरित्र एवं उनके द्वारा किए गए कार्य मानव समाज को आत्मसात करने की प्रेरणा देता हैद्य उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम राम भी कहा गया है द्य आचार्य रमाशंकर पांडे ने कहा कि मानव जगत को प्रभु श्री राम के रामायण एवं हनुमान के सुंदरकांड को अवश्य पढ़ाना चाहिए इससे मनुष्य के जीवन में सुख समृद्धि की वृद्धि होती हैद्य रामनवमी कार्यक्रम को सफल बनाने में हनुमान मंदिर के अध्यक्ष आर दक्षिणी के मुखिया रोजे करमाली, उपाध्यक्ष पारस महतो एवं अशोक साव, सचिव अजय सिंह सह सचिव तेज प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज मिश्रा एवं इंदल सिंह, चंदा प्रभारी नवल महतो के अलावे सदस्य सुधीर सिंह, प्रकाश सिन्हा, प्रकाश महतो, संजय साव, सुजीत सिंह मनोज श्रीवास्तव, सोनू सिंह की प्रमुख भूमिका है।

## हजारीबाग ने जमशेदपुर को 54 रन से हराया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का आज ग्राउंड 2. सेल इफको क्रिकेट ग्राउंड में हजारीबाग ङ्क्षद्य जमशेदपुर के बीच खेला गया हजारीबाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 42.2 ओवर मे 184/10 विकेट खोकर रन किया। जिसमें आमिनेश कुमार 41 रन एवं शिवम कुमार 33 रन ही बनाये। जमशेदपुर की ओर से गेंदबाज शिवम कुमार मुखी 9 ओवर में 53/4 विकेट मिला,। लक्ष्य की पीछा करने उतरी जमशेदपुर ने 35.4 ओवर में 130/10 के नुकसान पर बना पाये.। हजारीबाग की ओर से गेंदबाज अक्षित कुमार को 8.4 ओवर 41/4 विकेट मिला, हजारीबाग 54 रन से इस मैच को जीत लिया। मैच के अंपायर द्रस्त्र उज़ैर तथा अजमल हुसैन थे जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार एवं सुभम मेहता ने किया । मैच ऑब्जर्बर डलिया राव तथा लाइजनर ऑफिसर शंभू कुमार सिंह थे। मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय समेत कई लोग उपस्थित थे । रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय लाइजनर ऑफिसर शंभू कुमार सिंह मैच ऑब्जर्वर डलिया राव एवं अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी अक्षित कुमार को भेंट किया।

## रामनवमी त्यौहार में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** रामनवमी त्यौहार में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जयनगर,मरकच्चो, डोमचांच व कोडरमा प्रखंड एवं जिला के विभिन्न स्थानों का दौरा किया गया। इस दौरान विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। सभी दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी अपने कर्तव्य स्थल पर मुस्तैद पाये गये। उपायुक्त स्वयं घूमकर रूट का मुआयना की और विधि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशानिर्देश दिये। उपायुक्त महोदया ने अखाड़ा समिति के सदस्यों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की । उपायुक्त ने अखाड़ा समिति के सदस्यों को तय रूट के अनुसार ही जुलूस निकालने की अपील की । उन्होंने कहा कि रामनवमी का पर्व आस्था का पर्व है, सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मनायें। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी



को निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने वालों पर सतत निगरानी रखें। जुलूस के दौरान ड्रोन के माध्यम से आसामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने अखाड़ा समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि जुलूस के दौरान माइकिंग के माध्यम से अपने वॉलिंटियर को मार्गदर्शित करते रहें और सभी वॉलिंटियर आईडी कार्ड के साथ रहेंगे। जगह जगह पर सीसीटीवी के माध्यम से भी असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, आमजनों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी मैसेज को अग्रसारित करने से पहले सत्यता की पूर्णतः जांच कर लें और अफवाहों पर ध्यान न दें। सभी जिलावासियों से अपील किया गया कि आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनायें। सभी सहयोग अपेक्षित है। उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता अधिरोपित है, ऐसे में त्यौहार मनाने के दौरान इसका ध्यान रखें।पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने सभी पुलिस पदाधिकारी को सजग और सतर्कता के साथ त्योहार संपन्न कराने का निर्देश दिया। उपस्थितिः उपायुक्त के अलावे पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री विजय कुमार सोनी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु एवं विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी मौजूद रहे।

## एचएमएस ने बीजीएच में किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो जेनरल अस्पताल में क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ (एचएमएस) से सम्बद्ध समाजसेवी संगठन क्रान्तिकारी जनसेवक संघ द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्रान्तिकारी जनसेवक संघ के अध्यक्ष हरिनारायण सिंह,बोकारो जेनरल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 विभूति करूणामय,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 श्रवण कुमार तथा मुख्य अतिथि के रूप में क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ (एचएमएस) के महामन्त्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए राजेंद्र सिंह ने बताया कि युनियन के अंगिभूत उक्त समाजसेवी संगठन द्वारा वर्षो से समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा है।रक्तदान को सर्वोत्तम दान माना गया है।पहले रक्तदान के संबंध में कई प्रकार की भ्रान्तियाँ लोगो के मन में थी,मगर आज के शिक्षित और जागरूक नौजवानों ने ऐसे भ्रान्तियों से समाज को मुक्त कर लोगो को रक्तदान के प्रति जागरूक किया है।रक्तदान दाता एवं ग्रहणकर्ता दोनो के स्वास्थ के लिए लाभदायक है।हम रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले सभी जनरक्षक योद्धाओं को हृदय से बधाई देते हैं और समाज के सभी 18 से 60 वर्ष की आयु के लोगों से अपील करते हैं कि रक्तदान से घबरायें नहीं,रक्तदान हीं महादान है। रक्तदान शिविर में रूनझुन सिंह, गजान्नद जी,कमलेश कुमार सिंह, सुशील कुमार, लोकेश कुमार, राकेश कुमार, संतोष कुमार, पप्पु शर्मा, हरिनारायण सिंह, विनोद बिहारी गुप्ता, रामपुकार सहित दर्जनों रक्त वीरों ने रक्तदान किया।

## मारवाड़ी महिला समिति द्वारा कृत्रिम अंगों का वितरण 19 अप्रैल को




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिले की अग्रणी सेवाभावी संस्था मारवाड़ी महिला रामगढ़ शाखा द्वारा आगामी 19 अप्रैल को होटल अरिहंत पैलेस रांची रोड मरार में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के द्वितीय एवं अंतिम चरण का आयोजन किया जा रहा है । पूर्व में 11 मार्च को समिति द्वारा पटना के भारत विकलांग न्यास के चिकित्सकों को बुलाकर विकलांगों के विकलांग अंगों की नापी की गई।इस अवसर पर जानकारी प्रदान करने हेतु प्रेस वार्ता आयोजित की गईद्यप्रेस वार्ता में जानकारी प्रदान करते हुए समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा जैन ने पत्रकारों को बताया कि आगामी 19 अप्रैल को पूर्व में चयनित विकलांगों को कृत्रिम अंग तथा सुनने में अक्षम मरीजों को निशुल्क कान की मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, जरूरतमंदों को बैसाखी एवं छड़ी भी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर प्रेस वार्ता में शामिल विभिन्न समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों को समिति की ओर से उनके योगदान के फलस्वरुप समिति का अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में अध्यक्षा के अलावा सचिव रिद्धि जैन, अरूणा जैन, नेहा मित्तल,मंजू अग्रवाल, सरिता जैन, गरिमा अग्रवाल,मंजू गोयंका,निर्मला अग्रवाल आदि मौजूद थी।

## शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाई गई रामनवमी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** रामनवमी त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में जगह-जगह और मुख्य स्थलों एवं मार्गो में दण्डाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारीयों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। साथ ही आमजनों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात हैं। प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी द्वारा त्यौहार के दौरान सौहार्द बिगाड़ने वाले आसामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है और सोशल मीडिया पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है। ड्रोन के माध्यम से भी आसामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है। जिला नियंत्रण कक्ष 24म7 कार्यरत हैं। पर्व के दौरान किसी भी आकस्मिकता अथवा जानकारी के लिए जिला कंट्रोल कक्ष के संपर्क नं 06534252685 पर संपर्क किया जा सकता है। जिलेवासियों से आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाने की अपील किया गया है।

## सरकारी जमीन अतिक्रमण मामले मे एक व्यक्ति ने दिया अंचल अधिकारी को लिखित आवेदन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोविंदपुर अंचल सरकारी जमीन के मामले में लगातार विवादों में रहा है। इस बार मामला गोविंदपुर अंचल के बॉगसुमा पंचायत अंतर्गत कुरची गांव का है। जहां आवेदनकर्ता अंबिका प्रसाद महतो कुर्ची के निवासी ने आरोप लगाते हुए कहा है की 45 डीसमील सरकारी जमीन को कब्जा करके रखा गया है। इसको लेकर लिखित आवेदन अंचल अधिकारी को दिया। मीडिया से बात करते हुए कहा कि जल्द से जल्द उस जमीन की जांच की जाए जांचों उपरांत सरकारी सूचना बोर्ड लगाया जाए। जब इस विषय पर अंचल अधिकारी से पूछा गया तो उन्होने कहा की किसी भी कीमत पर सरकारी जमीन को कब्जा करने वालों को बक्शा नही जाएगा। अंचल अधिकारी शशि भूषण सिंह ने कहा की हमारे द्वारा कई जगह अतिक्रमण मुक्त भी कराया गया है और आगे भी इसी तरह की कार्यवाई होते रहेगी।

## रामनवमी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राम लला जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर तोपचांची प्रखंड के ढांगी पंचायत अन्तर्गत जोड़ा मंदिर में झारखंड जनहित मोर्चा के सुप्रीमो माना पाठक के द्वारा रामनवमी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। ज्ञात हो कि राम लला जन्मोत्सव को लेकर ढांगी में 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सह नवाहपरायण मानस यज्ञ का आयोजन किया गया था जिसका पूर्णाहुति बुधवार को हुआ। पूर्णाहुति के दौरान महाभण्डारा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि ढांगी स्थित जोड़ा मंदिर 56 वर्षो से राम लला जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। रामनवमी के अवसर में भक्तगणों का मंदिर प्रांगण में हजारों श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ा। भक्त भगवा ध्वज लेकर मंदिर प्रांगण में पहुंचे। वहीं राम नवमी को लेकर गोमो और तोपचांची के विभिन्न हनुमान मंदिरों में भक्तो के पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से ही लोगों का तांता लगा रहा।

## विधायक राज सिन्हा ने लाठी तलवार भांज कर हैरतअंगेज करतब दिखाई

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झरिया के विभिन्न अखाड़ा दलों ने महाष्टमी जागरण के मौके पर हैरतअंगेज अस्त्र शस्त्र कला का प्रदर्शन किया। झरिया के महाबली लव कुश और महाराणा प्रताप दल में भी हर साल की तरह खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज प्रदर्शन कर सबको चकित किया। लव कुश दल और महाराणा प्रताप दल व्यामशाला में अपने-अपने शारीरिक श्रम कर बॉडी बनाने वाले भी मंच पर नजर आए। झरिया वासियों के बीच बॉडी शो प्रदर्शन कर लोगों को अचंभित किया। वहीं धनबाद विधायक राज सिन्हा को महाबली लव कुश अखाड़ा कमीटी के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने पगड़ी व तलवार भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान विधायक राज सिन्हा ने लाठी तलवार भांजकर हैरतअंगेज करतब दिखाए।

## अनुपमा सिंह को धनबाद लोकसभा का कांग्रेस प्रत्याशी बनने पर खुशी की लहर : ब्रजेंद्र

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से अंतर्गत कांग्रेस पार्टी ने अनुपमा सिंह को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया है। यह सुनकर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल हो गया है। कांग्रेसियों ने आशा व्यक्त किया की अनुपमा सिंह धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भारी मतों से विजयी होगी। साथ-साथ अनुपमा सिंह को उन्होने बधाई भी दिया। बधाई देने वालों में प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ल, संतोष सिंह, ए के झा, राशिद राजा अंसारी, जोगिंदर सिंह जोगी। मदन महतो राजेश्वर यादव वैभव सिन्हा, अनवर शमीम, प्रभाकर नोनिया, रूपेश सिंह; मनोज यादव, डीएन यादव, मनोज हादी सहित सैकड़ो कांग्रेसियों ने बधाई दिया है।

## धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है । गाड़ी संख्या 02395/02396 धनबाद-आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल (कोडरमा-गया-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते)= गाड़ी संख्या 02395 धनबाद-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 19.04.2024 को धनबाद से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 02396 आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 20.04.2024 को आनंद विहार से 19.20 बजे खुलकर अगले दिन 16.54 बजे धनबाद पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 एवं शयनयान श्रेणी के 19 कोच होंगे।

## कोर्ट रोड, गिरिडीह स्थित पूनम सीमेंट हाउस के पास कार ने टोटो में मारी ठोकर, दो घायल

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोर्ट उर्फ कचहरी रोड स्थित पूनम सीमेंट हाउस गिरिडीह के पास बुधवार सुबह एक कार ने एक टोटो को जोरदार तरीके से ठोकर मार दी। जिससे टोटो में सवार दो लोग बुरी तरह से घायल हो गए। दोनों को तुरंत उठा कर पास में ही इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह में भर्ती कर दिया है। बताया गया कि मोहनपुर निवासी जमुना दास एक टोटो में सवार होकर कोर्ट-कचहरी की ओर आ रहा था। तभी पूनम सीमेंट हाउस के पास एक कार ने इनके टोटो में ठोकर मार दी। जिससे टोटो में सवार जमुना दास और टोटो चालक मोहम्मद नसीम घायल हो गया। इन्हे वहीं के स्थानीय लोगों ने तुरंत उठाकर सदर अस्पताल लाया और भर्ती कर दिया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। वही धक्का मारने वाले वाहन और टोटो को नगर पुलिस कब्जे में लेकर उसे थाने ले गई है और आगे की करवाई में जुट गई है।

## 13 अखाड़ा संचालक ने कई स्थानों पर बेहतर खेल का प्रदर्शन किया



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामनवमी मे जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के 13 अखाड़ा संचालक ने क्षेत्र के कई स्थानों पर बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है।बजरंग दल पाथरडीह प्रखंड महतो बस्ती डिगवाडीह 12 नम्बर स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में युवाओं ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया है। आयोजन कर्ता में दिलीप गिरी, संदीप दता, अभिजीत गोराई, रोहन हरि, गोपी रजक, परलाद बाउरी, आकाश खेतरपाल आदि शामिल है। डिगवाडीह घटवार बस्ती पंचमुखी हनुमान मंदिर से युवाओं की टोली अखाड़ा संचालन कर्ता शंकर साव, दिनेश यादव, एम के ठाकुर के नेतृत्व में बेहतर खेल का प्रदर्शन किया गया है। इस अवसर पर भव्य शोभा यात्रा महाबिरी झंडा के साथ निकाला है। यात्रा को नगर भर्मण कराया गया। बरारी मोड़ जेलगोड़ा हनुमान मंदिर से लेकर डिगवाडीह तक यात्रा को निकाला गया है। फुसबंग्ला दुर्गा मंदिर भागा स्टेसन रोड हनुमान मंदिर के प्रांगण में भव्य खेल का प्रदर्शन किया गया है। झण्डा का पूजा अर्चना अशोक झा पंडित ने किया है। जामाडोबा अस्पताल के निकट भव्य स्टेज का आयोजन जोड़ापोखर शान्ति समिति द्वारा किया गया है। उक्त स्थल पर जामाडोबा 4 नम्बर, कालीमेला, जीतपुर तिवारी बस्ती, बाबूबसा, डुमरी 2,3,4 नम्बर में स्थित हनुमान मंदिर में खेल का बेहतर प्रदर्शन किया गया है। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा दंडाधिकारी एवम भारी पुलिस बल मौजुद हैं।

# झगराही गांव मे ब्राह्मण परिवार कर रहे 300 साल से चैती दुर्गापूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद कोयलांचल में रामनवमी, चैती दुर्गापूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। विभिन्न स्थानों में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जा रही है। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तैयारी कर रखी है। 7 जोन में जिले को बाटा गया1 है।सभी जगह जोनल दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है।ड्रॉन कैमरे से उपद्रवियों पर नजर रखी जा रही है। धनबाद जिले के बरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत झगराही गाँव मे ब्राह्मण परिवार 300 साल से चैती दुर्गापूजा कर रहे है। वैष्णवी विधि विधान से बंगला पत्रिका के अनुसार पाँच दिवसीय पूजा का आयोजन किया जाता है। पूजा का खर्च ब्राह्मण परिवार खुद से करते है। कही से कोई चंदा नही लिया जाता है। नवमी के दिन विशेष हवन पूजा मंदिर परिसर में किया जाता है।सभी ब्राह्मण परिवार धोती पहनकर हवन में शामिल होते है। बुजुर्ग से लेकर युवा सभी धोती पहनकर हवन में शामिल होते है। मंत्रोच्चार से पूरा परिवार भक्तिमय हो जाता है। मंदिर के अंदर नवमी पूजा तक केवल पुरुष प्रवेश करते है। महिला श्रद्धालु मंदिर के अंदर दशमी के दिन प्रवेश करते है। नवमी और दशमी के दिन मंदिर परिसर में मेला लगता है। जहां आस पास के साथ दूर दराज से लोग घूमने पहुँचते है।

## साबिले हुसैन ट्रस्ट ने ढुल्लू महतो को दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** ऑल इंडिया साबिले हुसैन ट्रस्ट के अध्यक्ष आरिफ रजा कादरी और सोहेल कुरेशी ने भारतीय जनता पार्टी के द्वारा धनबाद के सांसद प्रत्याशी बनाए जाने पर ढुल्लू महतो को उनके आवास पर जाकर पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वही ढुल्लू महतो ने सभी का आभार प्रकट किया। मौके पर मो फैजान खान, मो उजैर आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण विस्थापित रैयत मोर्चा का प्रतिनिधीमण्डल मथुरा प्रसाद से मिला, महतो दिया समर्थन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** ग्रामीण विस्थापित रैयत मोर्चा दुगदा के दर्जनों की संख्या मे आदीवासी समुदाय का एक प्रतिनिधीमण्डल विधायक झारखण्ड सरकार सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह महागठबन्धन के प्रत्यासी मथुरा प्रसाद महतो से उनके आवास मे मिलकर रैयतों के समस्यों से सम्बन्धित स्मार पत्र समर्पित किया और कहा की इस लोक सभा चुनाव मे आपके जित तय करने के लिए रैयत मोर्चा तन-मन-धन से मदद करने का काम करेगी द्व श्री महतो ने तुरन्त प्रतिनिधीमण्डल के समस्यों को संज्ञान मे लेते हुए अधिकारीयों से वार्ता कर समाधान करने को कहा । मौके पर प्रतिनिधीमण्डल मे सीपीआई के नेता हैदर अन्सारी, श्यामलाल माँझी, बैजनाथ सोरेन, मनसा सोरेन, बानेश्वर सोरेन, बेताव सोरेन, विजय मुर्मु, शंकर सोरेन, अब्दुल अन्सारी, दिनेश ठाकुर, सुनिल बास्के, नरेश सोरेन, सुरेन्द्र हेम्ब्रम, अरूण देव बास्के, सन्तोष कर्मकार, कंचन गोप, आजाद गोप, कैलाश



ठाकुर, कुलदीप महतो, राजु महतो, सत्येन्द्र महतो, सन्तोष महतो, राजेश महतो, रंजित महतो, अजय यादव, धमेन्द्र यादव, संदीप यादव, विकास यादव, लखेन्द्र मुण्डा, संजय रजवार, गौतम गोप, भोला महतो, विवेक महतो, मंजित महतो, चन्दन महतो, शशी यादव, बैद्यनाथ सोरेन, विजय यादव, किशोर गोप,महाबीर सोरेन, सोहराय सोरेन, संतोष महतो, सामील थे द्वर ।

## सहरसा से नई दिल्ली एवं धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा सहरसा से नई दिल्ली एवं धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है।

1.गाड़ी संख्या 05557/05558 सहरसा-नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस स्पेशल (बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते)= गाड़ी संख्या 05557 सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 18.04.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 05558 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 19.04.2024 को नई दिल्ली से 10.00 बजे खुलकर अगले दिन 10.00 बजे सहरसा पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 18 कोच होंगे।

2.गाड़ी संख्या 02395/02396 धनबाद-आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल (कोडरमा-गया-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते)= गाड़ी संख्या 02395 धनबाद-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 19.04.2024 को धनबाद से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 02396 आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल को आनंद विहार से 19.20 बजे खुलकर अगले दिन 16.54 बजे धनबाद पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित शयनयान श्रेणी के 19 कोच होंगे।

## सर जेसीबोस गर्ल्स स्कूल में मायुमं ने किया अमृत धारा का निर्माण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** मारवाड़ी युवा मंच द्वारा श्री केडिया जनकल्याण ट्रस्ट के सहयोग से सर जेसी बोस गर्ल्स स्कूल के कैम्पस व कैम्पस के बाहर स्कूल एवं हॉस्टल में पढ़ने वाले बच्चों और राहगीरों के पीने के लिए शीतल जल सुविधा के साथ प्याऊ अमृतधारा का निर्माण किया गया। जिसका विधिवत् उद्घाटन प्रसिद्ध संगीत सम्राट पंडित शम्भू दयाल केड़िया व प्रधानाचर्या मुन्ना कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रधानाचार्य मुन्ना कुशवाह, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष राहुल केडिया, सचिव अंकित सरावगी, पूर्व अध्यक्ष चंदन केडिया, सरवन केडिया, राजू बगड़िया, निर्मल झुनझुनवाला, ध्रुव संथालिया, प्रमोद अग्रवाल, जीवन राम अगरवाल, विकास खेतान, बांके बिहारी शर्मा, दिनेश खेतान, सजन केडिया, बिनोद केडिया, सुनील मोदी, डॉक्टर राम रतन केडिया, निखिल झुंझुनवाला, सोनू केडिया, रवि क्याल, विकाश केडिया सहित कई लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर की उपस्थिति में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में बालिका प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बलियापुर की ईएलसी सदस्य छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय से प्रारंभ होकर कुम्हार टोला पहुंची वहां से मस्जिद ओला होते हुए लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय की। यह रैली बलियापुर पश्चिम पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 315, 316 एवं 317 क्षेत्र के मतदाताओं को जागरुक करते हुए आगामी 25 में को मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निकल गई। छात्राओं द्वारा स्लोगन एवं स्वाइप प्रचार सामग्रियों से मतदान करने का संदेश दिया गया। साथ ही स्वीप के अन्य कार्यक्रम बुनियादी विद्यालय बीआईटी सिंदरी में भी छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता को लेकर रैली का आयोजन किया गया। सिंदरी नगर निगम क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 393, 394 एवं 396 डोमगढ़ में बीएलओ द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सभी शिक्षकगण सहित क्षेत्र के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।




## गर्मी के मौसम में आग की रोकथाम के लिए डीडीएमए ने जारी की एडवाइजरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गर्मी के मौसम में अस्पतालों, नर्सिंग होम सहित अन्य प्रतिष्ठानों में आग की रोकथाम के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार (डीडीएमए) ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से एडवाइजरी जारी की है। इस संबंध में अपर समाहर्ता सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, धनबाद विनोद कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में अस्पतालों, नर्सिंग होम सहित अन्य प्रतिष्ठानों में आग से सुरक्षा एवं रोकथाम के लिए भारत सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। जिसका अनुपालन करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि एडवाइजरी में सभी अस्पताल, नर्सिंग होम सहित अन्य प्रतिष्ठानों में सक्रिय अग्नि-सुरक्षा उपकरणों का ठीक से काम करना, उसका नियमित रखरखाव व परीक्षण करना, डॉक्टरों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित ब्रीफिंग और अस्पताल के कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना, बेसमेंट में दहनशील पदार्थ, बैटरी बैंक आदि का स्टोरेज नहीं करना, आपातकालीन निकासी मार्गो को आपातकाल में उपयोग के लिए खाली रखना,



नियमित रूप से आपातकालीन निकासी और मॉक फायर ड्रिल करना, इलेक्ट्रीकल लोड के इनपुट-आउटपुट लोड को संतुलित रखना और इलेक्ट्रीकल ऑडिट कराने के साथ साथ मल्टी-प्लग, ओवरलोडिंग पावर स्रोतों आदि के उपयोग से बचने की सलाह दी गई है। अपर समाहर्ता ने एडवाइजरी का पालन कराने के लिए सिविल सर्जन एवं जिला अग्निशमन पदाधिकारी को सभी अस्पताल, नर्सिंग होम व अन्य प्रतिष्ठानों में आग से सुरक्षा और रोकथाम से संबंधित किए गए उपायों की जांच करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

## समाजसेवी सप्पू महतो के नेतृत्व में पांच हैंडपंप का किया गया मरम्मत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गर्मी के दिनों में मनईटांड़ बस्ती में पेयजल की समस्या प्रत्येक वर्ष उत्पन्न होती है। लोगों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। सप्लाई वाटर भी प्रतिदिन समय अनुसार जल नहीं देता है। यहां तक की यहां जितने भी सरकारी हैंडपंप लगे हैं, अधिकतर खराब है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए और लोगों से अवगत होकर स्थानीय समाजसेवी सप्पू महतो के नेतृत्व में बुधवार को करीबन पांच हैंड पंप को सफलतापूर्वक बनवाया गया। हैंड पंप में जो भी सामान खराब था, उसे निजी रकम देकर लगाया गया। सप्पू महतो ने बताया कि मनईटांड़ में पानी की अत्यंत समस्या है। इस समस्या को लेकर गत वर्ष सैकड़ों महिला, पुरुष, बच्चे व बुजुर्ग के साथ रणधीर वर्मा चौक पर धरना भी दिया गया था। ?पेयजल विभाग, नगर निगम, उपायुक्त आदि को ज्ञापन सौंपा गया था। लेकिन अभी तक किसी प्रकार का पहल नहीं यह किया गया है। पानी की समस्या को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से निवेदन है कि जल्द इस समस्या को दूर किया जाए। ताकि स्थानीय निवासी को राहत मिल सके। मौके पर राहुल कुशवाहा, रवि सोनी, सैंडी सोनी, दीपक प्रमाणिक, विकेश भगत, बिट्टू कुमार आदि मौजूद थे।



## झामुमो के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने संयूक्त रूप से जनसम्पर्क अभियान चलाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** झारखण्ड प्रदेश कॉंग्रेस वे कार्यकारी अध्यक्ष सह पुर्व मंत्री जलेश्वर महतो व गिरिडीह लोक सभा से झामुमो के प्रत्याशी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बुधवार को संयूक्त रूप से लोहापट्टी मोड़ मे जनसम्पर्क अभियान चलाया द्व इस दौरान आश्रम के श्रधालुओं से मिले और मन्दिर का दर्शन का आशिर्वाद प्राप्त किये । इस अवसर पर श्री महतो व्दुय ने लोगों से अपील करते हुए कहा की भ्रष्ट भाजपा सरकार से देश को मुक्ति दिलाने के लिए एकता होकर इण्डिया गठबन्धन के समर्थित उम्मीदवार को तीर धनुष छाप पर वोट देकर विजय बनावें । मौके पर पुर्व मुखिया छोटेलाल महतो, सुबोध महतो, गंगाधर महतो, अधिवक्ता सुखदेव महतो, डॉ0उमेश महतो, रामचन्द्र रवानी, दिपक महतो, एम राय, राथु महतो, नारायण महतो, सामसुदीन अन्सारी, अब्दुल हुसैन अन्सारी, मुमताज अन्सारी, अलाउद्दीन अन्सारी, आदि मौजुद थे ।

## स्वीप कोषांग के पदाधिकारियों ने झरिया के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह एवं डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन के ने कम मतदान प्रतिशत वाले झरिया के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान वोटर अवेयरनेस फोरम के तहत नोडल पदाधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग,जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया गया। साथ ही स्वीप के पदाधिकारियों द्वारा ऑन द स्पॉट कई लोगों का फॉर्म 6 भी भरा गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विनीता कुमारी समेत बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइज़र एवं अन्य मौजूद रहे।



# मूर्ति हटाने को लेकर बवाल, पुलिस ने संभाला मोर्चा, दो से चल रही पुछताछ



**जमीन विवाद से जुड़ा है मामला, छानबीन कर रही पुलिस**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत तलवाडांगा में बुधवार को मूर्ति हटाने को लेकर बवाल मच गया। लोग सड़क पर उतर आए और जमकर विरोध किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने इसे धार्मिक भावनाओं को आहत करने की बात करते हुए दोषियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। पुलिस की ओर से मामला जमीन विवाद से जुड़े होने की बात कही गई। इस दौरान स्थानीय प्रवीण कुमार ने पत्रकारों को बताया कि करीब बीस साल पहले मंदिर में बजरंगबली की मूर्ति की स्थापना की गई थी। इसके बाद निरंतर पूजा-अर्चना होती आ रही है। इससे हिंदू धर्मावलंबियों का आस्था जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि मोहल्ले के ही शिवरतन सरकार और विनय कुमार साह ने अखाड़ा समिति के अध्यक्ष सुमंतो दास एवं अन्य लोगों को मंगलवार की रात करीब 10:30 बजे मूर्ति हटा लेने की बात कही। इसके बाद सुबह मंदिर से मूर्ति गायब मिला। अध्यक्ष और स्थानीय लोगों ने मुझे जानकारी दी कि मंदिर से मूर्ति गायब है। मैंने अध्यक्ष एवं दूसरे लोगों से जानकारी लेने पर बताया कि रात को ही शिव रतन सरकार और विनय कुमार साह ने मूर्ति हटा लेने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी प्रशासन को दी गई। प्रशासन ने स्थल पर आने का आश्वासन दिया। पुलिस आई भी और पुलिस के सामने ही शिवरतन सरकार ने दबंगई दिखाते हुए धमकी देकर चला गया। उन्होंने कहा कि शिव रतन सरकार और विनय कुमार के द्वारा ही मूर्ति को हटाया गया है। पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हम हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया गया है। आस्था पर प्रहार किया गया है। इसलिए दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग करते हैं। इधर एसडीपीओ डीएन आजाद एवं नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीपीओ डीएन आजाद ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बूझाकर शांत कराने का प्रयास किया। इसी बीच ग्रामीणों के लिखित शिकायत और मांग पर शिवरतन सरकार और विनय कुमार को हिरासत में लिया गया। इस दौरान पुलिस हिरासत में लिए गए शिवरतन सरकार पर स्थानीय कुछ युवाओं ने हमला कर दिया। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से शिवरतन सरकार को ग्रामीणों के बीच से निकालकर थाना पहुंचा। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। हालांकि पुलिस मामले को जमीन विवाद से जुड़े होने की बात कह रही है और जांच में जुट गई है। एसडीपीओ डीएन आजाद ने कहा कि मामला जमीन विवाद और धार्मिक भावनाओं से जुड़ा हुआ है। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

2.ह्लह्डङ्घ्द्वद्गठ्ठह्लह्य

## धूमधाम से मनाया गया रामनवमी का त्योहार

# जय श्रीराम के नारों से गूंजा शहर





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** जिले में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी का त्योहार बुधवार को आस्था के साथ धूमधाम से मनाया गया। पर्व को लेकर कई जगहों पर ध्वजा लहराया गया, वहीं शोभायात्रा भी निकाली गई। वहीं भक्ति गीत से पूरा इलाका गुंजायमान रहा। भगवान श्रीराम के जयकारों से इलाका भक्तिमय हो गया।इस दौरान लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। मान्यताओं के अनुसार असुरों के राजा रावण को संहार करने के लिए भगवान विष्णु ने त्रेता युग में भगवान राम के रूप में सातवां अवतार लिया था। चैत्र मास की नवमी को अयोध्या के राजा दशरथ की पहली पत??नी कौशल्या ने भगवान राम को जन्म दिया था। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म दिवस को रामनवमी के रूप में मनाने की परंपरा है। इधर रामनवमी के अवसर पर शहर के रेलवे कॉलोनी से श्री श्री 108 बजरंगबली अखाड़ा समिति की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए। इनमें समिति के सदस्य सोहन मंडल, मुरारी मंडल, हिसाबी राय, रुपेश राम, सुशील साह, अशोक मंडल, अनिकेत गोस्वामी आदि शामिल थे। शोभायात्रा पूरे शहर का भ्रमण किया। शोभायात्रा में शामिल रामभक्तों ने जय श्रीराम के गगनचुंबी नारे लगाए। पूरा शहर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। इस दौरान जगह-जगह रामभक्तों के लिए शरबत की व्यवस्था की गई। शरबत बनाकर रामभक्तों को पिलाया गया। इस अवसर पर मंदिरों को बेहद ही खूबसूरत तरीके से सजाया गया था। पूरा शहर भगवा झंडा और हनुमान की तस्वीरों से पाट दिया गया था। हर तरफ जय श्रीराम के नारे गूंज रहे थे। इधर शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी पर्व संपन्न कराने में प्रशासन की सराहनीय भूमिका रही। प्रशासन ने भाईचारा और सौहार्द के बीच रामनवमी पर्व संपन्न कराया। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पैनी नजर बनाई हुई थी। उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बर्णवाल एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार खुद नजर बनाए हुए थे। एसडीपीओ डीएन आजाद भी लगातार नजर बनाए हुए थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारियों ने शांतिपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने के लिए काफी मेहनत की। इधर शहर में जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। पुरुषों के अलावा महिला पुलिस बल भी तैनात थी। पेट्रोलिंग पार्टी लगातार गस्ती कर रही थी। अखाड़ा जुलूस के दौरान पुलिस की टीम आगे पीछे चल रही थी। प्रशासन की नजर सोशल मीडिया पर भी थी। इस तरह रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में प्रशासन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मेला का आयोजन



**मंडरो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चैत्र नवमी के दिन चैती दुर्गा मंदिर नयाटोला हाजीपुर मिर्ज़ाचौकी में भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तो ने मंदिर में पहुंचकर मां की पूजा अर्चना की तथा नौ दिनो का नवरात्र व्रत रखने वाले लोगो ने मंदिर परिसर में बने हवन कुंड में हवन किया। वही मुख्य यजमान अजीत साह एवम उनकी धर्मपत्नी सुशीला देवी दुर्गा पाठ संपन्न कर हवन कर कन्या भोज का आयोजन किया गया। चैती दुर्गा पूजा समिति नयाटोला हाजीपुर मिर्जाचौकी द्वारा मंदिर परिसर व मेला में सुरक्षा की दृष्टिकोन से चारो तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है, मेले में घूमने वाले श्रद्धालुओं के लिए पूरे मेला में वाई-फाई फ्री नेट का सेवा पूजा समिति के द्वारा संचालन किया गया है। और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मेला का भव्य आयोजन किया गया है। मेला में ब्रेकडांस, तारामाची, नाव समेत अन्य बच्चो का मनोरंजन का झूला लगा हुआ है। उद्घोषक की भूमिका में बालेश्वर भगत अपनी कीमती समय दे रहे है। मौके पर चैती दुर्गा पुजा समिति के सचिव बबलू मिश्रा उर्फ संजय मिश्रा, उपाध्यक्ष इंद्रजीत मंडल, कोषाध्यक्ष जय गोपाल घोष, अरूण सिंह, रामानंद चौरसिया, रामानंद सिंह, सिंटू चौरसिया, राजेश राम,शशि शेखर, माखन यादव, टिंकु ठाकुर, देवकुमार यादव, पंकज मंडल,सागर चौरसिया, बासन पासवान, बिक्की यादव, गौतम राम,विष्णु यादव, संजय यादव, हीरा यादव, रौशन पाठक,राजा गोस्वामी, अंकित सुमन , सिंटू साह,धर्मेंद्र यादव समेत अन्य पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## पत्थर खदान से बरामद शव की हुई शिनाख्त

**महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रद्दीपुर ओपी के सुंदरपहाड़ी स्थित बंद पड़े पत्थर खदान से बीते 17 अप्रैल को एक अज्ञात बुजुर्ग महिला का शव बरामद के मामले में महिला की पहचान हो गया है। मृतक की पहचान ओपी क्षेत्र के खारूटोला गांव निवासी 55 वर्षीय धनमुनी किस्कू के रूप में हुई है। घटना को लेकर मृतक के पति महेंद्र सोरेन ने बीते कल देर शाम थाना में यूडी कांड दर्ज करवाया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि उसकी पत्नी का कुछ दिनों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। इसी दौरान सुंदर पहाड़ी स्थित सियाराम साव के पत्थर खदान में पहुंच गई थी। जहां डूबने से उसकी मौत हो गई थी। आवेदन में उल्लेख किया है कि इस घटना में किसी का कोई दोष नहीं है।

## रामनवमी के शुभ अवसर पर शिकारीपाड़ा के बजरंगबली मंदिरों में की गई विशेष पूजा अर्चना

**शिकारीपाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शिकारीपाड़ा रामनवमी के पावन अवसर पर शिकारीपड़ा प्रखंड के विभिन्न बजरंगबली मंदिरों में हर्षो उल्लास के साथ विशेष पूजा अर्चना की गई। शिकारीपड़ा प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी पर विशेष पूजा अर्चना शिकारीपड़ा प्रखंड के सभी मंदिरों में पंडित पुरोहितों के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा संपन्न कराई जाती हैं। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया जाता है।

## तीनपहाड़ में रामनवमी पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तीनपहाड़/साहिबगंज :** रामनवमी के शुभ अवसर पर श्री रामनवमी शोभायात्रा समिति तीनपहाड़ के द्वारा 17अप्रैल 2024 दिन बुधवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा श्री राम चौक रामपुरा से आरंभ होकर बाबूपुर होते हुए तीनपहाड बाजार सहित आसपास गांव भ्रमण किया गया।शोभा यात्रा में श्री राम भक्तों द्वारा लगाए गए नारे*एक ही नारा एक ही नाम,जय श्रीराम,जयश्रीराम के उद्घोष से तीनपहाड़ शहर की गलियां गूंज उठी।इस दौरान शहर में शोभायात्रा में भगवा ध्वज लिए सैकड़ों युवा भगवान राम के जयकारे लगा रहे थे।वही इस दौर में महिलाएं कैसे पिछे रह सकती थी,शोभा यात्रा में शामिल महिलाएं एवं कन्याएं भी प्रभु श्री राम की जयकारा लगाते हुए श्री राम जी की भक्ति में लग्न थी। वही निकाली गई शोभायात्रा में शामिल झांकियां भी आकर्षण का केन्द्र रही। वही इस शोभा यात्रा में अयोध्या राम मंदिर के तर्ज पर बने राम मंदिर की झांकी एवं रथ शोभा यात्रा की सोभा बड़ा रहे थें। वही मौके श्री रामनवमी शोभायात्रा समिति तीनपहाड़ के सदस्यगण कमल गुप्ता, चंदन श्रीवास्तव, सिद्धार्थ यादव, राहुल यादव, बबलू दास, अमन साहा, राजा गुप्ता, गोपल राउत, बलराम सिंह, सन्नी सोनी, राजू भगत, पिंटु यादव, रतन दास, गोपी कुमार, हरि महतो, जितेंद्र कुमार, करण कुमार, सहित अन्य लोग शामिल थें।

## रामनवमी के अवसर पर निकाला गया भव्य जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उधवा :** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच गाजे-बाजे के साथ रामनवमी जुलूस निकाली गई। रामनवमी के मौके पर उधवा, फुदकीपुर, कटहलबाड़ी, बेगमगंज, राधानगर, आतापुर, मसना, अमानत दियारा सहित विभिन्न इलाकों के बजरंग बली मंदिरों में विधिवत पूजा अर्चना की गई तथा ध्वजारोहण किया गया। जानकारी के अनुसार पूर्वी उधवा पंचायत के उद्धवमुनि आश्रम से मां युवा क्लब के द्वारा रामनवमी जुलूस निकाली गई। जो जंगलपाड़ा,कचहरी घाट,सोमवारी हाटपाड़ा,पाकीजा मोड़,उधवा चौक होते हुए मोहनपुर चौक पहुंचकर जुलूस समाप्त हुआ। वहीं दक्षिण बेगमगंज रामनवमी अखाड़ा समिति के द्वारा सीताराम टोला हनुमान मंदिर से रामनवमी जुलूस निकाली गई। जो उत्तरी बेगमगंज पंचायत के विभिन्न गांव भ्रमण करते हुए राधानगर दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचकर जुलूस समाप्त हुआ। वहीं अमानत दियारा पंचायत में रामनवमी जुलूस निकाली गई। जुलूस में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस दौरान रामभक्तों ने जय श्री राम, हर-हर महादेव के नारे लगाएं। एक ही नारा, एक ही नाम, जय श्री राम, जय श्री राम के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। रामनवमी जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। चौक-चौराहों पर पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, एसआई रूपेश कुमार यादव, जय बहादुर सिंह सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

# शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

## 3 वर्षों से पीड़िता के साथ था संबंध में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा :** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम झुनकी निवासी मीर हुसैन पिता मताउद्दीन मियां को शिकारीपाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । थाना कांड संख्या 33/24 में अंकित कांड के अनुसार थाना क्षेत्र के ही एक ग्रामीण लड़की के साथ आरोपी मीर हुसैन का 2020 से ही संबंध रहा है और शादी का प्रलोभन देकर उसने युवती के साथ शारीरिक संबंध स्थापित कर लिया। परंतु जब आरोपी युवक अपने बात से मुकर गया तो पीड़िता ने शिकारीपाड़ा थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। शिकारीपाड़ा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया एवं न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## आईपीएल सट्टेबाजों को चिंहित कर कार्रवाई की मांग की





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने आईपीएल के सट्टेबाजों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी इलाकों में आईपीएल में सट्टेबाजी का धंधा कई सालों से चल रहा है। इसमें गरीब, मजदूर, दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी कमजोर वर्ग के युवा सटोरियों के प्रभाव में आकर बर्बाद हो रहे हैं। आईपीएल के सट्टेबाजी से युवा कर्ज में डूब रहे हैं। आर्थिक तंगी से परेशान होकर घर परिवार छोड़ने पर भी बेबस हो रहे हैं। जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि सूत्रों से पता चला है कि जिले के कई इलाकों में सट्टेबाजी का खेल फल-फूल रहा है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से सट्टेबाजों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही पुलिस अधीक्षक महोदय से मुलाकात कर इस विषय को रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक महोदय को सट्टेबाजी के खेल में जुड़े सटोरियों को लेकर संज्ञान में दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण इलाकों में कई लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। इनमें ग्रामीण इलाकों से ईलामी, रहसपुर, चंद्रपाड़ा, चांचकी, नारायणखोर के सटोरिया शामिल हैं। ये लोग युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं और खुद मालामाल हो रहे हैं। जिला और पुलिस प्रशासन ने जिस तरह लॉटरी के खिलाफ अभियान चला रखी है और लगातार सफलताएं मिल रही है, उसी तरह आईपीएल के सट्टेबाजों के खिलाफ भी अभियान चलाने की जरूरत है।

# महेशपुर : मतदान केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महेशपुर :** भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार ने लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय छोटा हिरणपुर, प्राथमिक विद्यालय नवपाड़ा, प्राथमिक विद्यालय अमलादाहा, प्राथमिक विद्यालय भेंटाटोला सहित अन्य मतदान केन्द्रों का वस्तु स्थिति का जायजा लिया एवं शौचालय, बिजली, पेयजल, रैंप, पंखा, चार्जिंग प्वाईट आदि का सत्यापन किया। साथ ही बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव को वैसे सभी विद्यालय जो बूथ केंद्र बनाए गए हैं। उन सभी विद्यालयों के भवनों में बिजली, शौचालय, पेयजल सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीआरओ प्रसेनजित मंडल, कनीय अभियंता रंजीत मंडल के अलावे अन्य मौजूद थे।

## कलश यात्रा के साथ हरिनाम संकीर्तन शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हिरणपुर :** प्रखंड के रानीपुर में ग्रमीणों के द्वारा रामनवमी के अवसर पर 24 प्रहर व्यापी हरिनाम संकीर्तन शुभारंभ के पूर्व कुवांरी कन्याओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो भजन कीर्तन करते हुए गाजे-बाजे के साथ परगना नदी से कलश में जल भरकर पुरे गांव का परिक्रमा किया। इसके बाद रानीपुर सरस्वती मन्दिर तक पहुंचे। वहीं बुधवार संध्या अधिवास के साथ 24 प्रहर हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। जो आगामी 20 अप्रैल तक होगी। इसके पश्चात 21 अप्रैल को कुंजभंग धुलेट होगा। इस कलश यात्रा में मुख्य रूप से अमृत पांडेय, दानियल किस्कू, कैलाश सिंह, जयंत मंडल, आशुतोष मंडल, मिथुन सिंह, धर्मेंद्र मंडल, दशरथ मंडल श्याम सिंह, लीलु सिंह, जगदीश भगत, राहुल तिवारी, जितेंद्र साहा, गंगा राम साहा, मोहनलाल साहा, सपन मंडल, कैलाश मंडल, विफल मंडल, आकेश मंडल, कृष्ण मंडल, अचिन्त मंडल, अजय सिंह, पलटन सोरेन, अंकुर मंडल, दयानंद मंडल, हीरालाल मंडल, प्रहलाद मंडल, उज्ज्वल मंडल आदि मौजूद रहे।

## लॉटरी जब्ती मामले में शामिल धंधेबाजों पर कब तक होगी कार्रवाई, उठ रहे सवाल

# गिरफ्तारी की उठ रही मांग, ताकि तबाह होने से बचें हिरणपुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** अवैध लॉटरी जब्त मामले में शामिल धंधेबाजों पर कार्रवाई में हो रही देरी से आम लोगों के जेहन में सवाल उठने लगे हैं। एफआईआर में नाम आने के बाद गिरफ्तारी की मांग भी उठने लगे हैं। लोगों में यह सवाल उठने लगे हैं कि आखिर इनकी गिरफ्तारी कब तक होगी।कार्रवाई में हो रहे देरी को लेकर लोगों के मन में तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं।लोगों का कहना है कि हिरणपुर को बर्बाद होने से बचाने के लिए लॉटरी के धंधेबाजों की गिरफ्तारी जरूरी है। हालांकि पुलिस को अवैध लॉटरी के धंधे में कोई भी समझौता मंजूर नहीं होगा। आम लोगों की आकांक्षाओं के मुताबिक पुलिस लॉटरी के धंधेबाजों के खिलाफ कार्रवाई जरूर करेगी।

उल्लेखनीय है कि हिरणपुर थाना क्षेत्र के चौड़ा मोड़ चेक पोस्ट में 14 अप्रैल को पुलिस ने एक कार से भारी मात्रा में तकरीबन 17 लाख रुपए कीमत की लॉटरी बरामद किया था। इस कार्रवाई में कार चालक हिरणपुर के सुंदरपुर के रहने वाले सोनू कुमार स्वर्णकार को भी गिरफ्तार किया गया था। पुलिस की पूछताछ में सोनू ने हिरणपुर के सात लोगों का नाम लिया था। जिनके पास लॉटरी पहुंचाया जाना था। लॉटरी साहिबगंज जिले के गुमानी के रहने वाले सौरभ कुमार के पास से लाया जा रहा था। गिरफ्तार सोनू ने पुलिस को जो बयान दिया था, उसके मुताबिक गुमानी के सौरभ कुमार ने हिरणपुर के सात लोगों को लॉटरी पहुंचाने का जिम्मा दिया था।

इनमें तोड़ाई के देवा मंडल, श्यामल मंडल, बिट्टू भगत, आकू शेख, मनोज लू, महादेव रक्षित एवं विपिन कुमार का नाम शामिल है। अवैध लॉटरी में इन लोगों के नाम का एफआईआर में स्पष्ट रूप से जिक्र किया गया है। सूत्रों के मुताबिक अवैध लॉटरी के माध्यम से लूट मचा रखी है। हिरणपुर को बदनाम और बर्बाद करने में तुले हुए हैं। पत्थर खदान और क्रशरों में काम करने वाले मजदूर, ट्रक व हाईवा चलाने वाले ड्राइवर व खलासी, मध्यम वर्ग के युवाओं को षड्यंत्र के तहत प्रलोभन देकर लूटने का काम किया जा रहा है। लोगों का मानना है कि अगर इन धंधेबाजों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो मनोबल और भी बढ़ जाएगा। पुलिस को चुनौती देने वाले ऐसे धंधे में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई जरूरी है।

